


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख कृष्ण पक्ष 01, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 24 अप्रैल 2024, वर्ष-30, अंक- 186, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 70,740

चांदी (1 किलो) 80,470

**एक नजर**

### लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक के रास्ते को रखें खाली, अतिक्रमण न होने दें : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से मौखिक कहा कि लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक के रास्ते को खाली रखें। इस सड़क का अतिक्रमण न होने दे। रांची नगर निगम के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि लालपुर में नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट करने के बाद बचे स्थान पर अभी सब्जी विक्रेताओं को रखा जाएगा। सब्जी विक्रेताओं को सड़क से काफी दूर रहने को कहा गया है। दो माह में सब्जी विक्रेताओं के लिए डिस्टलरी पुल के निकट वेंडर मार्केट बनने पर उन्हें वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा।

### जस्टिस विक्रमादित्य कमेटी की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने झारखंड विधानसभा एवं राज्य सरकार से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने के बाद की गई कार्रवाई की फाइल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट इन दोनों से जानना चाहती है कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने पर सरकार और विधानसभा ने आगे क्या प्रक्रिया अपनाई थी। मामले में कोर्ट ने राज्यपाल के प्रधान सचिव को प्रतिवादी बनाया है।

**आज के मैच**




समय : 24 अप्रैल, 7:30 बजे से

स्थान : दिल्ली में

**आजकल**




## अर्जुन मुंडा के नामांकन में शामिल हुए रक्षा मंत्री राजनाथ, जोबा और कालीचरण के नामांकन में मौजूद रहे सीएम

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, कालीचरण मुंडा, जोबा मांझी व कामेश्वर बैठा सहित 11 ने किया नामांकन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हनुमान जयंती के दिन मंगलवार को सूर्य देव ने लोगों को तपीश से थोड़ी राहत दी तो राज्य की राजनीतिक गर्मी चरम पर दिखी। मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी लोकसभा क्षेत्र से नामांकन किया तो कांग्रेस के कालीचरण मुंडा ने भी खूंटी से नामांकन किया। अर्जुन मुंडा के नामांकन में शामिल होने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो भी मौजूद रहे। नामांकन के बाद सभी नेताओं ने जनसभा को भी संबोधित किया और रोड शो भी किया। वहीं कालीचरण मुंडा के नामांकन में सीएम चपंई सोरेन, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश









ठाकुर,मंत्री लमगीर आलम सहित कई नेता और विधायक भी मौजूद रहे। इस मौके पर इंडी गठबंधन का रोड शो भी हुआ। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी ने मंगलवार को समाहरणालय में जिला निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। जोबा मांझी ने चार सेट में अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, मंत्री दीपक बिरुआ, झामुमो विधायक सुखराम उरांव, विधायक निरल पूर्ति आदि मौजूद रहे। यहां भी जनसभा का आयोजन हुआ जिसमें कल्पना सोरेन ने भाजपा को हराने की अपील की।

इधर पलामू लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन मंगलवार को शुरू हो गया। लोकसभा क्षेत्र में मंगलवार को बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा ने अपना नामांकन पर्चा जमा किया। इससे पहले उन्होंने एक रैली भी की। इस दौरान बैठा के साथ उनकी पत्नी जमुनिया देवी, पुत्र संजय बैठा उपस्थित थे।

**अब तक कुल 21 नामांकन :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि मंगलवार को राज्य में कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें सिंहभूम से तीन, खूंटी से दो, लोहरदगा में तीन और पलामू में तीन प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। अब तक झारखंड में चौथे चरण को लेकर 21 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं विभिन्न दलों व निर्दलीय उम्मीदवारों ने मंगलवार को सिंहभूम में चार, खूंटी में चार, लोहरदगा में सात और पलामू में पांच नॉमिनेशन फॉर्म खरीदे गए। ।बन बैठा मौजूद रहे।

## एससी-एसटी आरक्षण कम कर मुसलमानों में बांटना चाहती है कांग्रेस : नरेन्द्र मोदी



- **प्रधानमंत्री ने एक बार फिर कहा, देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा, भाजपा ऐसा कभी होने नहीं देगी**
- **कांग्रेस ने 2004 में आंध्र प्रदेश में एसी-एसटी आरक्षण में कमी कर मुसलमानों को देने की कोशिश की थी**

**टोंक/रायपुर/कोरबा/सत्ती।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धुंआधार चुनाव प्रचार अभियान जारी है। मंगलवार को उन्होंने टोंक, रायपुर और सत्ती में कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। कहा, तुष्टीकरण और धर्म के नाम पर राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस एससी-एसटी के आरक्षण को कम करके मुसलमानों में बांटना चाहती है। मोदी ने एक बार फिर कहा है कि देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा, भाजपा ऐसा होने नहीं देगी। कांग्रेस ने 2004 में आंध्र प्रदेश में एसी-एसटी के आरक्षण में कमी करके मुसलमानों को शेष पृष्ठ 11 पर

### भाजपा के मुख्यमंत्रियों पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं, यही हमारी विशेषता : राजनाथ सिंह



**खूंटी।** राज्य के खूंटी लोकसभा सीट से मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अर्जुन मुंडा ने खूंटी के कचहरी चौक से रोड शो किया। इस दौरान गाड़ी पर उनकी पत्नी मीरा मुंडा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो भी उपस्थित थे। रोड शो के बाद पतरा मैदान में जनसभा हुई। जनसभा में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अर्जुन मुंडा के लिए लोगों से समर्थन मांगा। साथ ही केंद्र सरकार के स्तर से जनजाति समाज के लिए किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए अर्जुन को रिकॉर्ड शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड में नहीं खुलेगा एनडीए का खाता : सीएम

**चाईबासा।** झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के नामांकन के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिस तरह कोल्हान में भाजपा का खाता खुलने नहीं दिया, उसी तरह भाजपा का सभी 14 सीटों पर पराजित होना तय है। वहीं सभी सीटों पर इंडी गठबंधन के लोगों की जीत भी तय है।
उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास के लिए झामुमो की सरकरार ने काफी कुछ किया है। 2014 से लेकर आज तक सिर्फ जुमलाबाजी ही भाजपा की केंद्र सरकार कर रही है। इस बार भी गारंटी की जुमलाबाजी की जा रही है। इस बार किस चीज की गारंटी दे रही हैं। राज्य सरकार ने 50 साल के लोगों को भी पेंशन देना शुरू कर दिया। हर परिवार को जंगल तक लाभ पहुंचाया। भाजपा की सरकार बनने के बाद जंगल एरिया में वनाधिकार कानून को शिथिल कर दिया गया। मानकी मुंडा



व्यवस्था को शिथिल कर दिया, जबकि झारखंड की वर्तमान सरकार मानकी मुंडा को छात्रवृति दे रही है। खेल में पोटो हो नाम से खेल मैदान बना रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के जुमलों में नहीं फंसना है।

### पूंजीपतियों की पार्टी है भाजपा : कल्पना



पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है। भाजपा जिसको चाहती है, खरीद लेती है। हेमंत सोरेन को षड़यंत्र रचकर जेल में डाल दिया है। अब भी साजिश चल रही है। अब संविधान बदलना चाहती है। लोगों को चुनाव तक लड़ना नहीं देना चाहती है। उन्होंने कहा कि आदिवासी और भूमि पुत्र हेमंत सोरेन को जेल भेजने का बदला ईवीएम पर बटन दबाकर लें और तीर धनुष छाप पर बटन दबाकर झामुमो को चुनाव जितायें। उन्होंने कहा कि यह सिंहभूम की धरती है। यहां की जनता शेर है, जिसने अंग्रेजों के सामने हथियार नहीं डाला वह इस तानाशाही सरकार के सामने क्या झुकेगी। भाजपा की केंद्र सरकार को हर हाल में उखाड़ फेंकना है।

### कल्पना सोरेन 29 अप्रैल, अन्नपूर्णा देवी दो मई और दिलीप वर्मा तीन मई को करेंगे नामांकन

**रांची।** झारखंड में चौथे चरण के चुनाव के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन भी शुरू हो जायेगा। 29 अप्रैल को गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए इंडी गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और राज्य सरकार के कई मंत्रियों समेत झामुमो के राज्यसभा सदस्य सरफराज अहमद, गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद रहेंगे। कल्पना सोरेन के पर्चा दाखिल करने के बाद गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पपरवाटांड़ में चम्पाई सोरेन की जनसभा भी होगी। जानकारी के अनुसार कल्पना सोरेन के प्रस्तावक गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के बनने की बात कही जा रही है जबकि दूसरे प्रस्तावक का नाम फिलहाल सामने नहीं आया है।

## दिल्ली हाईकोर्ट से शिबू सोरेन को फौरी राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच पर भारत के लोकपाल को 10 मई तक कोई भी कदम उठाने पर रोक लगाई है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने लोकपाल के समक्ष शिकायत दायर करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झामुमो की याचिका पर नोटिस जारी किया है। याचिका में लोकपाल के चार मार्च के आदेश को चुनौती दी गई है। लोकपाल ने अपने आदेश में झामुमो के स्वामित्व वाली दो संपत्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय में 10 मई को आगे की सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि सीबीआई को अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में लोकपाल को देने की अनुमति है। हालांकि, सुनवाई की अगली तारीख यानी 10 मई तक लोकपाल द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

**अदालत में वकीलों ये तर्क :** दिल्ली हाईकोर्ट में झामुमो की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरुणाभ शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव आज करेंगे नामांकन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एनडीए के दो प्रत्याशी बुधवार को नामांकन दाखिल करेंगे। पलामू से वीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव नामांकन करेंगे। पलामू से एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के नामांकन में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह शामिल होंगे। जनरल वीके सिंह नई दिल्ली से हवाई मार्ग से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हेलीकॉप्टर से डालटनगंज चियांकी हवाई अड्डा आयेंगे। इसके बाद शिवाजी मैदान में जनसभा को संबोधित करने के बाद भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के



साथ डाल्टनगंज समाहरणालय जाएंगे। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, राज्यसभा सदस्य सह शेष पृष्ठ 11 पर

## रांची से धराया हरियाणा का अफीम तस्कर, चार ड्रग्स पैडलर भी गिरफ्तार

**रांची।** अफीम तस्करी के खिलाफ रांची पुलिस ने एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने नामकुम इलाके से साढ़े तीन करोड़ का डोडा (अफीम का फल) बरामद करते हुए हरियाणा के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। रांची एसएससपी चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि तुपुदाना होते हुए अफीम की बड़ी खेप राजस्थान के लिए निकलने वाला है। सूचना के सत्यापन के बाद हेडक्वाटर डीएसपी अमर पांडेय और नामकुम, खरसीदाग थाने की टीम ने खूंटी से रांची और रांची से जमशेदपुर जाने वाले सड़क पर चेकिंग अभियान शुरू किया। इसी दौरान खरसीदाग ओपी के हुआंगहातु के पास एक ट्रक को चेकिंग के लिए रोका गया।

**करोड़ों का डोडा बरामद, ट्रक मालिक गिरफ्तार :** ट्रक की तलाशी लेने पर 158 बोरा डोडा (अफीम का फल) बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार बरामद डोडे की बाजार में अनुमानित कीमत साढ़े तीन करोड़ से अधिक है। छापेमारी के दौरान हरपाल सिंह नाम के अफीम तस्कर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हरपाल सिंह शेष पृष्ठ 11 पर

**इंडिया**

## विकसित देशों को भारत से सीख लेनी चाहिए



सुनील बादल

**ऑक्सफोर्ड,** कैम्ब्रिज और हॉर्वर्ड जैसे विश्वविद्यालय से पढ़े विशेषज्ञों से संचालित विश्व के विकसित देशों को सुदृढ़ आर्थिक व्यवस्था के लिए जाना जाता था पर अब परिस्थितियां बदल रही हैं और भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जबकि विकसित देशों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। अमेरिका स्थित निवेश बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान भारत के कुल कर्ज की स्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहते रहे हैं कि भारत का कर्ज, सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में, तेजी से बढ़ता जा रहा है। जबकि, इसी मापदंड के आधार पर अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों की स्थिति देखी जाय तो भारत की तुलना में इन देशों की स्थिति बहुत अधिक दयनीय स्थिति में है, परंतु यह देश भारत को आज भी ज्ञान देते नहीं चूकते हैं कि भारत अपनी स्थिति में किस प्रकार सुधार करे।अमेरिका के कुल कर्ज की स्थिति यह है कि आज अमेरिका का कुल कर्ज 34 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार करते हुए यह अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (28 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) का 123 प्रतिशत हो गया है, जो पूरे विश्व में समस्त देशों के बीच सबसे अधिक प्रतिशत है। अमेरिका आज प्रतिवर्ष अपने आय के कुल स्त्रोतों से अधिक ऋण ले रहा है। जब भी अमेरिकी सरकार को खर्च करने के लिए धन की आवश्यकता पड़ती है, वह बाजार में अमेरिकी बांड्ज जारी कर ऋण लेता है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी कानून द्वारा अमेरिकी सरकार के बाजार के ऋण लेने के लिए निर्धारित की गई अधिकतम सीमा भी पार हो जाती है एवं लगभग प्रत्येक तिमाही के अंतराल पर अमेरिकी संसद से ऋण लेने की इस अधिकतम सीमा को बढ़ाया जाता है, इसके बाद अमेरिकी सरकार बाजार से ऋण लेती है और अपने खर्चे चलाती है। यदि बाजार से ऋण लेने की सीमा को प्रत्येक तिमाही पश्चात अमेरिकी संसद द्वारा नहीं बढ़ाया जाय तो शायद अमेरिकी सरकार द्वारा अपने सामान्य खर्चों को चलाना ही कठिन हो जाएगा। अमेरिकी सरकार को ऋण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए भी बाजार से ऋण लेना पड़ रहा है। ऋण पर अदा किए जाने वाले



ब्याज की राशि आज अमेरिका के सुरक्षा बजट से भी अधिक हो गई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, जेपी मोर्गन चेज, बैंक आफ अमेरिका, ब्लैक रॉक, आदि वित्तीय संस्थानों के उच्च अधिकारियों ने अमेरिकी सरकार को चेतावनी दी है कि वह इस प्रकार के तरीकों को अपनाने से बाज आए अन्यथा अमेरिकी अर्थव्यवस्था को डूबने से कोई बचा नहीं सकेगा और इसका प्रभाव पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पर पड़े बिना नहीं रहेगा। अमेरिका का बढ़ता ऋण पूरे विश्व में ब्याज दरों को प्रभावित कर रहा है, इससे विश्व में कई देशों को ब्याज दरों को बढ़ाना पड़ रहा है और ऋण की लागत के साथ ही विनिर्माण इकाईयों की उत्पादन लागत भी बढ़ रही है। आज विश्व के कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं, वैश्वीकरण के इस युग में, आपस में जुड़ी हुई हैं एवं एक दूसरे को प्रभावित कर रही हैं। अमेरिका में पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्था अब अंतिम सांसे लेती दिखाई दे रही है। भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या को लेकर भी पश्चिमी जगत अपनी चिंता व्यक्त करता रहता है। हाल ही में ब्रिटेन के एक सांसद ने इस संबंध में अपनी राय प्रकट करते हुए कहा है कि भारत को गरीबों की संख्या को कम करने हेतु कुछ विशेष उपाय करने चाहिए। इस प्रकार की सलाह देने वाले विदेशी नागरिक यह भूल जाते हैं कि पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है और अब यह लगभग 10 प्रतिशत तक रह गई है। जब ब्रिटेन ने वर्ष 1947 में भारत छोड़ा था तब भारत को अति गरीब देश बनाकर छोड़ा था और भारत की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही थी और, आज ब्रिटेन में ही लगभग 18 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है। दिलचस्प है कि भारत के पश्चिमीपरस्त कुछ बुद्धिजीवी भी भारत को सलाह देने लगते हैं। जबकि, भारतीय अर्थव्यवस्था चूंकि सनातन चिंतन और भारतीयता पर आधारित आर्थिक नियमों का अनुपालन करते हुए आगे बढ़ रही है इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था आज इन देशों की तुलना में अधिक मजबूत दिखाई दे रही हैं। विकसित देशों को यदि अपनी आर्थिक समस्याओं को हल करना है तो साम्यवाद एवं पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियों का परित्याग कर भारतीय आर्थिक दर्शन को अपनाकर अपनी आर्थिक समस्याओं का हल निकालने का प्रयास करना चाहिए, न कि समय समय अन्य देशों को इस सम्बंध में अपना ज्ञान बांटना चाहिए।पिछली मंदी के दौर में भारत अविचल रहा और पश्चिमी देश हिल गए थे ।

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत पर एक मई को होगी सुनवाई

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से दो सप्ताह का समय देने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया। ईडी के आग्रह को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए एक मई की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने 30 अप्रैल तक ईडी को जबाव दाखिल करने का समय दिया है। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।

## एक नजर

### बंद पड़े शीतल पेयजल उपकरणों को चालू करवाया

**छतरपुर।** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विश्वजीत कुमार महतो के निर्देश में भीषण गर्मी को देखते हुए बंद पड़े सभी शीतल पेयजल उपकरण को चालू करवाया गया। इस बाबत महतो ने बताया कि विभागीय सचिव के निर्देशानुसार तथा बढ़ती हुई भीषण गर्मी व स्थानीय लोगों के मांग पर यह कदम उठाया गया। उन्होंन्ने कहा कि छतरपुर में हर वर्ष होने वाले पानी की किल्लत से नकारा नहीं जा सकता। इसे ध्यान में रखते हुए हर दिन चापाकलों की मरम्मत की जा रही है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पेयजल से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। नगरवासियों को इस संबंध में कोई भी परेशानी हो तो उसे हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दे सकते हैं, उस पर त्वरित कार्य किया जाएगा। वहीं नगर प्रबंधक मुर्तजा अंसारी ने बताया कि नगर वासियों के लिए पानी की समस्या का हल निकालना नगर प्रशासन की पहली प्राथमिकताओं में से एक है। पेयजल से संबंधित समस्याओं को जारी किए गए हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत दे सकते हैं या मुझे भी फोन कर इसकी जानकारी दे सकते हैं। व्यवस्थाओं के अनुरूप उसे पर त्वरित कार्य किया जाएगा।

### वीडी राम के नामांकन को एतिहासिक बनाए : भोला

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के चैनपुर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय ने कहा की एक तरफ विपक्ष सभी एक जुट होकर सता के खिलाफ षड्यंत्र करने पर आरोप की झड़ी लगा रहा हैं।वही दूसरी ओर भाजपा की सरकार आम आवाम के लिए सुलभ सुविधाओ की व्यवस्थाओ में लगी हुई है उन्होंने कहा कि पलामू से भाजपा के प्रत्यासी विष्णु दयाल राम इन 10 सालो में जनहित के लिए बहुत काम किए हैं वही मण्डल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे अपने क्षेत्र के अलावे पूरे पलामू लोक सभा क्षेत्र के आलावे पलामू लोक सभा क्षेत्र से अपील किए की 24 अप्रैल को डाल्टनगंज में विष्णु दयाल राम के नामांकन में उपस्थित होकर इसे ऐतिहासिक बनाए।

सुंदरकांड का पाठ और अखंड कीर्त्तन से माहौल हुआ भक्तिमय, जय बजरंग बली के जयकारे से गूंजा धाम

# हनुमान जयंती पर बराही धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**जय श्रीराम, जय हनुमान के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय**

### श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण

हनुमान हनुमान जयंती के अवसर पर बराही धाम परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। धाम के पूजारी दिलीप मिश्रा व अजित चौबे ने वैदिक मंत्रोचार हवन पूजन कराया गया। सुबह 11बजे धाम के पूजारी और एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो द्वारा भंडारे का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने श्रद्धालुओ के बीच महाप्रसाद का वितरण किया। मालूम हो कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के बराही धाम परिसर में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से 105 फीट दक्षिणमुखी हनुमान जी प्रतिमा स्थापित की गई थी,जो भारत वर्ष की सबसे ऊंची दक्षिणमुखी प्रतिमा है। इस प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा बीते 7 मई 2022 को देश की विख्यात जगतगुरु श्री सुंदर राज स्वामी जी महाराज ने वैदिक मंत्रोचार के साथ संपन्न कराया था। इस दिन करीब दो लाख से अधिक संख्या में शामिल श्रद्धालुओं ने इसके साक्षी बने थे। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग उतर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़, वा झारखंड के कई जिलों से लोग दर्शन करने आते है, वहीं इस परिसर में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से प्रत्यक मंगलवार को भंडारा का अयोजन निरंतर जारी है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के चर्चित बराही धाम में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही हनुमान चालीसा की चौपाई जय हनुमान ज्ञान गुण सागर , जय कपिस तिहूं लोक उजागर... की धुन परिसर में गूंजती रही। वहीं इस अनुमंडल क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भीड़ के आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक देखने को मिला। इस दौरान लोग माला, सिंदुर, तिल के तेल का दीया और लड्डू का भोग अंजनी पुत्र हनुमान जी को लगाया गया। सिंदुर चढ़ाकर लोगों ने उज्जवल भविष्य और परिवार के मंगलमय जीवन की कामना की। वहीं बीच बीच में श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम जय हनुमान के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा, वहीं बराही धाम समिति के लोगों ने पूरे धाम परिसर को भव्य तरीके से सजाया था, पूरा बराही धाम भगवा झंडा से पटा हुआ था। वहीं मंदिर के पुजारी दिलीप मिश्र, अजीत चौबे ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ पुजा अर्चना की। इसके साथ हवन पूजन अभिषेक सहित कई अनुष्ठान किए गए।

# भीम बराज में पानी रहने से लोगों को राहत



### जल भंडारण से क्षेत्र में भूमिगत जल स्तर बरकरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भीषण गर्मी के मौसम में उत्तर कोयल भीम बराज में 1.60 मीटर जल भंडार से लोगों को पेयजल संकट से राहत पहुंची है। जल भंडारण से इस गर्मी में बड़े क्षेत्र में भूमिगत जल स्तर बरकरार है, इससे पेयजल के साथ ही गर्मा फसलों को भरपूर सिंचाई के लिए पानी भी मिल रहा है। बराज के सभी फाटक को बंद करने का कारण मुख्य नहर में सिमरसोत के पास नहर का जीर्णोद्धार कार्य का होना बताया जाता है। मुख्य नहर और कोयल नदी में बराज के फाटकों से स्त्राव से जलप्रवाह बना हुआ है। इससे लोग और पशु-पक्षियों को इस गर्मी में राहत मिल रही है। पर्यटक वाच टावर से जमा पानी का अवलोकन कर आनंद प्राप्त कर रहे हैं। भीमचूल्हा के प्रहरी सह शिव मंदिर के पुजारी गंगा तिवारी और गाइड सह सहायक सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि पहले के गर्मी के मौसम में शायद ही बराज में जल भंडारण देखने को मिला है। बराज में पानी का भंडारण होने से पर्यटकों को नौका विहार का भी आनंद लेते देखा जाता है। प्रवासी पक्षियों के लिए यह पानी राहत का काम कर रहा है।

# इंडिया महागठबंधन की बैठक में जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुटता का संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मंगलवार को हुसैनाबाद तिवारी कॉम्प्लेक्स स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में इंडिया महागठबंधन की एक अहम बैठक हुई। बैठक में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस, आरजेडी जेएमएम, वीआईपी सभी घटक दल के नेता कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कांग्रेस सहित महागठबंधन के सभी घटक दलों ने एक स्वर में ममता भुइयां को बड़े अंतर से जीत दिलाने का संकल्प लिया। कांग्रेस के प्रदेश सचिव स्थानीय युवा नेता धनंजय कुमार तिवारी ने कहा कि देश में व्याप्त भ्रष्टाचार, बेतहाशा महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार की आकंठ में डूबी भाजपा की मोदी सरकार के खिलाफ यहां की जनता गोलबंद हो चुकी है और मोदी के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ करारा जवाब देने को कमर कस चुकी है। कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार ममता भुईयां के साथ कदम ताल मिलाते हुए पूरे मजबूती एवं एकजुटता के साथ खड़ी है। इस बार पलामू लोकसभा का फैसला ऐतिहासिक होगा और ममता भुईयां बड़े ही अंतर से जीत हासिल करेगी। इस बैठक की अध्यक्षता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने किया। कार्यक्रम का संचालन कलामुद्दीन खा ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह, अवधबिहारी सिंह, गुप्तेश्वर पांडेय, मोहम्मद रिजवान, अंबिका सिंह, रामसुंदर राम, आरजेडी के नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार, राज अली, रिजवान, उदेश्वर राम, नईमुद्दीन, जेएमएम पार्टी के डॉ. एजाज आलम, मुन्ना कुमार देव, नेहाल असगर, वीआईपी पार्टी के रामचंद्र चौधरी, धनंजय ,अरविंद चौधरी, शाहिद सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजुद थे।

# पांकी में स्वास्थ्य विभाग की स्थिति लचर, मरीजों की जिंदगी राम भरोसे

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड का कोनवाई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इन दोनों सिर्फ एक एएनएम के भरोसे संचालित हो रहा है, जिसकी पुष्टि तब हुई जब पंचायत के जनप्रतिनीधि समेत अन्य ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोनवाई पहुंचे जहां मौके पर एएनएम प्रियंका कुमारी को छोड़कर डाक्टर समेत अन्य कर्मी नदारद दिखे। पूछने पर एएनएम प्रियंका कुमारी ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोनवाई में डॉक्टर सनी सोरेन पदस्थापित हैं, जो सिर्फ एक दिन झंडा फहराने आईं थी। अन्य कर्मियों की अनुपस्थिति पर उन्होंने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। आपको बता दें कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोनवाई में एक चिकित्सक समेत अन्य तीन स्वास्थ्य कर्मी पदस्थापित है, लेकिन अन्य कर्मियों की अनुपस्थिति स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली की पोल खोल रहा है। इस संबंध में पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर महेंद्र प्रसाद ने बताया कि कुछ महीने पूर्व पांकी के कोनवाई, लोहरसी, एवं बोरोदीरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की पदस्थापना की गई है। कोनवाई में डॉक्टर सनी सोरेन, लोहरसी में डॉक्टर रियाज अनवर एवं बोरोदीरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर शिव शंकर मुर्मू पदस्थापित हैं। कई महीने से डॉक्टर सनी सोरेन की अनुपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व ही सभी चिकित्सकों को पत्र के माध्यम से नियमानुसार सेवा देने का निर्देश दिया गया था, इसके बावजूद निर्देश की अनुदेखी करना लापरवाही को प्रदर्शित करता है। उन्होंने यह भी कहा कि अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

### चिकित्सकों की अनुपस्थिति चिंताजनक : पंचम प्रसाद

लाखों की आबादी वाले पांकी प्रखंड के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन प्रखंड के विभिन्न पंचायत में कुल 16 स्वास्थ्य केंद्र हैं, जिसमें आयुष, डेंटिस्ट समेत एमबीबीएस के कुल 10 डॉक्टर उपस्थित हैं, इसके बावजूद कुछ चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण स्वास्थ्य केंद्र की हालत खस्ता हो गई है। ग्रामीण इलाज हेतु स्वास्थ्य केंद्र तो जाते हैं, लेकिन चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण वे झोला छाप चिकित्सकों के हाथों अपना इलाज करवा लेते हैं। इस स्थिति के कारण कई मरीजों की जान तक चली जाती है बावजूद व्यवस्था में सुधार न होना बेहद चिंता की बात है। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही वे इस मामले को लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे।



# पुलिस अधिकारियों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



**नावाबाजार।** मतदाताओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए नावाबाजार के इलाके में मंगलवार को पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में एएसपी अभियान राकेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी चिंटू कुमार और सीआरपीएफ के टॉप अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से निर्भीक होकर मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने को कहा।

# ब्रहमोरिया-लादी गांव में दीवार काटकर सामग्री व कैश की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** एनएच 75 स्थित ब्रहमोरिया-लादी गांव स्थित अपना ढाबा में चोरों ने दीवार काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जहां चोरी की घटना में लगभग 60 हजार रुपए मूल्य की सामग्री व कैश लगभग 58 सौ रुपए चोर ले भागे। यहां इंजीनियरिंग वर्क व गाड़ी वाशिंग का कार्य किया जाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में बढ़े हेरोइनची के द्वारा लगातार चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस इस पर रोक लगाने में असफल साबित हो रही है। इधर पीड़ित अजय विश्वकर्मा के द्वारा घटना की जानकारी नावा बाजार थाना को मोबाइल पर दे दी गई है। जानकारी के अनुसार अजय विश्वकर्मा के द्वारा एनएच 75 स्थित ब्रहमोरिया-लादी गांव में अपना ढाबा नाम से एक लाइन होटल संचालन किया जाता है। जहां इंजीनियरिंग वर्क्स व गाड़ी वाशिंग का भी काम होता है। बताया कि सोमवार को वह दुकान को बंद कर घर गए थे। बुधवार की दोपहर जब वे लौटे तो दुकान की स्थिति को देखकर वे हतप्रभ हो गए। उसने देखा कि दीवार की पिछले हिस्से को काटकर रखे नगद सहित बैटरी, ब्रेकर, दो ग्रेडिंग मशीन, फ्रिज में रखे ठंडा आदि ले भागे। चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए दो दीवारों को काटी गई है। पहले दीवार में लगे ग्रिल को उखाड़ कर अंदर प्रवेश कर गए। जहां से आसानी पूर्वक दूसरी दीवार को काटकर दुकान में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित अजय विश्वकर्मा ने बताया कि दुकान के आसपास प्राय हेरोइनची का आना-जाना लगा रहता है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि इन दिनों क्षेत्र में हेरोइनची की संख्या काफी बढ़ गई है। इनके द्वारा लगातार क्षेत्र में छोटी-मोटी घटना को अंजाम दिया जा रहा है। क्षेत्र में कई ड्रग सप्लायर भी हैं जो पूरे दिन क्षेत्र में भ्रमण कर आपूर्ति करने का काम करते हैं। पुलिस के द्वारा अगर समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो कभी भी बड़ी घटना को भी इनके द्वारा अंजाम दिया जा सकता है। गांजा, हीरोइन, कफ सिरप आदि की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। समाचार लिखे जाने तक चोरी की घटनास्थल पर पुलिस नहीं पहुंची है।



# अंतरराज्यीय चेकपोस्ट पर हुई वाहनों की जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर हरिहरगंज में अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर सुरक्षा व्यवस्था और वाहनों का चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है। सभी छोटे बड़े चार पहिया वाहनों के साथ-साथ स्टोन चिप्स लदे हाइवा वाहनों की पुलिस पदाधिकारी, जवानों ने झारखंड से बिहार जाने वाले वाहनों की चेकिंग की। बिहार में शराबबंदी को देखते हुए जांच में इस पर गंभीरता से नजर रखी जा रही है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा के निगरानी में चेकपोस्ट पर चौबीस घंटा जांच हो रही है। चुनाव को प्रभावित करने वाले सामान की सख्ती से जांच की जा रही है।

# पलामू में अतिसंवेदनशीलव बूथों पर पहुंचे प्रशासनिक पदाधिकारी, बनाया भयमुक्त माहौल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे चैनपुर प्रखंड के चार अतिसंवेदनशील बूथों पर प्रशासनिक पदाधिकारी सीआरपीएफ के साथ पहुंचे। वोटरों से मिले और उनका विश्वास बढ़ाया। साथ ही पहले से बने भय के माहौल को दूर करने की कोशिश की। उल्लेखनीय है कि चैनपुर प्रखंड के चांदों एवं कंकारी में एक-एक एवं कोशियारा में दो बूथों को अतिसंवेदनशील माना गया है। इन बूथों पर दबंगों का प्रभाव रहता है और उनके द्वारा वोटिंग व वोटरों को प्रभावित करने की कोशिश की जाती है। पूर्व में हुई घटनाओं को देखते हुए इन बूथों का जायजा लिया गया। मेदिनीनगर सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, डीएसपी मणिभूषण प्रसाद, सीआरपीएफ 112वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट बीएन भोई के साथ बड़ी संख्या में जिला पुलिस और सीआरपीएफ के जवान चांदों में बूथ नंबर 143, कंकारी में 133 एवं कोशियारा में 72, 73 बूथ संख्या का जायजा लिया। पैदल फ्लैग मार्च किया। साथ ही वोटरों से मिलकर उनके भीतर विश्वास जगाया कि इस बार के चुनाव में प्रशासन भयमुक्त माहौल में वोटिंग कराने के लिए प्रतिबद्ध है। डीएसपी मणिभूषण ने बताया कि सभी चार बूथों पर मतदाताओं में विश्वास जगाया गया ताकि लोगों में भय का माहौल नहीं रहे। पिछले साल उपरोक्त बूथों पर घटनाएं हुई थी। उसे देखते हुए इन बूथों को वल्नरेबल माना गया है। चुनाव के दौरान यहां सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये जाएंगे।

**उदासीनता**

## शोभा बनकर रह गई चेचरिया गांव में लगाया गया जलमीनार

# नल जल योजना अब तक शुरू नहीं, संवेदक लापरवाह

**नवीन मेल संवाददाता**


**नावाबाजार।** बढ़ती गर्मी गिरते जलस्तर लोगों का जीना दूभर कर दिया है। वहीं संवेदक की लापरवाही के कारण गांव में बिछाई गई जल नल योजना केवल दिखावा मात्र बनकर रह गई है। इस पर ना तो विभाग गंभीर है और न ही संवेदक के द्वारा कार्य में रुचि दिखाई जा रही है। नतीजतन सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना स्वयं को मुंह चिढ़ा रही है। नावाबाजार प्रखंड के बसना पंचायत स्थित चेचरिया गांव में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पेयजल से उपलब्ध कराने के लिए पाइपलाइन बिछाई जानी है। संवेदक के द्वारा कार्य में रुचि नहीं दिखाई जा रही। गांव में जैसे तैसे पाईप बिछाई जा चुकी है, लेकिन सप्लाई के लिए कहीं भी ना तो मोटर लगाए गए हैं और ना हीं कहीं पानी टंकी। ऐसे में योजना संवेदक और विभागीय अधिकारी के लापरवाही के कारण योजना धरातल पर नहीं उतर पाई। पानी सप्लाई के लिए संवेदक के द्वारा कहीं भी डीप बोर नहीं किया गया। केवल नाम मात्र को 100-150 फीट गहराई बोरिंग कर सरकारी राशि की बंदरबांट किया जा रहा है। लोगों के द्वारा आग्रह किए जाने के बाद भी पाइप लाइन का प्वाइंट संवेदक के द्वारा नहीं दिया गया। जबकि कई ऐसे जगहों पर प्वाइंट छोड़े गए हैं जहां कोई घर भी नहीं। मानों जैसे खेत की प्यास बुझाने के लिए नल जल योजना लगाई जा रही हो। इसकी शिकायत भी स्थानीय लोगों के द्वारा किया गया, लेकिन कोई कार्रवाई और न हीं संवेदक पर कार्य पूरा करने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है।



### सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई है जानकारी

नावाबाजार प्रखंड के बसना पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पेयजल योजना से संबंधित कार्य की विस्तृत जानकारी को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी की मांग की गई थी, लेकिन चार माह जीतने के बाद भी ना तो जन सूचना पदाधिकारी सह कार्यपालक अभियंता पेय जल स्वच्छता प्रमंडल और न हीं अधिक्षण अभियंता के द्वारा हीं उपलब्ध कराया गया। मांगी गई सूचना में .बसना पंचायत में पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल विभाग की ओर निविदा आमंत्रित कर जलमीनार का अधिष्ठापन और पाइपलाइन विछाया जाना है। इस कार्य के लिए कब निविदा आमंत्रित की गई? कार्य के लिए किस संवेदक को कार्य आवंटित किया गया?, इसकी प्राक्कलित राशि क्या है, स्वहस्ताक्षरित प्रति उपलब्ध कराया जाए. प्रत्येक जलमीनार के लिए कितनी गहराई बोरिंग की जानी है? सभी का स्वहस्ताक्षरित प्रति उपलब्ध कराया जाए। पाइपलाइन बिछाने के लिए कितनी गहराई खोदकर पाईप लाईन बिछाया जाना है? विभाग के द्वारा संवेदक को कार्य के बदले कितनी राशि का भुगतान किया गया? कराए गए कार्य की मापी पुस्तिका संधारित की गई है या नहीं? अगर कराई गई है तो मापि पुस्तिका का स्वहस्ताक्षरित प्रति उपलब्ध कराया जाए। कराए जा रहे कार्य का निरीक्षण विभाग के द्वारा किया गया है या नहीं? अगर निरीक्षण किया गया है तो कब और कौन से पदाधिकारी जांच को गए? आदि शामिल हैं।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

18वीं लोकसभा चुनाव महापर्व में यह संकल्प लें कि पहले मतदान करेंगे, तब जलपान करेंगे। इससे मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और देश में लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी।

**अनिल कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी हुसैनाबाद, पलामू।**

## बाइक से गिर कर महिला घायल

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के रानीदेवा गांव निवासी भोला सिंह की 45 वर्षीय पत्नी कलावती देवी सोमवार की शाम करीब सात बजे सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल महिला कलावती देवी ने बताया कि सोमवार की शाम वह अपने बेटे के साथ घर से बाइक पर सवार होकर पाटन नावाजयपुर रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी। इसी बीच रास्ते में अचानक बाइक से गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गई । उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

## सड़क दुर्घटना में दंपति और बच्चा गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बिहार के नबीनगर बसडिहा गांव निवासी मनोज राम उनकी पत्नी और बच्चा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए,इस घटना के बारे में घायल मनोज राम ने बताया कि सोमवार को सभी लोग बाइक पर सवार होकर अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में हरिहरगंज-दुबटिया मोड़ के पास अनियंत्रित होकर बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए



मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के सात वर्षीय बालक विशाल कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## भाकपा और बसपा समेत तीन उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा क्षेत्र के लिए पांचवें दिन मंगलवार को तीन नामांकन हुए। बहुजन समाज पार्टी से पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से अभय कुमार भुइयां और पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के वृंदा राम के द्वारा नामांकन किया गया है। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में तीनों उम्मीदवारों ने निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के समक्ष पर्चे दाखिल किए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अभय नामांकन दाखिल करने से पहले पांकी रोड बारालोटा बुढ़वा शिव मंदिर से रैली निकाली।





गाजे-बाजे के साथ और बड़ी संख्या में कार्यकताओं के साथ अभय समाहरणालय पहुंचे। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गयी। बसपा उम्मीदवार की ओर से साहित्य समाज चौक के समीप से जुलूस निकाला गया। बड़ी संख्या में बसपा नेता एवं कार्यकर्ता झंडा बैनर के साथ समाहरणालय पहुंचे। नामांकन कार्यक्रम में भाकपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ भालचंद कांगो, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, रांची कार्यालय सचिव अजय सिंह, प्रमोद साहू विशेष रूप से पहुंचे थे। नामांकन रैली का नेतृत्व भाजपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी, जितेंद्र सिंह, उमेश सिंह चेरो कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि नामांकन का आज पांचवां दिन था। 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किया जाएगा। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 29 अप्रैल तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकते हैं। अब तक 10 नामांकन फॉर्म बिके हैं। पांचवें दिन बहुजन मुक्ति पार्टी से रामबचन राम ने नामांकन फार्म खरीदा।

## एक नजर

### भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में महती भूमिका निभायें : विधायक

**मेदिनीनगर।** भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि एक तरफ विपक्ष एकजुट होकर सत्ता के खिलाफ षड्यंत्र करने पर आमादा है। वहीं दूसरी ओर भाजपा की सरकार आम आवाम की सुविधाओं को बढ़ाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम इन 10 सालों में जनहित के लिए बहुत सारे काम किये हैं। चौरसिया ने पलामू लोकसभा क्षेत्र वासियों से अपील की है कि 24 अप्रैल को डालटनगंज में विष्णु दयाल राम के नामांकन में उपस्थित होकर इसे ऐतिहासिक बनाएं।

### बीएन कॉलेज के समीप घर में लगी आग बुझायी



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बीएन कॉलेज हमीदगंज निवासी उदय सिंह के घर में बीती रात अचानक आग लग गई। आग लगते देख बीएन कॉलेज एरिया में गश्ती कर रहे टीओपी तीन टाइगर मोबाइल के जवानों ने घर के लोगों को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलते ही परिजन घर से बाहर निकल कर टाइगर मोबाइल के जवानों के सहयोग से अपने घर में लगी आग को बुझाया। यदि समय पर टाइगर मोबाइल के जवान नही पहुंचे होते तो आग पूरे घर में फैल जाती और कोई बड़ी घटना घट सकती थी, क्योंकि आग लगने के समय घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे।

# पलामू बिस्कोमान चुनाव: प्रफुल कुमार सिंह निर्विरोध निर्वाचित

### किसानों के लिए यूरिया की कोई कमी नहीं होगी : प्रफुल्ल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बिस्कोमान (बिहार-झारखंड) की विशेष आम-सभा का निदेशक पार्षद के प्रतिनिधि निर्वाचन के लिए सोमवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया गया. डाल्टनगंज सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक परिसर स्थित बिस्कोमान भवन में बिस्कोमान के जिला मतदान पदाधिकारी सह निर्वाचन प्रभारी विवेक कुमार सिंह के समझ प्रफुल कुमार सिंह ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। प्रफुल के खिलाफ किसी ने नामांकन नहीं भरा इसलिए उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। प्रफुल हुसैनाबाद के पिपरा प्रखंड के मूल निवासी हैं। वर्तमान में प्रफुल भूमि विकास बैंक (बिहार-झारखंड) , बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (बिहार-झारखंड) में निदेशक पद पर कार्यरत हैं। बिस्कोमान (बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव मार्केटिंग यूनियन लिमिटेड), झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक में भी पलामू का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। चुनाव जीतने के बाद, प्रफुल ने झारखंड सरकार से मांग की कि यूरिया, दलहन, तिलहन आदि की खरीद के लिए बिस्कोमान को आधिकारिक रूप से स्टेट नोडल एजेंसी घोषित की जाए ताकि किसानों को यूरिया की कमी का सामना न करना पड़े और साथ ही लाभकारी मूल्य पर उन्हें खाद मिल सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों के लिए यूरिया की कोई कमी नहीं होगी और किसानों से यूरिया के लिए एक रुपये अतिरिक्त नहीं लिया जाएगा। यूरिया बिक्री का रजिस्टर में पूरा विवरण दर्ज करना होगा। यूरिया बिक्री केंद्र पर पर्यवेक्षक के द्वारा लगातार निरीक्षण कराया जाएगा। स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर, प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन होनी चाहिए। बिस्कोमान केंद्र स्टॉक बोर्ड पर रेट अंकित होना चाहिए। प्रफुल ने बताया कि यूरिया का रेट 265 रुपये प्रति बैग है। इससे अधिक पर नहीं बेचा जाएगा। आधार कार्ड लेकर बिक्री केंद्र पर पहुंचने वाले किसान को पीओएस मशीन पर बायोमीट्रिक करानी होगी। बायोमीट्रिक यूडीआइ से वैरीफाई होगा।

### पूर्व मंत्री स्वर्गीय अवधेश सिंह के सुपुत्र हैं प्रफुल



प्रफुल्ल अविभाजित बिहार के सम्मानित सहकारी नेता और पूर्व मंत्री स्वर्गीय अवधेश सिंह के बेटे हैं। अवधेश बाबू एक प्रमुख सहकारी नेता थे, जिन्होंने अपने कॉलेज के दिनों से ही अविभाजित बिहार के पलामू जिले के दूरदराज के इलाकों में सहकारी आंदोलन का नेतृत्व किया था। अपनी साधारण साइकिल पर ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करते समय, वह हमेशा किसानों को सहकारी समितियों में संगठित होने के लिए प्रोत्साहित करते थे और उनके जीवन को बदलने में सहकारी मॉडल की श्रेष्ठता पर जोर देते थे। अवधेश बाबू 1970 में जिला सहकारिता बैंक के सचिव बने। बाद में वे 1972 में विधायक और सहकारी बैंक के निदेशक बने। 1977 से, वह 1989 तक सहकारी बैंक, बिस्कोमान, भूमि विकास बैंक और हाउसिंग बोर्ड के निदेशक थे। वह 1995-2000 तक बिहार के सहकारिता मंत्री थे।

## महिला और युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के निवासी दीन दयाल राम की पत्नी सुशीला देवी उम्र 28 वर्ष घरेलू विवाद में जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास की। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर सुशीला को अपने घर के लोगों से कहा-सुनी हो गई थी। इस बीच गुस्से में आकर सुशीला घर में रखे जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसके कारण उनकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद सुशीला देवी खतरे से बाहर है। वहीं, दूसरी और चैनपुर थाना क्षेत्र के तलया बभंडी निवासी नंदू राम की 18 वर्षीय पुत्री रानी कुमारी घरेलू विवाद में जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली। इस कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा रानी कुमारी को इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी रानी कुमारी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## आज सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित

**मेदिनीनगर।** नामांकन के क्रम में मेदिनीनगर शहर में काफी भीड़-भाड होने की संभावना है। इसलिए यातायत परिचालन की सुगमता हेतु 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे से संध्या 4:00 बजे तक भारी वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित है। ट्रैफिक पुलिस के द्वारा नामांकन को लेकर यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगरदाहा घाटी के पास,बीसफुटा चौक के पास, चियांकी चेकनाका बाईपास के पास, मेडिकल कॉलेज पोखरराहा के पास सभी वाहनों को रोका जाएगा। यह जानकारी अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी ने दी।

## बीडी राम ने पलामू की आवाज को संसद में दमदार तरीके से नहीं उठाया : इंडिया गठबंधन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। पक्ष और विपक्ष सभी पूर्ण रूप से कमर कसकर जनता को अपने पक्ष में गोलबंद करने में व्यस्त हो गये है। वहीं इंडिया गठबंधन के सहयोगी झामुमो के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने मजबूत तैयारी के साथ विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सांसद का पद एक गरिमापूर्ण और विभिन्न उत्तरदायित्व को बेहतर रूप से निभाने का पद है,



परंतु बीते दो कार्यकाल में अर्थात 10 साल सांसद रहने के बावजूद बीडी राम का कार्यकालआम जनमानस की सोच के बिल्कुल विपरीत रहा है। गंभीर समस्याओं से पलामू को निजात दिलाने में और शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने में इन्होंने कोई पहल नहीं की है। इंडिया गठबंधन के सहयोगी कांग्रेस के पलामू जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने भी आगामी लोकसभा चुनाव में ममता भुइंयां के पक्ष में लोगों को गोलबंद करने का फैसला कर लिया है। इसका परिणाम निश्चित रूप से देश, जिला सहित हम सभी के लिए हितकर सिद्ध होगा। सांसद बीडी राम अपने सांसदी के कार्यकाल में पलामू की आवाज को दमदार तरीके से कभी संसद में उठाया ही नहीं।

## पुलिस ने दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस के द्वारा लोकसभा चुनाव को देखते हुए नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री एवं तस्करी रोकने को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन और और लेस्लीगंज डीएसपी मनोज कुमार झा के निर्देश पर लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार कर जेल उन्हें भेज दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि 22 अप्रैल को पुलिस को गुप्त सूचना



प्राप्त हुई थी कि लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भकासी मध्य विद्यालय के पास दो व्यक्ति अफीम तस्करी करने के लिए खड़े है। गुप्त सूचना पर एक टीम गठित कर पुलिस के द्वारा दोनों युवकों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दोनों युवकों के पास से 230 ग्राम अफीम और एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। इसके बाद दोनों युवकों से पूछताछ करने के बाद उन्हें मंगलवार को जेल भेज दिया गया है। पकड़े हुए युवकों में आशीष कुमार रंजन, अविनाश कुमार यादव का नाम शामिल हैं। छापामारी दल में लेस्लीगंज डीएसपी मनोज कुमार झा,थाना प्रभारी,राजु कुमार गुप्ता एसआई मनेश पासवान,एएसआई अजय कुमार ,पुलिस जवान विनोद उरांव, शक्ति कुमार सिंह,सिन्टू लाल यादव, प्रेम कुमार सोनी, चालक हयुम खान शामिल थे।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहन चेंकिग अभियान चलाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया चार पहिया वाहन को रोककर गहनतापूर्वक जांच की गई। वहीं मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू एसपी का सख्त निर्देश है कि सभी वाहनों का गहनता पूर्वक जांच करनी है। उन्होंने बताया कि पुलिस के वरीय अधिकारियों का आदेश है कि लोकसभा चुनाव के दौरान नामांकन के क्रम में किसी भी दो पहिया चार पहिया वाहन को 24 अप्रैल को शहर में प्रवेश करना वर्जित है। 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे से संध्या 4:00 बजे तक भारी वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित रहेगा। ट्रैफिक पुलिस के द्वारा नामांकन के दिन चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगरदाहा घाटी के पास, बीसफुटा चौक के पास, चियांकी चेकनाका बाइपास के पास, मेडिकल कॉलेज पोखरहा के पास सभी वाहनों को रोका जाएगा।

## डॉक्टर का कर्त्तव्य के प्रति उदासीनता ठीक नहीं कार्रवाई की अनुशंसा करेंगे : सिविल सर्जन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने 23 अप्रैल मंगलवार को पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। वहां उन्होंने पाया कि स्वास्थ्य केंद्र खुला था पर वहां डॉक्टर नहीं थे। उन्होंने डॉक्टर पर विभागीय कार्रवाई करने की बात कही। जब उनसे जानना चाहा कि इस पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जो खुला है पर डॉक्टर एक भी नहीं है। यदि आपातकाल में कोई भी मरीज आता है तो उसका कैसे उपचार होता। इस प्रश्न के उत्तर में डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि यह आपका काल्पनिक प्रश्न है इसका तो कोई उत्तर नहीं है। उनका यह उत्तर बहुत ही आश्चर्य जनक था। डॉ सिंह ने कहा कि पाटन



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थिति ठीक नहीं है। वहां एक बच्चे को कुत्ता ने काटा था। वह बच्चा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो घंटे से बैठा था, उसे रेबीज सूई भी नहीं पड़ी थी। इस केन्द्र स्वास्थ्य केन्द्र का स्थिति बहुत भयावह है। कोई डॉक्टर नहीं, कोई नर्स नहीं; सिर्फ एक स्टाफ मौजूद थे। डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि यहां की एएनएम ने सुबह में प्रसव कराया था। डॉ. सिंह ने कहा कि यह चुनाव और लू का समय है। एक सरकारी डॉक्टर का इतना लापरवाह और कर्तव्य के प्रति उदासीन होना ठीक नहीं है। मामले की जानकारी राज्य सरकार को दी जाएगी।

## पानी पिलाएं, मगर पानी बहाएं नहीं : अविनाश वर्मा

**मेदिनीनगर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के पहल पर पनशाला खोलने का सिलसिला लगातार जारी है इस पहल के क्रम में एक कदम आगे बढ़ते हुए चैनपुर स्थित गुरुकुल विद्या निकेतन विद्यालय द्वारा पनशाला खोला गया, जिसका उद्घाटन संयुक्त रूप से प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव सचिव दिव्येन्दू गुप्ता कोषाध्यक्ष आनंद कुमार एवं विद्यालय के निदेशक सिकंदर आजम द्वारा राहगीरों को पानी पिलाकर तथा अल्पाहार देकर किया गया। मौके पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि अंधेरा लाख हो पुण्य का दीपक अवश्य जलाएं इस तपिश गर्मी में पनशाला का खुलना एक बड़ी बात है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि पानी पिलाएं मगर पानी बहाए नहीं। वहीं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि आज सभी लोग पानी के एक-एक बूंद की कीमत समझने लगे हैं। पानी के लिए हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है ऐसी स्थिति में पनशाला खोलना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। मौके पर मौजूद एसोसिएशन के सचिव-सह शांतिकूलम आवासीय विद्यालय के एकेडमिक को-ऑर्डिनेटर दिव्येन्दू गुप्ता ने कहा कि गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है, इस बात का ख्याल रखते हुए गुरुकुल स्कूल चैनपुर द्वारा पनशाला खोलना राहगीरों के लिए राहत की बात होगी ।

## शिक्षा

### एमके डीएवी में स्वर्ण पदक विजेताओं को मिला प्रशस्ति पत्र एवं 5100 रुपये का चेक

# पलामू जैसे क्षेत्र से राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना बहुत बड़ी बात : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मंगलवार 23 अप्रैल को एमके डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में स्वर्ण पदक विजेता चार छात्रों को , विद्यालय परिसर में वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में, विद्यालय के प्राचार्य डॉ जी.एन.खान ने उनके अभिभावकों की उपस्थिति में स्वर्ण पदक प्रशस्ति पत्र एवं 5100-5100 रुपए का चेक दिया। विद्यालय की बारहवीं कक्षा की छात्रा रिया कुमारी, प्रिया कुमारी,छात्र आर्यन कुमार एवं आदर्श कुमार ने एम.के.डी.ए.वी.नेशनल स्पोर्ट्स-2023 में भारोतोलन में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था । इन छात्रों को





महात्मा हंसराज जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में 20/04/2024 को डी.ए.वी.थर्मल कॉलोनी पानीपत हरियाणा में यह सम्मान प्राप्त हुआ था। इनके साथ विद्यालय के शारीरिक शिक्षक श्री राजीव कुमार मिश्रा हरियाणा गए हुए थे। इस अवसर डॉ, जी.एन. खान ने कहा कि पलामू जैसे क्षेत्र से राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण जीतना बहुत बड़ी बात है। हमारे छात्रों ने बता दिया कि कोशिश करने से बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, तो खेलकूद में भी सम्मानित स्थान प्राप्त करते हैं। डॉ. खान ने ने बताया कि डी.ए.वी नेशनल स्पोर्ट्स, एस.जी.एफ.आई द्वारा मान्यता प्राप्त है, जिससे छात्रों को बेहतर भविष्य निर्माण में उचित भारांक की प्राप्ति होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, सी.एस. पांडे, नीरज कुमार श्रीवास्तव , ए.के.पांडे, अंजनी कुमार भारद्वाज, विक्रम रॉय, कन्हैया राय उपस्थित थे।

## वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी कहा- देश प्रेम की प्रेरणा लें युवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मंगलवार 24 अप्रैल पलामू में झामुमो नेता अभिषेक सिंह के नेतृत्व में सन 1985 में हुए प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की विजय दिवस मनाते हुए श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन झामुमो युवा मोर्चा के सचिव और वीर कुंवर सिंह के वंशज आशुतोष विनायक ने किया। बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजो के खिलाफ 15 साल तक तलवार उठायी थी। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा 'आज ही के दिन अस्सी साल के उम्र में उन्होंने अंग्रेजों को हराया था। महानायक वीर कुंवर सिंह हम सबों को कभी नहीं झुकने और अत्याचारियों के खिलाफ अंतिम सांस तक लड़ते रहने की प्रेरणा देते हैं। आशुतोष विनायक ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा



'उज्जैन वंशी होने के नाते मुझे उन पर गर्व है और उनसे आज भी ताकत मिलती है। वहीं, बाबू कुंवर सिंह की जयंती के अवसर पर मंगलवार को पाटन मोड़ स्थित कुंवर सिंह की प्रतिमा पर पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह सहित दर्जनों लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हे याद किया। इस मौके पर सुधा चौधरी ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह 1857 में छिड़े स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। 80 वर्ष की उम्र में भी वे अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। दूसरी ओर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी। वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर फूलमाला चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि वीर कुंवर सिंह सिपाही विद्रोह के क्रांति दूत थे। वे एक महान योद्धा होने के साथ-साथ पराक्रमी और लौह पुरुष थे।

## एक नजर

### पोल पर तार जोड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

**गढ़वा ।** रंका थाना क्षेत्र के घासेदाग गांव में बिजली के पोल पर तार जोड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष के महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों में विगान सिंह का पुत्र सुदेश सिंह उसकी पत्नी प्रमिला देवी उसकी पुत्री लक्ष्मी कुमारी एवं प्रियंका कुमारी के नाम शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्रमिला देवी ने आरोप लगाई है कि उसके घर का बिजली का तार पोल से टूटकर निचे गिर गया था। उसके बाद उसे तार को जोड़ने के लिए गया। तो अमित सिंह उसे जोड़ने से मना कर रहा था इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में नोक झोक हो गई। इसके बाद सतनारायण सिंह अंग्रेज सिंह अकबर सिंह संतोष सिंह मनोज सिंह गुरदेव सिंह अमित सिंह विकास सिंह आदि ने मिलकर घायल उक्त चारों के साथ मारपीट कर दी।

### ऑटो से गिर कर एक व्यक्ति घायल

**गढ़वा ।** माझिआंव कांडी मार्ग पर मंगलवार को ऑटो से गिर का एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया घायल व्यक्ति माझिआंव थाना क्षेत्र के कोलुआ गांव निवासी रतु यादव का पुत्र फुलेश यादव बताया गया है उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना का संबंध में परिजनों ने बताया कि फूलेश यादव अपनी पत्नी के साथ मझिआंव में खाता खुलवाने के लिए आया हुआ था वापस जाने के दौरान ऑटो पर उसे नींद आ गया। इसी क्रम में चलती ऑटो से ब्रेकर पर गिरकर घायल हो गया घटना के बाद उसे मझिआंव स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था।

### छात्र-छात्राओं ने सीखा ट्राइबल आर्ट एंड क्राफ्ट का गुर

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में बेसिक उच्च विद्यालय के छात्र छात्राएं विद्यालय की शिक्षिका के निर्देशन में अखबार और कागज से बनने वाले आर्ट एंड क्राफ्ट के अंतर्गत ट्राइबल आर्ट एंड क्राफ्ट का विद्यालय के 26 छात्र छात्राओं ने गुर सिखा।वही बेसिक उच्च विद्यालय की शिक्षिका डॉ।वैजयंती उरांव ने बताया की रद्दी पेपर और अखबार तथा गोंद, वाटर कलर, धागा से छोटे छोटे डॉल या घर को सजाने संवारने के लिए नवाचार वस्तु बनाया जा सकता है।साथ ही बताया की बहुत ही कम लागत से इससे व्यवसाय के रूप में काम किया जा सकता है।वही शिक्षिका द्वारा अन्य चीजों को सीखने की भी जानकारी दी गई।मौके पर शिवानी कुमारी, शब्बा प्रवीन, बिना कुमारी, आयुष उरांव, जयवंत कच्छप, गजाला खातून, सूफिया प्रवीन, आरती कुमारी, राहुल चिकबड़ाक, कशिश प्रवीन सहित अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## कुआं सूखने से ग्रामीण पेयजल के लिए हैं परेशान

# कुआं मरम्मत करवाने की मांग की

### बघौता टोले में लगभग 10 परिवार रहते हैं



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातु ।** प्रखण्ड क्षेत्र के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा के टोला बघौता मे पूरन राम के घर के पास वाले कुआँ मे गर्मी के दस्तक देते ही कुआँ का पानी सुख गया। जिससे लोगो को पेयजल के साथ साथ अन्य दैनिक कार्य के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण भुनेश्वर राम, संजय कुमार, पूरन राम, धीरंजन कुमार, सुमन देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बातया कि इस टोले मे हमलोग लगभग 10 परिवार रहते है। जो पेयजल तथा अन्य दैनिक कार्यों के लिए एक कुआँ पर निर्भर है ।कुआं के सुख जाने सें हमलोग के बिच पेयजल के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। आगे ग्रामीणों ने कहा कि । इस कुआँ का एक बार मरमत करने की आवशयकता है। मरमत होने सें यहाँ पानी की समस्या दूर हो जाती। हमलोगो कुछ ग्रामीण मिलकर कुआँ गहराई करने का काम किया। जिससे थोड़ा बहुत पानी जमा हुआ है। लेकिन यह पानी सिर्फ गंदा निकला और फिर धीरे-धीरे सुख गया। जिसको लेकर पानी के लिए हम सबों को तरसना पढ़ रहा है। वही ग्रामीणों ने अपना पचयात मुखिया व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सें कुआँ मरमत करने की मांग की हैं।

### गांव में लगा गंदगी का अंबार, दे रहा संक्रामक बीमारियों को न्यौता



**चैनपुर ।** चैनपुर की ग्राम पंचायत चैनपुर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। मिलीभगत से काम में रुचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे में गांवों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं, गांव में दम तोड़ रहे स्वच्छ भारत मिशन अभियान के कारण अब ग्रामीणों को संक्रामक रोगों का खतरा भी सताने लगा है। ऐसा ही कुछ चैनपुर विकास क्षेत्र के ग्राम चैनपुर में देखने को मिला। यहां नाली की सफाई न होने से ग्रामीणों की मुसीबत बढ़ गई है।नालियां गंदगी होने के कारण गंदा पानी बाहर नहीं निकल पाता है और गांव की गलियों में ही फैलता रहता है। ऐसे में वहां कीचड़ व जलभराव के कारण जहां नालियों का पानी काला पड़ गया है वहीं दुर्गंध के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी है। ग्रामीणों ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाने व समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। ग्रामीण सुभाष केशरी ने बताया कि फैली गंदगी से दुकानों में समान बेचना काफी परेशानी हो गई है नालियां साफ सफाई हो जाए तो आने जाने वालों को दुर्गंध से निजात मिल जाएगा।

## विहिप ने हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारे का किया आयोजन



**श्री बंशीधर नगर ।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कार्यकताओं के जन सहयोग से भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 900 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारा का प्रसाद ग्रहण किए भंडारा का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष गौरव पांडेय और मनोज सोनी ज्वेलर्स दुकान संयुक्त रूप से भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना के बाद भोग लगाकर प्रसाद स्वरूप खीर को श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा कार्यक्रम दोपहर 3.00 बजे से लेकर शाम 5.00 बजे तक अनवरत चलता रहा। जिसमें श्रद्धालु उमड़ते रहें। वही मुख्य पथ के किनारे हनुमान मंदिर होने के कारण सड़क से आने जानेवाले यात्रियों को भी लोगो द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। भंडारा कार्यक्रम में बिट्टू जायसवाल, अनुराग कुमार, अंकित चंद्र, विकास कुमार, रोहित वर्मा, ललित पासवान,विकास कुमार पाल, अमन प्रताप देव ,राहुल चंद्रवंशी, चंचल पासवान, मंटू पासवान, निखिल कुमार तिवारी, विजय जायसवाल, आदि ने अपना-अपना योगदान दिया।

## कुडू में मृत व्यक्ति के परिजन को डीएफओ ने दिया 25000 मुआवजा, हाथी ने कुचला था

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू - लोहरदगा ।** कुडू में जंगली हाथीयों के झुंड ने एक बार फिर अपना कहर बरपाया है। सोमवार की देर रात करीब 10.30 बजे प्रखण्ड के ककरगढ़ पंचायत के चडरा गांव में जंगली हाथियों ने एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। मृतक की पहचान प्रखण्ड क्षेत्र के चंदलासो गांव निवासी शुक्रा उरांव का पुत्र महावीर उरांव (35 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 10:30 बजे बड़मड़ा ईटरा गांव में 20 से 25 जंगली हाथीयों के झुंड गांव की तरफ आने की सूचना ग्रामीणों को मिली। सूचना मिलने के बाद एकजुट हुए गांव वाले मशाल, बम -पटाखा लेकर हाथी को भगाने निकल गए। इसी बीच बड़मारा और चंदलासो गांव के सीमाने पर स्थित डेम के समीप अपने खेत की सिंचाई कर रहे महावीर उरांव भी हाथी भगाने चला गया। तभी महावीर भगत के क्रेशर के समीप ग्रामीण और हाथीयों का झुंड आमने सामने हो गया। हाथियों को सामने देख अफरा तफरी में लोगों ने इधर उधर भागकर अपनी जान बचाई जबकी महावीर जमीन पर गिर गया जिसे हाथियों ने कुचलकर मौत की घाट उतार दिया। हादसे के कुछ देर बाद ग्रामीणों ने महावीर को कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया वहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी के अलावा चार बच्चे हैं।




### हादसे को लेकर ग्रामीणों में है आक्रोश

घटना की सूचना पर लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने त्वरित संज्ञान लिया। जिसके बाद मृतक की पत्नी को अस्थायी राहत के रूप में डीएफओ लोहरदगा द्वारा 25 हजार रुपये का मुआवजा दिया गया। इस हादसे के बाद क्षेत्र के ग्रामीण वन विभाग की कार्यशैली से आक्रोशित हैं। लोगों का कहना है कि लगातार हाथियों द्वारा क्षेत्र में उत्पात मचाये जाने के बाद भी कोई पुख्ता इन्तेजाम नही किया जाता है जिससे प्रतिवर्ष दर्जनों लोग बेघर होते हैं और जान माल का नुकसान होता रहता है। फिलहाल हाथियों के क्षेत्र में घूमने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने वृद्धा आश्रम में बांटे फल




**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर ।** मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मंगलवार को वृद्धाआश्रम में वृद्धों के बीच फल वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य कमलेश कुमार ने कहा कि यहां पर वृद्ध खाने के लिए नही बल्कि घर वालो के तानों से तंग होकर आते हैं वृद्धो की पीड़ा यह है कि वे इस उम्र में कमा कर नहीं खा सकते और घर वाले उन्हें न कमाने के कारण ही ताना मारते हैं यह सामाजिक दृष्टि से निंदनीय हैं। धार्मिक दृष्टि से भी पाप हैं. कार्यक्रम प्रभारी प्रो महमूद आलम ने कहा कि विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष वृद्धा आश्रम में वृद्धो कि संख्या कम है हमे इनकी समस्याओ के समाधान के लिए समय समय पर आकर कुछ करना चाहिये। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक पूजा कुमारी, रिशु, नेहा, पुष्पा, अंजलि खुशबू, चंचल, माया, रानी, पम्मी, अर्चना, ब्यूटी सहित अन्य स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने प्रभारी रजिस्ट्रार हंस हेंब्रम के रवैये से तंग आकर उनके खिलाफ उठाई आवाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर ।** दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी रजिस्टार हंस हेंब्रम के रवैया से तंग आकर उनके खिलाफ आवाज उठाई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रत्येक केवाला पर दस हजार रुपए इनको बख्शीश चाहिये। उक्त बातें पूर्व मंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र केशरी ने मंगलवार को चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि इस मामले कि लिखित शिकायत सरकार तक की गई है। जिसकी प्रतिलिपि हमे भी दी गई है। उन्होंने कहा कि हुलहुला, पुरना नगर, बैलिया, रमना, बिलासपुर, बहियारी, कूपा, कैलान, बलिगढ़, चितविश्राम एवं पाल्हे के ग्रामीणों द्वारा लिखित शिकायत दी है। ग्रामीणों की शिकायत पत्र के आलोक में श्री केशरी ने जिला प्रशासन, अनुमंडल प्रशासन एवं सरकार से प्रभारी रजिस्टार हंस हेम्ब्रम को प्रभार से हटाकर किसी अन्य पदाधिकारी को प्रभार देने की मांग की है। ताकि क्षेत्र की जनता एवं भूमि रजिस्ट्रीकर्ता को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की जांच या रजिस्ट्री दोनों मामलों में विफल रहे है। विगत दिनों सगमा प्रमुख अजय साव द्वारा पशु शेड दिलाने के नाम पर लाभुकों से लिये गये राशि वापस कराने के मामले में अनुमंडल पदाधिकारी ने कार्यपालक दंडाधिकारी को जांच कर तीन दिनों के अंदर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कराने तथा की गई कारवाई से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का निर्देश दिया गया था। लेकिन इस मामले में भी कोई कारवाई नहीं हुई। मौके पर शिवधारी राम, मथुरा पासवान, कमला सिंह, सगमा मण्डल अध्यक्ष दिलीप यादव, भैया राम विश्वकर्मा, दिनेश शर्मा, अरुण कुमार, रमेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।




## न्यूज बॉक्स

### विद्यालय टॉपर रानी को मुखिया प्रतिनिधि ने किया सम्मानित



**केतार।** प्रखंड के लोहरगडा.गांव निवासी विजय चौधरी की पुत्री रानी कुमारी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 88.20 प्रतिशत अंक लाकर उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेरौनी में विद्यालय टॉपर और प्रखंड में छठा स्थान प्राप्त की है। इससे विद्यालय और पंचायत में के लोग उत्साहित हैं।लोहरगाड़ा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सिताराम शर्मा ने मंगलवार को रानी को बुके देकर सम्मानित किया। मुखिया प्रतिनिधि ने कहा की आज किसी भी क्षेत्र में बेटियां बेटों से कम नहीं है। उन्होंने अपने पंचायत क्षेत्र के लोगों को बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए आग्रह किया।रानी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में हिंदी में 84, अंग्रेजी में 90, गणित में 89, विज्ञान में 88, संस्कृत में 90, और समाजिक विज्ञान में 71 नम्बर प्राप्त की है।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

**गढ़वा ।** रंका थाना क्षेत्र के ठुठा मोड़ के पास दो मोटरसाइकिल के टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक अन्हर गांव निवासी गोपाल यादव का पुत्र नंदू यादव 40 वर्ष बताया गया है। जबकि घायल छत्तीसगढ़ के विजयनगर चौकी थाना क्षेत्र के फुलवार गांव निवासी भरोसा यादव का पुत्र उमेश यादव कोई इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया कि उमेश यादव अपने साढू नंदू यादव के यहां आया हुआ था इसके बाद दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर बांडू बाजार गया था। वापस लौट के क्रम में ठुठा मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। इसके बाद घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने दोनों को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां नंदू यादव को चिकित्सकों मृत घोषित कर दिया घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया है।

### मेराल थाना क्षेत्र के कमरमा गांव निवासी रामचंद्र भुईयां बाइक दुर्घटना में हुआ घायल

मेराल थाना क्षेत्र के कमरमा गांव निवासी रामचंद्र भुईया का पुत्र अरुण कुमार राम मोटरसाइकिल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में अरुण कुमार राम ने बताया कि वह गढ़वा से अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर जा रहा था इसी दौरान मेराल थाना क्षेत्र के दलेली गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल सवार ने उसकी मोटरसाइकिल मे टक्कर मार दिया इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया इस घटना में उसका पैर बुरी तरह से फैक्कर हो गया है।

### नौ वर्ष का बालक छत से गिरकर जख्मी

**गढ़वा ।** पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र के फरुखनगर गांव निवासी इस्तहाक अंसारी का पुत्र सरफराज नौ वर्ष छत से गिरकर घायल हो गया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सरफराज छत के ऊपर खेल रहा था इसी क्रम में छत से गिरकर घायल हो गया घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### सर्वोदय संवाद विचार गोष्ठी का आयोजन




**लोहरदगा।** कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के बैनर तले सर्वोदय संवाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायती राज व्यवस्था के विषय में और पेसा कानून के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई, अभी भी पंचायती राज में जितने भी जनप्रतिनिधि हैं अधिकतर जनप्रतिनिधियों को यह जानकारी ही नहीं है की ग्राम सभा का क्या महत्व है। इस सर्वोदय सभा में राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश अध्यक्ष सुमित शर्मा, दक्षिण छोटा नागपुर राजीव गांधी पंचायती राज के कोऑर्डिनेटर सुभाष नाग, राजीव गांधी पंचायती राज के जिला कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार, सचिव अनमोल तिर्की, जिला प्रवक्ता प्रकाश उरांव, महत्वपूर्ण उपस्थिति में मीर रिजवान, पुनीता भगत, मनीषा कुजूर, मुन्नी देवी, सुमित्रा उरांव, रेजिना बेबी, चंद्रमनी देवी, सरिता देवी, सावित्री देवी, नाजिया परवीन, इशरत खातून समेत अन्य उपस्थित रहे।

### अर्णव, आयुषी, मयंक, इशिका एवं हर्षित अपने-अपने ग्रुप के बने चैंपियन




**गढ़वा ।** वर्ल्ड टेबल टेनिस डे के अवसर पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ की ओर से एक दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन सामुदायिक भवन वन विभाग के परिसर में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह प्रतियोगिता के संरक्षक अलख नाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष सुशील केशरी अशोक कुमार दुबे, नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, जे पी एस सेंट्रल स्कूल के निदेशक चन्द्र भुषण सिन्हा,सह सचिव प्रिंस सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस मौके पर खिलाड़ीयो को संबोधित करते हुए अलख नाथ पांडेय ने कहा कि गढ़वा जिला में टेबल टेनिस के खिलाड़ी अच्छा कर रहे हैं, हम सबका लक्ष्य गढ़वा से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकाला है। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि कम संसाधन में खिलाड़ी अपनी मेहनत के बदौलत जिस मुकाम तक पहुंचे हैं अगर उन्हें और बेहतर संसाधन उपलब्ध करा दिया जाए तो निश्चित ही यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में भी मेडल प्राप्त करेंगे। नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस प्रकार की भी सहायता की आवश्यकता होगी सरकार आपके साथ है और जरूरी चीजों को उपलब्ध कराने में हमारी जब भी जरूरत हो आप कहें मैं आपके साथ हूं।

### हनुमान जन्मोत्सव एवं वीर कुंवर सिंह जयंती मनी

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में हनुमान जन्मोत्सव एवं वीर कुंवर सिंह जी की जयंती पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गयो कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया गयो हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर ऋद्धि मिश्रा एवं प्रीति कुमारी द्वारा हनुमान जी के बचपन की घटनाओं को बताया गया। वीर कुंवर सिंह जयंती की शुरूआत उनके जीवनी, उपलब्धियों एवं उनके शौर्य गाथाओं के वर्णन के साथ किया गया तत्पश्चात भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता के सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गयो महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह जी का अंतिम दिन में दिए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता एवं भगवान हनुमान के जन्म से जुड़ी कथा और हनुमान जी के भक्ति करने का महत्व को बताया। कार्यक्रम का संचालन सह अतिथि स्वागत का कार्यक्रम प्रीति कुमारी गुप्ता ने करायो निर्णायक की भुमिका कविता कुमारी और ऋद्धि मिश्रा ने निभायो कार्यक्रम में यशोदा कुमारी, चेतना प्रिया, सनोज कुमार साहु, रितेश पाठक, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## दो लोकसभा चुनाव में हुई जीत-हार के अंतर से ज्यादा वोट मिले नोटा को

# यहां निर्दलीयों की तुलना में नोटा को मिलता है ज्यादा वोट

**राहुल कौशल । लोहरदगा**

लोहरदगा लोकसभा चुनाव कई मायनों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के प्रात्यशियो, निर्दलीयों और नोटा (उम्मीदवारों की सूची में शामिल एक भी प्रत्याशी ऐसा नहीं है जिसे जनता पसन्द करती हो) को भी वोट मिलता है। सर्वोच्च न्यायालय ने नोटा को अनिवार्य इस वजह से किया था कि लोग अपनी इच्छा के अनुसार मतदान करें। लेकिन लोहरदगा लोकसभा सीट में पिछले दो चुनावो में नोटा को निर्दलीयों प्रात्यशियो की तुलना में ज्यादा वोट मिला है जो कई सवालों को जन्म देता है। साल 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में नोटा को 16764 वोट प्राप्त हुए थे जबकि साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में कुल 10783 वोट नोटा को मिले थे। वही इससे काफी कम वोट कई निर्दलीय प्रत्याशियों को मिले थे। अगर जनता के नजरिये से देखा जाय तो नोटा को वही लोग वोट करते हैं जो चुनाव में खड़े एक भी उम्मीदवार को पसंद नहीं करते हो। इस प्रकार यह कहना झूठ नहीं होगा कि निर्दलीय प्रत्याशियों पर नोटा ज्यादा भारी है। लोहरदगा लोकसभा सीट में नोटा को मिले वोट जीत हार के अंतर से ज्यादा है। 2019 के चुनाव में जहाँ सुदर्शन भगत को 371595 मत मिले थे तो वही सुखदेव भगत को 361232 मत मिले थे। सुदर्शन भगत के जीत और सुखदेव भगत के हार का आंकड़ा महज 10363 थी। जबकि नोटा को 10783 मत मिला था। अगर हम 2014 के लोकसभा चुनाव परिणाम पर नजर डाले तो 2014 के चुनाव में त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा के सुदर्शन भगत से कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव और चमरा लिंडा की हार हुई थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में सुदर्शन भगत को 226666 मत मिले थे। वही डॉ। रामेश्वर उरांव को 220177 मत मिले थे। जबकि चमरा लिंडा को 118355 वोट मिले थे। जबकि नोटा को 16764 वोट मिले थे। वही जीत हार का अंतर 6489 था। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2013 में नोटा के विकल्प को अनिवार्य किया था। इसके बाद साल 2014 और साल 2019 के चुनाव में मतदाताओं ने नोटा का उपयोग किया।

**लोहरदगा लोकसभा चुनाव, पिछले दो चुनावों में निर्दलीय की तुलना में जनता ने नोटा को ज्यादा पसंद किया**

### वर्ष 2014 के चुनाव परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| सुदर्शन भगत | - भाजपा | - 226666 |
| डॉ. रामेश्वर उरांव | - कांग्रेस | - 220177 |
| चमरा लिंडा | - तृणमूल कांग्रेस | - 118355 |
| वीरेंद्र भगत | - जेवीएम | - 26109 |
| **नोटा** | | **- 16764** |
| लाल साय भगत | - सीपीआई | - 13252 |
| जयराम इंदवार | - बीएसपी | - 11794 |
| महेंद्र उरांव | - निर्दलीय प्रत्याशी | - 6436 |
| रंजीत उरांव | - निर्दलीय प्रत्याशी | - 6037 |
| नवल किशोर सिंह | - निर्दलीय प्रत्याशी | - 5870 |

### साल 2019 के चुनाव परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| सुदर्शन भगत | - भाजपा | - 371595 |
| सुखदेव भगत | - कांग्रेस | - 361232 |
| देव कुमार धान | - जेकेपी | - 19546 |
| **नोटा** | | **- 10783** |
| संजय उरांव | - निर्दलीय | - 10663 |
| दिनेश उरांव | - एआईटीसी | - 9643 |
| रघुनाथ महली | - निर्दलीय | - 8950 |
| संजय उरांव | - निर्दलीय | - 5263 |
| कलिंदर उरांव | - निर्दलीय | - 4061 |
| श्रवण कुमार पन्ना | - निर्दलीय | - 4048 |
| अजीत भगत | - निर्दलीय | - 2880 |
| एकुस धान | - निर्दलीय | - 2341 |
| आनंद पॉल | - निर्दलीय | - 2339 |
| एलोन बाखला | - निर्दलीय | - 2317 |
| अम्बेर सौरव | - निर्दलीय | - 1889 |

## न्यूज बॉक्स

### चतरा उपायुक्त पहुंचे सदर अस्पताल, सफाई की स्थिति देख कंपनी को लगाई फटकार



**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने देर रात्रि सुविधाओं का औचक निरीक्षण करने सदर अस्पताल चतरा पहुंचे। उन्होने निरीक्षण के क्रम में अस्पताल की साफ सफाई, दवाओं की उपलब्धता, रोस्टर अनुसार लगाए गए चिकित्सकों एवं कर्मियों की ड्यूटी, उपस्थिति पंजी, मरीज वार्ड समेत अन्य का जायजा लिया। मौके पर उन्होने रात्रि ड्यूटी से अनुपस्थित व लापरवाह कर्मियों को स्पष्टीकरण करने के साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई को देख अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होने कार्य करने वाले आउटसोर्सिंग एजेंसी को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र व दूर दराज से मरीज अपना स्वास्थ्य जांच व ईलाज कराने सदर अस्पताल आते हैं। उनका समुचित जांच व ईलाज हो यह सुनिश्चित किया जाय। साथ ही बढ़ते तापमान को देखते हुए पेयजल की भी समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। आगे उन्होने कहा वर्तमान में निरीक्षण के दौरान जो समस्याएं देखी गई है वैसी समस्याएं अगले निरीक्षण के दौरान पुनः न हो। उन्होने मरीजों और उनके परीजन से मुलाकात कर मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया।निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### स्टेट कराटे प्रतियोगिता में लातेहार के खिलाड़ियों ने जीते पदक, बढ़ाया जिले का मान

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड सहित जिले के अन्य भागों के कराटे खिलाड़ियों का हरिवंश टाना भगत इंदौर स्टेडियम खेलगांव रांची में स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान मे दो दिवसीय स्टेट कराटे प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें जिला के कराटे खिलाड़ियों ने मैडल पर कब्जा किया। 50 किलोग्राम भार में बालिका वर्ग कुमीते में सुमन किस्पोट्टा ब्राउन मैडल और 45 किलोग्राम भार में भुपेन्द्र सिंह सिल्वर मैडल पर कब्जा कर अपने लातेहार जिला का मान बढ़ाया। वही लातेहार जिला कराटे डू एसोसिएशन के अध्यक्ष सेन्सेई मदन लाल नेशनल जज व रेफरी के लिए नियुक्त किये गए।इस मौके पर पदक लाने वाले खिलाड़ियों को एसोसिएशन के सचिव जंग बहादुर सिंह, सेन्दाई संगीता टोपनो, सेम्पाई रमेश कुमार व सभी सिनियर, जूनियर कराटे खिलाड़ियों ने ढेर सारी शुभकामनाएं व बधाई दी है।

### नहीं रहे भाजपा नेता प्रदीप सिंह



**बरवाडीह ।** रांची में इलाजरत पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह युवा भाजपा मंडल महामंत्री प्रदीप सिंह का मंगलवार दोपहर देहांत हो गया। पारस अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस लीं। वरीय भाजपा नेता सह मनिका विधानसभा के पूर्व विधायक हरेकृष्णा सिंह के पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रदीप सिंह के रविवार रात्रि एकाएक तबियत बिगड़ गई थी।जिसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए ले जाया गयाथा।लेकिन स्थिति गंभीर देखते हुए उसे सीएचसी से तत्काल डाल्टेनगंज रेफर कर दिया गया था। लेकिन वहां भी स्थिति में सुधार होता नही देख सोमवार सुबह को बेहतर इलाज के लिए एम्बुलेंस से रांची ले जाया गया था।चिकित्सक के अनुसार प्रदीप सिंह की ब्रेन हेमरेज के बाद हालत बिगड़ी थी और वह कोमा में चले गएथे।रांची में पारस अस्पताल में भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह की देखरेख में भर्ती करावा कर उसका इलाज किया जा था। प्रदीप सिंह निधन पर भाजपा समेत दूसरे दल के नेताओ ने उनके आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त की है।

### महुआडांड़ में कैश मार्ट का हुआ उद्घाटन



**महुआडांड़।** महुआडांड़ मुख्य बाजार स्थित शास्त्री चौंक के समीप मंगलवार को कैश मार्ट का उद्घाटन जामा मस्जिद के इमाम सब्बर ज्या कादरी व जामा मस्जिद सदर इमरान खान, मस्जिदें गौसिया के सदर मजूल अंसारी, पंचायत के मुखिया प्रमिला मिंज,उषा खलखो सुषमा कुजूर,व अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। जिसके उपरांत कैश मार्ट के मालिक अबुल कैश ने बताया कि मेरा एक सोच था कि महुआडांड़ में ग्रोसरी का सारा आईटम एक ही स्थान पर मिले।और महुआडांड़ में कोई भी ऐसा मार्ट नहीं था।जिसे देखते हुए मैंने यहां मार्ट खोला है। मौके पर डाक्टर जमशेद परवेज आलम, नुरुल होदा,कमरूल होदा नुरुल होदा, खुर्शीद आलम,सफरूल खान,सुरज कुमार,चंदन कुमार, कयामुद्दीन,समेत बच्चे व अन्य लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर दो युवकों की मौत, सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा-पिपरवार मुख्य पथ में नईपारम मोड़ के पास मंगलवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा दिया। जिससे दोनों बाइक सवार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चपेट में आये युवकों को गंभीर अवस्था में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया था, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। वहीं हजारीबाग ले जाने के दौरान ही दोनों युवकों की मौत रास्ते में हीं हो गई। मृतकों की पहचान खलारी थाना क्षेत्र के राय निवासी मुनेश्वर महतो के 25 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार एवं केरेडारी थाना क्षेत्र के पगार निवासी गुलाब महतो के 27 वर्षीय पुत्र छोटे कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर टंडवा-पिपरवार मुख्य पथ को जाम कर कोयले की ढुलाई बन्द करवा दी है। खबर लिखे जाने तक सड़क जाम जारी रहा।

## बीडीओ व सीओ ने सीएपीएफ केंद्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय बारिसाखी को लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने को लेकर सीएपीएफ केंद्र बनाया गया है। मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव व अंचल अधिकारी राकेश सहाय विद्यालय पहुंच कर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरानं बगैर सूचना प्रधानाध्यापक राजकुमार यादव अनुपस्थित पाए गए। जबकि चुनाव कार्य में लापरवाही को देखते हुए 24 घंटे के अंदर प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण पूछा गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबन को लेकर उपयुक्त से अनुशंसा करने की बात कही। बताया गया कि सीएपीएफ केंद्र में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर केंद्रीय पुलिस बल का ठहराव किया जाना है। ऐसे में केंद्र पर शौचालय, बाथरूम, बिजली, पेयजल सहित अन्य सुविधा को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया था। परंतु प्रधानाध्यापक द्वारा संतोषजनक कार्य नहीं किया गया है। विद्यालय मूल भवन में अभी तक बिजली का कनेक्शन नहीं किया गया है। विद्यालय में उपस्थित अन्य शिक्षकों को बीडीओ व सीओ ने जमकर फटकार भी लगाया। उन्होंने कहा विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण अच्छी नहीं दिख रही है। शिक्षकों को अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदारी बरतने का निर्देश दिया। कहा बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीडीओ व सीओ ने विद्यालय भवन का निर्माण कर रहे संवेदक को 24 घंटे के अंदर शौचालय, बाथरूम सहित अन्य सुविधा को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। आदेश का पालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है।

### निर्धन, बेसहारा व सरकारी स्कूल के बच्चों को मुफ्त में पढ़ा रहे हैं अंकित पाठक



**टंडवा (चतरा)।** विद्यार्थियों के सपनों को बुनने और उसे साकार करने में बेहतर शिक्षा के साथ छात्रों के कठिन परिश्रम की अहम भूमिका होती है। ऐसे हीं टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सेरनदाग में निर्धन, बेसहारा व लाचार बच्चों के साथ सरकारी विद्यालय में जाकर बच्चों को निःशुल्क पढ़ाने वाले अंकित पाठक की लोग चर्चा करते हैं। भाड़े के मकान में वे ब्राइट फ्यूचर नामक कोचिंग सेंटर चलाते हैं। बताया कि वर्तमान में उनके कोचिंग सेंटर में निःशुल्क पढ़ने वाले आसपास गांवों के 12 बच्चे हैं, जो कुछ निर्धन, तो कुछ लाचार व बेसहारा हैं। माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम से उत्साहित अंकित ने बताया कि उनके सेंटर में ट्यूशन पढ़ने वाले 42 विद्यार्थियों में से 35 बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

## शत-प्रतिशत मतदान को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा(चतरा)।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने व निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप (मतदाता जागरूकता) अभियान कार्यक्रम जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्र में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के कुंदा प्रखंड क्षेत्र के सिक्कीदाग पंचायत अंतर्गत सरजमातु गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी जानकारी देते हुए अधिक से अधिक मतदान करने की बात कही गई। मौके पर मौजूद मनरेगा बीपीओ अजय सिन्हा ने काहा की देश के लोकतांत्रिक त्योहार में हम सबो का नैतिक जिम्मेदारी बनता है की देश हित में अपना मत का प्रयोग जरूर करे। उन्होंने ने काहा की किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरे। वही आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलाई की लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे, साथ ही अपने घरों और आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे। जागरूकता कार्यक्रम में संबंधितों के साथ भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## तैलिक साहु समाज ने मनाई दानवीर भामाशाह की जयंती



**टंडवा(चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के रक्सी गांव एवं भामाशाह चौक गाड़ीलौंग में अखिल भारतीय तैलिक साहु समाज द्वारा दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता ग्राम अध्यक्ष राजेंद्र साहु व संचालन सचिव चंद्रदेव साहु ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत रक्सी गांव में स्थापित दानबीर भामाशाह की प्रतिमा में माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान लोगों ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। हमारे पूर्वज भामाशाह ने मुगल शासकों से देश की आजादी के लिए तीन हजार स्वर्ण मुद्राएं दान में दिए थे। वक्ताओं ने सरकार से सरकारी जयंती मनाने की मांग पर जोर दिया। मौके पर चन्द्रदेव साहु, मनोज साव, महाबीर साव, सुगन साव, राजेन्द्र साव, शंकर साव, गोविंद साव, अशोक साव, जयप्रकाश साहु, शंकर कुमार, झालिया देवी, बेबी देवी, खुशबू, सुनीता, मंजू देवी आदि उपस्थित थे।


**उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा**
**(सामान्य शाखा)**

**आदेश**

लोकसभा (आम) निर्वाचन 2024 के आलोक में स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने हेतु शस्त्र अधिनियम–1962 की धारा 46(21) के तहत लोहरदगा के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 252/सा0, दिनांक 20.03.2024 एवं आदेश ज्ञापांक 269/सा0, दिनांक 01.04.2024 के द्वारा अपने शस्त्रों को थाना/ओ0पी0 अथवा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दूकान में दिनांक 04.04.2024 तक अंतिम चेतावनी के साथ जमा करने का आदेश निर्गत किया जा चुका है।

तदनुसार एतद् द्वारा लोहरदगा जिला में आवासित वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों जिनकी अनुज्ञप्ति झारखण्ड राज्य के अन्य जिले या अन्य राज्य से निर्गत है परन्तु लोहरदगा जिला में पंजीकृत नहीं है एवं वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जिनकी अनुज्ञप्ति लोहरदगा जिला से निर्गत है परन्तु वर्त्तमान में वे अन्य जिले या अन्य राज्यों में आवासित हैं। निदेश है कि अगले 24 घंटे के अन्दर अपने नजदीकी थाना/ओ0पी0 अथवा वैध शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दूकान में अपने शस्त्र को जमा करना सुनिश्चित करेंगें, अन्यथा शस्त्र नियमावली के सुसंगत धाराओं के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

PR 324027 Lohardaga(24-25)#D — प्रभारी पदाधिकारी, सामान्य शाखा,लोहरदगा। — उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा।



**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**अत्यधिक गर्म मौसम (लू) के दौरान सीधी गर्मी के संपर्क से जानवरों की देखभाल करने हेतु पशुपालकों से अपील :–**

1. पर्याप्त आश्रय प्रदान करना :– जानवरों को पूरे दिन छायादार जगहों पर रखें। पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों से अस्थायी आश्रयों (झाला) का निर्माण करें या उन्हें सीधे सूर्य की रौशनी से बचाने के लिए पेड़ों या अन्य संरचनाओं से प्राकृतिक छाया प्रदान करें।
2. पानी के कटोरे और बर्तन रखना :– जलसंचय योजना गर्मी के तनाव से निपटने की कुंजी है। पानी के कटोरे में साफ, ताजा पानी नियमित रूप से भरें और अधिक गर्मी से बचने के लिए उन्हें छायादार क्षेत्रों में रखें, साथ ही कुओं/हैंडपंप आदि के पास चौड़े, खुले वाले बड़े मिट्टी के बर्तनों या ऐसे कंटेनरों का उपयोग करना चाहिए जिन्हें जानवर आसानी से पलट न सकें।
3. गर्मी के तनाव के लक्षणों की निगरानी करें :– गर्मी की थकावट या हीटस्ट्रोक (लू) के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें, जिनमें अत्यधिक हांफना, सुस्ती, लार टपकना, तेजी से दिल की धड़कन और पतन आदि शामिल है। यदि संकट के कोई भी लक्षण दिखाई दें तो ओ0आर0एस0 का उपयोग करें एवं तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करें।
4. जागरूकता :– अपने समुदाय के भीतर जानवरों को अत्यधिक गर्मी से बचाने और सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएं। यदि आवश्यक हो तो सहायता प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

पशु क्रुरता की रोकथाम के नियम 1965 के नियम 06 के उप–नियम 03 में कहा गया है कि जहाँ तापमान 37 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो वहां दोपहर 12 बजे से 03:00 बजे के बीच कोई भी व्यक्ति उन क्षेत्रों में वाहन खींचने या भार ढ़ोने के लिए किसी जानवर का उपयोग नहीं करेगें।

सभी पशुपालकों से अपील किया जाता है कि अत्यधिक गर्मी के प्रतिकुल प्रभावों से बचाने के लिए अपने जानवरों को गर्मी से संबंधित बीमारियों और संकट से बचाने के लिए सक्रिय उपाय करें। ताकि चरम मौसम की स्थिति के कारण जानवरों को कोई अनावश्यक दर्द या पीड़ा न हो।

निवेदक
(डॉ0 प्रभाकर कुमार सिन्हा)
जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

PR 324030 District(24-25)D



**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा**
(Email Id: cs-chatra@jharkhandmail.gov.in)
**जिला स्वास्थ्य समिति, चतरा**

**लू से बचाव एवं उपचार के लिए: क्या करें/क्या न करें**

हीटवेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती हैं, जिससे मृत्यु भी हो सकती है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए निम्न तथ्यों पर ध्यान देना आवश्यक है :–

**–: क्या करें :–**

- लू लगने, एवं गर्मी से ऐंठन के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, मिचली आना, पसीना आना, मूर्छित होना आदि को पहचानें।
- यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते है तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें।
- अधिक से अधिक पानी पियें, यदि प्यास न लगी हो तबभी।
- यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ अवश्यक ले जाए।
- ओ0 आर0 एस0, (ORS) घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू पानी, छाछ अदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सकें।
- जल की अधिक मात्रा वाले मौसमी फल एवं सब्जियों का प्रयोग करें यथा तारबूज, खरबूज, संतरें, अंगूर, अनानास, खीरा, ककड़ी, सलाद पत्ता (जूस)
- हल्के रंग के पसीना शोशित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें।
- धूप के चश्में, छाता, टोपी एवं चप्पल का प्रयोग करें।
- अगर आप खुलें में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ–पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करें।
- उचित वायु संचरण वाले शीतल स्थानों पर रहें।
- सूर्य की सीधी रोशनी तथा ऊष्ण हवा को रोकने हेतु उचित प्रबंधन करें अपने घरों को ठण्डा रखें, दिन में खिड़कियाँ, पर्दे तथा दरवाजे बंद रखें विशेष कर घर तथा कार्यालय के उन क्षेत्रों में जहाँ सूरज की सीधी रौशनी पड़ती हो, उसे शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इन्हें खोल दें।
- घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि तथा आवृतिको बढ़ायें।
- पंखे, गीले कपड़ों का उपगोग करें।
- ऐसे बुजुर्ग तथा बीमार व्यक्ति जो एकांत वास करते हो, के स्वास्थ्य की नियमित रूप से देखभाल तथा समीक्षा की जानी चाहिए।
- घरो को ठंडा रखें दिन के समय पर्दे, खिड़कियां, दरवाजें इत्यादि बंद कर रखें तथा रात को खिड़कियाँ खोलकर रखें।
- दिन के समय में अपने घर के निचले तल पर प्रवास का प्रयास करें।
- शरीर के तापमान कोकर रखने के लिए पंखे, गीले कपड़े इत्यादि का प्रयोग करें।
- जनवरों को छायादार स्थानों पर रखे तथा उन्हें पर्याप्त पानी पीने को दें।
- उच्च जो क्षिम समूह यथा–एक वर्ष से कम आयु के शिशु तथा अन्य छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाये, वाह्म वातावरण में (Outdoor) कार्य करने वाले व्यक्ति, बीमार व्यक्ति विशेष कर हृदय रोगी अथवा उच्चरक्त चाव से ग्रस्त व्यक्ति तथा ऐसे व्यक्ति जो ठंडे क्षेत्रों से गर्म क्षेत्रों में जा रहें हो को हीटवेव से अधिक ध्यान दिए जाने की आवश्यकता होती

**–: क्या न करें :–**

- अधिक गर्मीवाले समय में, विशेष कर दोपहर 12 से 03 बजें के मध्य सूर्य की सीधी रोशनी में जाने से बचें।
- नंगे पैर बाहर ना निकलें।
- अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों के प्रयोग से यथा संभवब चें तथा बासी भोजन का प्रयोग ना करें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को खड़ीगाड़ियों में ना छोड़े।
- गहरें रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें।
- जब बाहर का तापमान अधिक हो तब श्रम साध्य कार्य न करें।
- अधिक गर्मी वाले समय में खाना बनाने से बचें, रसोईवाले स्थान को ठण्डा करने के लिए दरवाजे तथा खिड़कियाँ खोल दें।
- शराब, चाय, काफी, कार्बोनेडसाफ्टड्रिंक आदि के उपयोगक रने से बचें, क्योंकि यह शरीर में निर्जलीं करण करते है।

असैनिक शल्य चिकित्सक
PR 324026 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा


### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता में दी मतदाता सूची के संबंध में जानकारी

# मतदाता सूची में 16 हजार नए वोटर दर्ज, चतरा का नाम हुआ रोशन

## निष्पक्ष एंव भयमुक्त वातावरण में होगा मतदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** मंगलवार को लोकसभा चुनाव व मतदाता सूची से संबंधित जानकारी उपायुक्त सह जिला निर्वाचण पदाधिकारी रमेश घोलप ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में प्रेस वार्ता कर दी। श्री घोलप ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का शत प्रतिशत पालन होगा और निष्पक्ष एंव भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन कराया जाएगा। अधिसूचना जारी होने के बाद से अब तक 16 हजार नए मतदाताओं का नाम मतदाताता सूची में दर्ज कर झारखंड प्रदेश में चतरा का नाम रौशन हुआ है। साथ ही जिले में अभियान चलाकर 18 करोड़ 72 लाख रुपये के निशिले पदार्थ जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा का मतदान प्रतिशत राज्य के मतदान प्रतिशत से कम था। इस बार जिले के 914 मतदान केंद्रों में से 350 मतदान केंद्रों को चिन्हित किया गया है। जिसमें मतदान प्रतिशत कम हुआ था। उन मतदान केंद्रों के मतदाताओं को रात्रि चौपाल आयोजित कर विशेष रुप से मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं चतरा विधानसभा क्षेत्र से 4338 नए मतदाता सूचि में जोड़ने हेतु दोनो विधानसभा से 10129 प्रपत्र.6 प्राप्त हुए है। 350 मतदान केंद्रों में से 50 मतदान केंद्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विशेष निगरानी के लिए मैं स्वंय और डीडीसी समेत जिले के पदाधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। आगे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि नए मतदाताओं के नाम जोड़ने में डीडीसी पवन कुमार मंडल समेत जिला प्रखंड एंव बीएलओ का सराहनीय योगदान रहा है। जिसके कारण झारखंड प्रदेश में चतरा मतदाताओं के नाम जोड़ने में बेस्ट परफॉर्मेंस पेश किया है। उन्हों ने कहा कि 107 के तहत अब तक 1461 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। मतदान पूरी तरह निष्पक्ष एंव भयमुक्त हो इसके लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया है कि निर्भीक होकर अपने मतों का उपयोग करें. मतदाताओं में जागरूकता के लिए जिले के सभी 914 बूथों पर रात्रि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। अभी तक सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से कुल 5791 प्रपत्र.6 प्राप्त हुए है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में चतरा एसडीओ सुरेंद्र उरांव, सिमरिया एसडीओ सन्नी राज और डीपीआरओ शकील अहमद आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया



**लोहरदगा।** लोकसभा आम चुनाव अंतर्गत 13 मई को होने वाले मतदान को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। यह जागरूकता आज कार्यक्रम किस्को एवं पेशरार प्रखंड के कम मतदान प्रतिशत वाले तिसीया, सलैया, देवघरिया, सिरम गांव स्थित मतदान केंद्रों के मतदाताओं के बीच चलाया गया। भ्रमण कर मतदाता ओं को पारंपरिक हकार शैली में चावल और हल्दी देकर निर्धारित तिथि को वोट देने के लिए निमंत्रण दिया गया। साथ ही सामूहिक बैठक कर मतदाताओं से 13 मई को अपने मतदान केंद्र में जाकर वोट देने की अपील की गई। यह कार्यक्रम सीता पुष्पा, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग के नेतृत्व में किया गया।
अवैध देशी कट्टे के साथ एक गिरफ्तार

### देसी कट्टे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**लोहरदगा।** किस्को थाना पुलिस ने अवैध देशी कट्टे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान अर्जुन यादव उर्फ कुनु, पिता सुगमबर यादव, ग्राम- हुटाप, थाना- किस्को, जिला लोहरदगा के रूप में की गई है। इस संदर्भ में किस्को थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के क्रम में किस्को थाना अन्तर्गत ग्राम हुटाप स्थित जलमीनार के पास पुलिस वाहन को देख कर भाग रहे एक युवक को एक देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक चन्द्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी हर्षवर्द्धन कुमार सिंह, महेन्द्र प्रसाद यादव, प्रकाश कुमार, देवेन्द्र हाँसदा, नागेन्द्र दीक्षित, विकास सिंह समेत अन्य शामिल थे।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ऐश्वर्या विद्यालय में मना पृथ्वी दिवस

**गुमला ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला व ग्राम सेवा पथ ट्रस्ट गम्हरिया घाघरा के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पृथ्वी दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत संत जोसेफ हॉस्पिटल उर्मी और बिरसा मुंडा एग्रो पार्क गुमला में बीके शांति दीदी के निदेर्शानुसार विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधे के साथ-साथ अमरूद, सीसम, नीम, पीपल, अर्जुन, पारिजात, गुलमोहर, इत्यादि पेड़ लगाए गए। ताकि जो पर्यावरण की स्थिति असंतुलित हो चुकी है उसे संतुलन प्राप्त हो। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश वर्तमान जिला उपभोक्ता फॉर्म के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे, संत जोसेफ हॉस्पिटल नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. आरती , बीके ममता, बीके अंजिता, पंकज कुमार, रिधिमा कुमारी एवं उनके माता-पिता, बीके शिव भाई, बीके रंजीत भाई, उत्तम भाई इसके साथ सैकड़ो की संख्या में नर्सिंग बहने और शिक्षिकाएं की

# लोहरदगा लोस सीट के लिए तीन प्रत्याशियों ने भरा नामांकन पत्र









**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला ।** गुमला-लोहरदगा निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कक्ष में पहुंचकर मंगलवार को कुल तीन प्रत्याशियों ने लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। सनिया उरांव-स्वतन्त्र अभ्यर्थी पार्टी ( निर्दलीय ), पवन -स्वतंत्र पार्टी ( निर्दलीय ) और मारियानुस तिग्गा -भारत आदिवासी पार्टी ) ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किये । सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व अपने-अपने पार्टी समर्थकों के साथ सामूहिक रूप से जिला मुख्यालय गुमला के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए एक जुलूस के शक्ल में ढोल नगाड़े के साथ जुलूस निकालकर गुमला-लोहरदगा लोकसभा चुनाव के निर्वाचन पदाधिकारी सह गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कक्ष स्थल तक पहुंचे और अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया।

### इटवा उरांव ने लोगों के सहयोग से नामांकन पत्र खरीदा

**गुमला ।** गुमला-लोहरदगा लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनने का हौसला बुलंद रखने वाले, गुमला जिला अंतर्गत घाघरा थाना स्थित सुरंगों ग्राम निवासी इटावा उरांव ने इस प्रचंड गर्मी में भी खाली पैर और खाली पॉकेट रहने के बावजूद लोगों के सहयोग से नामांकन पत्र खरीदा और भ्रष्टाचार को समाप्त करने की जज्बा रखने वाले, इतवा उरांव ने अकेले स्वतंत्र पार्टी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र खरीदने लिए जिला मुख्यालय गुमला पहुंचे। तो उनके पास नामांकन पत्र खरीदने के लिए और ना- ही खाने-पीने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे। लेकिन वृद्धावस्था में भी हौसले बुलंद हैं। लोगों के सहयोग से उन्होंने अपने लिए नामांकन पत्र खरीदा और वापस अपने घर घाघरा जाने के लिए और ना ही खाने के लिए पैसे थे। फिर भी हौसले बंद थे। मैं 24 या 25 अप्रैल 2024 को अपना नामांकन पत्र निर्वाचन पदाधिकारी सह गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के समक्ष मैं अपना नामांकन पत्र स्वतंत्र पार्टी ( निर्दलीय ) पार्टी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करूंगा। स्थानीय लोगों ने मुझे मौका दिया तो मैं सर्वप्रथम भ्रष्टाचार मिटाने में मेरी अहम भूमिका होगी।

## हालमाटी, बाराडीह व करंजटोली गांव के ग्रामीणों ने 25 दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने पर किया विरोध प्रदर्शन



### 2 दिनों के अंदर क्षतिग्रस्त पाइप को बनाकर पानी सप्लाई नहीं किया गया तो करेंगे आंदोलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा ।** घाघरा प्रखंड के हालमाटी, बाराडीह और करंजतोली गांव के दर्जनों महिला पुरुषो ने मंगलवार को दिन के साढ़े 12 बजे मसरिया डैम स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप बैठक कर पिछले 25 दिनों से जलापूर्ति ठप होने का विरोध किया है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कर रहे कंपनी के द्वारा जेसीबी से खुदाई करने के दौरान पाइप क्षतिग्रस्त हुआ। इसके बाद से पानी का सप्लाई गांव में बंद है। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले 25 दिनों से जलापूर्ति ठप है। ना सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार के द्वारा पाइप को बनाया जा रहा है। ना ही विभाग के द्वारा यदि 2 दिन के अंदर क्षतिग्रस्त पाइप को बनाकर पानी सप्लाई नहीं किया गया तो आंदोलन किया जायेगा। ग्रामीणों ने कहा कि इस तपती धूप और गर्मी के समय में जलापूर्ति ठप होने से हम ग्रामीणों के लिए एक विशाल संकट खड़ा हो गया है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कन्या अभियंता रजनीश कुमार के द्वारा आश्वासन दिया गया है। सड़क निर्माण कर रहे कंपनी के जेसीबी द्वारा पाइप क्षतिग्रस्त किए जाने की बात सामने आई है। ऐसे 2 दिन के अंदर पानी की सप्लाई पूर्व की भांति प्रारंभ हो जाएगी। जहां भी क्षतिग्रस्त हुआ है उसे तुरंत ठीक किया जाएगा इसके बाद ग्रामीणों ने दो दिन का समय देते हुए सभी अपने घर चले गए।

## डीसी ने लोस चुनाव को लेकर विधि व्यवस्था समेत कई बिंदुओं पर की चर्चा




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर विधि-व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं को लेकर बैठक हुई। बैठक में वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण, लाइसेंसी हथियारों की जब्ती की स्थिति, जिला में निर्वाचन को लेकर विधि व्यवस्था की स्थिति का प्रतिवेदन, फ्लाइंग स्क्वायड टीम व स्टैटिक सर्विलांस टीम के द्वारा की जा रही नियमित जांच व कार्रवाई की स्थिति, उत्पाद विभाग द्वारा की जा रही छापेमारी व कार्रवाई की स्थिति समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, प्रशिक्षु आईपीएस, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, सामान्य शाखा प्रभारी अभिनीत सूरज, उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

### वीर बाबू कुंवर सिंह की जयंती मनी



**भंडरा।** प्रखंड के भैसमुंदो गांव स्थित सामुदायिक भवन में मंगलवार को अमर शहीद वीर बाबू कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि वीर कुंवर सिंह की जीवनी से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। 80 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों के दांत खट्टे करने वाले शेर जब गंगा पार करते हुए अंग्रेजों की गोली हाथ मे लगी तो अपना हाथ खुद अपनी तलवार से काटकर गंगा मैया को भारत माता की जय, गंगा मैया की जय कहते हुए समर्पित करने वाले बाबू वीर कुंवर सिंह को शत-शत नमन। कार्यक्रम में अंबिका प्रसाद सिंह, चंद्रिका प्रसाद सिंह ,मनेश्वर सिंह, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, राहुल सिंह, रूपेश सिंह सहित अन्य लोगों उपस्थित हुए ।


### न्यूज बॉक्स

### अवैध बालू परिवहन मामले में प्रशासन ने तीन ट्रैक्टर को किया जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामले की गुप्त सूचना पर प्रशासन द्वारा संयुक्त कारवाई कर तीन ट्रैक्टर को सेन्हा बरवाटोली से पुलिस ने जप्त किया। सेन्हा अंचल क्षेत्र में अवैध बालू कारोबारी की गुप्त सूचना अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी को लगतार मिल रहा था। लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों का व्यस्तता होने का फायदा बालू माफिया द्वारा उठाया जा रहा था। मंगलवार सुबह बालू माफियाओं ने हद पार कर दिया। जिसकी सूचना अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी को मिलते ही उनके नेतृत्व में प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर के निर्देश पर एसआई मनोज कुमार ने क्षेत्र में अवैध बालू खनन व परिवहन मामले में छपेमारी करते हुए सेन्हा बरवाटोली ग्राम पथ से तीन ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना लाया गया। राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि अवैध बालू उठाव एवं विभाग को राजस्व क्षति करने का बालू माफियाओं का साजिश के तहत चोरी छुपे लगतार बालू ढुलाई कर रहे थे। जिसके विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। और खनन अधिनियम और परिवहन अधिनियम के तहत जब्त ट्रैक्टर मालिक व चालक के विरुद्ध नियम संगत कारवाई की जाएगी। वही प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि लगातार कार्रवाई के बावजूद बालू का उठाव थम नही रहा है। अब उन सभी बालू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जो इस कार्य में संलिप्त है।

### भोक्ता झूलन एवं अग्नि परीक्षा के साथ हापा मुनि का ऐतिहासिक मंडा मेला संपन्न



**गुमला ।** हापा मुनि का ऐतिहासिक 6 दिवसीय मंडा मेला भोक्ता झूलन एवं अग्नि परीक्षा के साथ हुआ संपन्न । भोक्ताओं को 30 फीट ऊंचाई में बल्ले के सहारे झूलते हुए देखने के लिए उमड़ा जनसैलाब। सभी भक्ताओं को बारी-बारी से झुलाया गया जो मेला आकर्षण का केंद्र था। यह अनुष्ठान लगभग तीन घंटे तक चली । इससे पूर्व रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका लोगों ने खूब लुफ्त उठाया। इसके बाद सुबह 3:00 बजे फुलखुंदी का रस्म पूर्ण किया गया। इस दौरान भोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर चलकर अपनी भक्ति का परिचय दिया । अंगारों में चलने से पहले भक्तों के द्वारा, भगवान शिव की पूजा किया गया और इस जगह की परिक्रमा किया गया । इस रस्म के लिए एक चबूतरा बनाया गया है जिसमें 20 से 25 फीट लंबा 4 से 5 फीट चौड़ा एवं लगभग 2 फीट ऊंचा कोयला बिछाकर उसमें आग लगाया जाता है फिर नए सुप से हवा करके इसमें अंगारा तैयार किया जाता है। इसी अंगारे में भोक्ता नंगे पांव चलते हैं जिस फुलखुंदी हैं। मेले में आये ग्रामीणों ने विभिन्न खेल तमाशा व झूले का जमकर लुत्फ उठाया और खरीददारी की। ग्रामीणों विशेष कर बच्चों मे मेला के प्रति काफी उत्साह देखा गया।

### किस्को में स्वीप कार्यक्रम चलाया गया



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के अंतर्गत पलाश ( जेएसएलपीएस ) द्वारा किस्को प्रखंड के तिसिया, सलैया, एवम देवदरिया, गांव में लोहरदगा स्वीप टीम , सीता पुष्पा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी लोहरदगा, कोऑर्डिनेटर झ्र लोहरदगा एवं जेएसएलपीएस डीपीएम अनीता केरकेट्टा मैडम के द्वारा संयुक्त रूप से विजिट किया गया। टीम ने सखी मंडल की दीदियों एवं ग्रामीण लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं प्रत्येक घर से वोटर कार्ड धारक / वोटर लिस्ट में नामधारक प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के बारे में जागरूक किया गया । टीम के द्वारा पेशरार प्रखंड के सीरम क्लस्टर में विजिट किया गया। क्लस्टर बैठक में उपस्थित सखी मंडल की दीदियों के साथ टीम ने सपथ लिया और सभी को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया । इसी क्रम में कुडू एवं भंडरा प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत संकुल / ग्राम संगठन / स्वयं सहायता समूह स्तर पर सखी मंडल की दीदियो के द्वारा स्वीप पम्फलेट एवं पोस्टर बनाकर स्वीप पर शपथ लिया गया एवं ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई पूजा-अर्चना

## सेन्हा महावीर मंदिर में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव




**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्याल के सेन्हा बाजार चौक स्थित महाबीर मंदिर में चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद द्वारा धूम धाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाई गई। इस मौके पर सुबह 8 बजे से पुरोहित अवनीश पाठक द्वारा हनुमान मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराई गई तथा 12 बजे प्रसाद वितरण किया गया।इस मौके पर भब्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। शाम में आयोजित भजन कीर्तन में लोग देर रात तक झूमते रहे। वही विहिप के कार्यकताओं द्वारा भक्तो के बीच हनुमान चालीसा का वितरण किया गया। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साहू ने कहा कि भगवान हनुमान जी महादेव शंकर के 11 वें रुद्रावतार हैं। जिनका जन्मोत्सव चैत्र पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। वे भगवान राम के सबसे बड़े व अन्यन्य भक्त थे। जो भक्तों विघ्न बाधा और कष्टों के नाशक हैं। इस मौके पर गौतम केसरी, रवि कुमार गौरव कुमार संतोष,संजय साहू सहित काफी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### संसार के सबसे बड़े सेवक व बुद्धिमान हैं रामभक्त हनुमान : सच्चिदानंद लाल




**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में श्री हनुमान जन्मोत्सव, वीर कुंवर सिंह जयंती के अवसर पर दादा-दादी नाना नानी सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव अजय प्रसाद, प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे तथा राम ज्ञानी पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रांत संचालक सच्चिदानंद अग्रवाल ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन के द्वारा बच्चों के अंतर्गत माता-पिता समाज राष्ट्र के प्रति लगाओ उत्पन्न होता है। हनुमान जी अजर अमर है जो बाल शक्ति बुद्धि तथा सच्चे राम भक्त एवं समाज के सर्वोत्कृष्ट सेवक के रूप में जाने जाते हैं। उपस्थित दादा दादी/नाना नानी का भैया बहनों ने पादप्रछालन कर उनकी पूजा अर्चना कर मिष्ठान खिलाया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावक इस दृश्य को देखकर आत्म विभोर हो गए। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

### अमर वीर कुंवर सिंह की जयंती मनी

**श्री बंशीधर नगर ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अनुमंडलीय कार्यालय में वीर कुंवर सिंह जयंती को शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया।इस मौके पर अनुमंडल अध्यक्ष इंदल सिंह अनुमंडल उपाध्यक्ष चंचल प्रताप देव, प्रखंड अध्यक्ष दादू सिंह,देवेंद्र सिंह राकेश सिंह,श्यामबरन सिंह,नीलू एवं समस्त क्षत्रिय परिवार उपस्थित थे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

निविदा रद्द करने संबंधी सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा सूचना संख्या–EE/RDSD/LATEHAR/21/2023-24 जिसका PR NO- 322849 है तथा यह दिनांक–15.03.2024 को प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR 324005 Rural Development(24-25)D

चुनाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता
जिला समादेष्टा का कार्यालय,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा

आवश्यक सूचना

चतरा जिला के सभी शहरी/ग्रामीण (महिला/पुरूष) गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि आपातकालीन ड्यिुटी लोकसभा आम चुनाव 2024 के मददेनजर गृह रक्षकों का आगमन कराने हेतु सूचना दिनांक–03.04.2024 को दैनिक अखबार के माध्यम से दी गई थी फिर भी अधिकांश गृह रक्षकों के द्वारा कार्यालय आकर आगमन दर्ज नही कराया गया है।

आगमन दर्ज नही करवाने वाले सभी गृह रक्षकों को पुनः सूचित किया जाता है, कि 02 (दो) दिनों के अंदर अपना आगमन कार्यालय में आकर दर्ज कराना सुनिश्चित कराये। आगमन दर्ज नही कराने वाले गृह रक्षकों का बॉण्ड रद्ध करने की कार्रवाई की जाएगी।

जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,चतरा

PR 324016 Home(24-25).D

कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115
Pin Code - 835207
पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.03.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर आदर चेकनाका, मेन रोड, आदर के पास से 08 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप नं0–CG15A3558 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर आदर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 08.05.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 324017 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)D

DISTRICT PLANNING OFFICE, GARHWA

Ref No: - Date:-

VERY SHORT NOTICE FOR RFP

SANCTION ORDER NO:- 498, DATED 22/04/2024 FOR SELECTION OF AGENCY FOR SUPPLY OF WHEEL CHAIRS AT DIFFERENT PLACES OF GARHWA DISTRICT FOR LOK SABHA ELECTION-2024 ON TURN KEY BASIS.

| NO | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | NAME OF WORK | Selection of Agency for Rate Contract for supply of Wheel Chairs at different places of Garhwa. |
| 02 | DATE OF PUBLICATION OF BID | 24/04/2024 |
| 03 | EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED | Rs. 1,00,000.00 (One Lakh Only), (Refundable)- DD in favour of District Planning Officer payable at Garhwa. Exemption for MSME of Jharkhand |
| 04 | LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION | 02/05/2024, Time: 12:00 PM |
| 05 | BID SUBMISSION PLACE | District Planning Office, Garhwa |
| 06 | DATE AND TIME FOR BID OPENING | 02/05/2024, TIME- 03:00 P.M. |
| 07 | BID OPENING PLACE | Chamber of Deputy Development Commissioner, Garhwa |
| 08 | HELPLINE NO. AND EMAIL ADDRESS FOR PRE BID QUERIES | Contact No: 8789483552 Email ID: dpogarhwa2017@gmail.com |

NOTE: - FOR FURTHER DETAIL PLEASE VISIT WWW.GARHWA.NIC.IN

Deputy Commissioner,
Garhwa.

PR.NO.324023 Planning and Development(24-25):D

## एक नजर

### चाचा ने भतीजा की कुल्हाड़ी से मार कर की हत्या

**बहरागोड़ा।** बरशोल थाना क्षेत्र के खेडूया पंचायत अंतर्गत जयपुरा गांव में अपने वंशीय चाचा ने भतीजा रुद्र मोहन साउ (52) के सर पर कुल्हाड़ी से वार कर की हत्या. मिली जानकारी के अनुसार आपसी जमीन विवाद को लेकर कई वर्षों से दोनों परिवार के बीच कलह था. ओर जिसको लेकर कई बार ग्रामीणों द्वारा सुलझाया गया था. लेकिन मंगलवार की सुबह चाचा संजीवन साउ ने विवाद को पूणः जागृत करते हुए सर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया. जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंच कर घायल को अपनी निजी वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया।

### सिंहभूम कॉलेज चांडिल में पेयजल संकट, जूझ रहे विद्यार्थी

**चांडिल।** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र का एकमात्र डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी भीषण जल संकट का सामना कर रहे हैं. सिंहभूम कॉलेज चांडिल के साढ़े छह हजार विद्यार्थी अध्ययन करते हैं. सभी पेयजल से जूढ रहे हैं. वर्तमान समय में कॉलेज में स्नातक प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा चल रही है. इस दौरान एक-एक दिन करीब 11 सौ परीक्षार्थी कॉलेज पहुंच रहे हैं. कॉलेज परिसर परीक्षार्थियों से भरा रहता है. ऐसे में कॉलेज में जल संकट उन्हें परेशान कर रहा है.एक तो विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से परीक्षार्थी गरम हवा का झोंका झेलते हुए कॉलेज पहुंच रहे है. चिलचिलाती धूप, गर्म हवा के झोंकों के बीच कॉलेज पहुंचने के बाद उन्हें स्वच्छ पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है. यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का लाभ विद्यार्थियों को नहीं मिल रहा है।

### तालाब भरकर रात में हो रहा बहुमंजिला बिल्डिंग निर्माण

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर में मुख्य मार्ग के किनारे गुपचुप तरीके से रात के अंधेरे में तालाब को भरकर बहुमंजिला बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया जा रहा है. तालाब भरकर हो रहे बहुमंजिला बिल्डिंग निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत रोक लगी हुई है. इस संबंध में आरटीआई कार्यकर्ता प्रो. सुरेंद्र कुमार महतो ने स्थानीय प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा है कि उक्त निर्माण पर रोक लगी है. इसके बावजूद बिल्डर रात के अंधेरे में गुपचुप तरीके से काम करवा रहे हैं. उन्होंने इसकी शिकायत पुनः झारखंड सरकार के मुख्य सचिव, कोल्हान आयुक्त और सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त से की है.शिकायत में आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा है कि सिटी रेसीडेंसी प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर सौरभ अग्रवाल द्वारा पुनः शेरे पंजाब चौक, आदित्यपुर स्थित स्वर्णरेखा भवन के ठीक उत्तर की ओर मुख्य सड़क से सटे लोकनाथ कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग ओर सुमन टावर के बीचो-बीच तालाब की भूमि को भरकर बिल्डिंग का निर्माण करवा रहे हैं।

# कोडरमा लोकसभा में चल रही है लाल लहर : राजकुमार यादव

## गावां प्रखंड के कई गांवो में भाकपा माले ने चलाया सघन जनसंपर्क अभियान

**मजदूर विरोधी, किसान विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा को हटाने के लिए जनता व्याकुल**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह गावां प्रखंड अंतर्गत अरागारो, भागलपुर, पड़रिया, बादीडीह समेत कई गांवो में भाकपा माले के द्वारा सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इसकी अध्यक्षता बिनोद राणा एंव संचालन पंसस अशोक यादव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि 01 मई 2024 को मजदूर दिवस के दिन ही छात्र नौजवानों मजदूरों एवं महागठबंधन के लोकप्रिय उम्मीदवार बिनोद सिंह नामांकन करेंगे। उन्होने कहा कि आप सभी लोग जानते हैं कि एक मई पूरी दुनिया के लिए मजदूर दिवस और हम उसी दिन किसानों के लिए, मजदूरों के लिए, छात्र नौजवानों के लिए संकल्प लेगें जो आज मजदूर विरोधी, किसान विरोधी जो कानून देश में लाया गया है उस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पुरे कोडरमा लोकसभा में एक लाल लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि तमाम महागठबंधन के लोग एंव तमाम जाति धर्म से उपर उठकर लोग इस बार जनता 2024 में बदलाव के पक्ष में मतदान करेगी। तभी हमारा देश का संविधान, लोकतंत्र बचेगा। मौके पर सकलदेव यादव, प्रदीप यादव, सुरेश यादव, रामदेव सिंह, मनोज मिस्त्री, विकास मिस्त्री, सहदेव मिस्त्री, संजय मिस्त्री, चिंतामणि यादव, पवन यादव, संजय यादव, बासदेव यादव, सिकन्दर यादव, सुधीर यादव, विकास यादव, दिलिप कुमार, रूपेश यादव, मोहन यादव, अजीत यादव, मकसूद आलम, मों सरफराज, मों जैनुल, मों सोकत, नकुल दास, जैनुल असांरी, मों मोनु, मों नवाजील, सोनु यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## ससुराल से लौट रहा पिता सड़क दुर्घटना में घायल, रेफर



**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र के पेसराटांड़ में मंगलवार को बाईक के असंतुलित होने से बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बाईक चालक नंदलाल यादव देवरी थाना क्षेत्र के चोलीडीह का रहने वाला बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नंदलाल यादव अपनी पुत्री के होने वाले ससुराल तिसरी आया था, वापसी के क्रम में पेसराटांड़ में बाईक असंतुलित होने से सड़क किनारे स्थित बिजली के पोल में जा टकराया, जिससे उसके सिर में गम्भीर चोट आई है। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे 108 एंबुलेंस से देवरी स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया।

## न्यूज बॉक्स

### महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित।



**गिरिडीह।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में मंगलवार को महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने दीप जलाकर उनके चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किया।मौके पर रुचिता कुमारी,शगुन कुमारी, अंकिता कुमारी एवं दिवेश मिश्रा ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य ने कहा कि देश में कुछ ऐसे विलक्षण व्यक्तित्व के होते हैं जो नियति से दो-दो हाथ करते हुए अपने जीवन को पल्लवित पुष्पित करते हैं। छापामार युद्ध शैली से उन्होंने अंग्रेजों के नाको में दम कर दिया था।उन्होंने अपने प्राण निछावर कर दिए पर अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेके। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, राजेंद्र लाल बरनवाल, रामकिशोर प्रसाद ,मनोज कुमार चौधरी, अरविंद त्रिवेदी एवं समस्त आचार्य दीदी का योगदान रहा।

### गिरिडीह के कुटिया प्रांगण स्थित बालाजी मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ



**गिरिडीह।** भगवान श्रीराम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव के मौके पर शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भव्य रूप से वीर बजरंगबली की पूजा अर्चना की गई। इस क्रम में शहर के बड़ा चौक स्थित श्रीराम जानकी महाबीर मंदिर, कुटिया मंदिर स्थित बालाजी मंदिर, टावर चौक स्थित शिव महावीर मंदिर व हनुमान मंदिर, कोल्डीहा स्थित संकट मोचन मंदिर, धरियाडीह स्थित हनुमान मंदिर सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में अहले सुबह से ही अनुष्ठान शुरू हो गया था। इधर शहर के कुटिया मंदिर स्थित बालाजी मंदिर में श्री महावीर कुटिया सेवा समिति के द्वारा अनुष्ठान के साथ ही संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में भक्त शामिल हुए सुनील केडिया के साथ सुंदरकांड पाठ किया। वहीं दोपहर को बालाजी महाराज की रसोई का भी आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। अनुष्ठान को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राजेश जालान, नीलकमल भारतिया, रोहित जालान सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### पृथ्वी दिवस पर डी पी एस के छात्रों ने धरी अलग अलग वेशभूषा, समझाया ग्लोबल वार्मिंग का खतरा

**गिरिडीह।** जलवायु परिवर्तन के कारण होते नुकसान के बीच पृथ्वी दिवस को इस बार भी कई प्रेरित करने वाले संदेश के साथ मनाया गया। लेकिन गिरिडीह के दिल्ली पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम के दौरान छात्रों की टोली ने वेशभूषा धारण किया। उसका सीधा मतलब लोगों से पृथ्वी को सुरक्षित करने का था। स्कूल के चैयरमेन ऋषि सलूजा और प्राचार्य सोनी तिवारी के नेतृव में छात्रों की टोली में कोई पौधा बना, तो किसी ने पृथ्वी का ही रुप धरा था। इस दौरान स्कूल प्रबंधन ने कई प्रतियोगिता आयोजित किया। जिसमें स्पीच, पोस्टर, स्लोगन समेत अन्य प्रतियोगिता शामिल था। मौके पर छात्रों ने स्पीच के जरिए ही लोगों को बताया कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण ही कई परेशानी से लोगों को गुजरना पड़ रहा है। इस दौरान ग्लोबल वार्मिंग के कारण हो रहे नुकसान को नर्सरी के छात्रों ने पोस्टर के जरिए ही बखूबी समझाया। नर्सरी के छात्रों की प्रतिभा देखकर स्कूल के चैयरमेन और प्राचार्य ने जमकर सराहना की। और कहा कि पृथ्वी वर्तमान समय कई परेशानियों से गुजर रहा है। जिसे सुरक्षित करने की जिम्मेवारी सबों पर है।

## नाबालिग को भगा ले जाने के मुख्य आरोपी सहित दो को भेजा जेल

**दूसरे समुदाय की नाबालिग लड़की को भगाने का है आरोप**





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह जिले की तिसरी पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर दूसरे समुदाय की नाबालिग को भगा ले जाने के मुख्य आरोपी आफताब अंसारी समेत दो आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। वहीं नाबालिग को धारा 144 के बयान के लिए गिरिडीह कोर्ट भेजा गया है। तिसरी पुलिस ने तकनीकी सहारा लेकर अपहरण की गई नाबालिग को गुप्त सूचना के आधार पर बंगाल के कोलकाता से बरामद किया। इस दौरान कोलकाता पुलिस के सहयोग से नाबालिग के अपहरण के आरोपी आफताब अंसारी को भी कोलकाता से गिरफ्तार किया। साथ ही आफताब का सहयोग करने के आरोप में तिसरी पुलिस उसके साथी निशार अंसारी को भी उसके घर से दबोचने में सफल रही। बताया जाता है कि आफताब का सहयोग उसके दो साथी ने किया था, जिसमें एक तिसरी के पपीलो गांव निवासी निशार अंसारी के अलावा गांवा के एक और आरोपी एजाज अंसारी शामिल है।

## गांडेय प्रखंड के गिरनियां मोड़ में इंडिया गठबंधन की बैठक आयोजित हुई

**कोडरमा लोकसभा और गांडेय उपचुनाव में जीत के लिए इंडिया गठबंधन झोंकेगी पूरी ताकत**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय प्रखंड के गिरनियां मोड़ पर मंगलवार को इंडिया गठबंधन की प्रखंड स्तरीय नेताओं की एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता माले नेता राजेश यादव ने किया। जबकि संचालन कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया अकबर अंसारी ने किया।आयोजित बैठक में आगामी कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह के आगामी 25 अप्रैल को गांडेय प्रखंड क्षेत्र के दौरा कार्यक्रम को सफल करने की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।झामुमो नेता भैरव प्रसाद वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री सिंह के गांडेय दौरे को सफल करने में भरपूर सहयोग करने की बात कही। वहीं बैठक में मौजूद झामुमो नेता दशरथ किस्कू, ध्रुवदेव पंडित, नंदकिशोर किस्कू सहित माले नेता मेहताब अली मिर्जा, श्याम किशोर हांसदा, राजू पासवान, सुकर बास्की आदि ने भी अपने अपने विचार रखे। इस बाबत माले नेता श्री यादव ने बताया कि कोडरमा लोकसभा तथा गांडेय विधानसभा के उपचुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी क्रमशः विनोद सिंह तथा कल्पना सोरेन को जिताने के लिए गठबंधन के सभी सहयोगी दल कटिबद्ध है।

## जिला बार एसोसिएशन चुनाव में 28 उम्मीदवारों का नामांकन रद्द




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन की चुनाव कमिटी ने मंगलवार को स्क्रुटनी के बाद उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है. हालांकि, स्क्रुटनी के दौरान कुल 28 उम्मीदवारों का नामांकन रद्द कर दिया गया है वहीं 64 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी गई है. इधर, जिन उम्मीदवारों का नामांकन रद्द किया गया है उनमें काफी रोष देखा जा रहा है. जनरल सेक्रेटरी पद के लिए नामांकन रद्द किए जाने से अधिवक्ता अनिल कुमार तिवारी ने आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि चुनाव कमिटी द्वारा कई उम्मीदवारों का नाम हटा दिया गया है जिसमे पिछली कमिटी 2016-18 के प्रेसिडेंट रहे रतींद्र नाथ दास और पूर्व कोषाध्यक्ष राजीव सैनी का भी नाम नही है।

**नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश के उद्देश्य से डुमरी में बैठक संपन्न**

## लोकतंत्र के महापर्व में सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से डुमरी अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न क्रियाकलापों का सम्पादन करने, मतदान केद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा बहाल करने हेतु आवश्यक तैयारियों हेतु डुमरी प्रखण्ड के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ एक बैठक का मंगलवार को आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदा० डुमरी, अंचल अधिकारी डुमरी, प्रखण्ड आपूर्ति पदा० डुमरी तथा सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार उपस्थित रहे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने और अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने सभी को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्पलाइन ऐप, 1950, सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, सक्षम ऐप समेत निर्वाचन समेत अन्य महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया गया। इस दौरान वहां के मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक व प्रोत्साहित किया गया। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया।

## कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ सह नंदी बाबा प्राण प्रतिष्ठा प्रारंभ

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड के लक्ष्मीपुर में मंगलवार को कलश यात्रा के साथ ही 11 दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह नंदी बाबा प्राण प्रतिष्ठा की शुरूआत हो चुकी है। इसी को लेकर 651 महिला व युवतियों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें गाजे - बाजे के साथ महिला व युवतियों ने मंदिर से माथे पर कलश लेकर सकरी नदी के तट पर पहुंची जहां पंडितों द्वारा विधिवत पूजा - अर्चना के पश्चात कलशों में जल भरा गया।जिसके बाद यह यात्रा लक्ष्मीपुर से पूणाडीह, मंझलाडीह होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंचकर समाप्त हुई।इस दौरान यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष मंटू शर्मा ने बताया कि श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह नंदी बाबा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 11 दिवसीय पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें लक्ष्मीपुर, पूणाडीह और मंझलाडीह गांव के लोग इस महायज्ञ को संपन्न कराने में लगे हुए हैं। यज्ञाचार्य श्री विजय पांडे जी द्वारा प्रतिदिन दैनिक पूजन व वृन्दावन की कथावाचिका कृष्णेहा दामोदर द्वारा रात्रि में कथा के साथ झांकी कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा वहीं अंतिम दिन पूणार्हुति व भंडारे के साथ यज्ञ का समापन हो जायेगा।

## एनडीए प्रत्याशी ने आजसू पार्टी के नेता के साथ की चुनावी चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल**
रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ मंगलवार को चुनाव प्रचार करने चांडिल पहुंचे. इस दौरान संजय सेठ भाजपा नेताओं के साथ चिलगु स्थित आजसू पार्टी के ईचागढ़ विधानसभा प्रधान कार्यालय पहुंचे. आजसू पार्टी के कार्यालय में उन्होंने पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो से भेंटकर लोकसभा चुनाव संबंधी चर्चा किया. उन्होंने आजसू पार्टी के कार्यकताओं को भी चुनावी मैदान जीतने के लिए कमर कसने की अपील की. उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपना पूरा दम लगा दें और इस बार जीत का अंतर को दोगुणा बढ़ाकर रिकॉर्ड बनाए. मौके पर उन्होंने बूथ स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय करने, अधिक मतदान कराने आदि को लेकर भी चर्चा किया.आजसू नेताओं से मुलाकात के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के उपलब्धियों को गिनाया. इसके साथ ही उनके द्वारा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर किए गए ऐतिहासिक उपलब्धियों को भी बताया।

# मनरेगा में बगैर डोभा निर्माण के लगभग 70 प्रतिशत राशि की हुई निकासी

**मामला तिसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत का**



**बोर्ड तोड़ योजना, ज्यादातर स्थल पर योजना का बोर्ड टुटा हुआ ही मिलता है**

मनरेगा में जिस प्रकार से कार्य किया जाता है यह बात किसी से भी छुपी हुई नहीं है। गौर करने वाली बात यह है कि कार्यस्थल पर लगाए गए ज्यादातर बोर्ड टूटे हुए पाए जाते हैं। वैसे तो मनरेगाकर्मियों के पास इसका एक अच्छा बहाना तैयार है कि मवेशियों द्वारा बोर्ड तोड़ दिया जाता है लेकिन इसमें भी गड़बडझाले की बू आती है। जानकारों का कहना है कि निर्माण कार्य के स्थान पर लगाए गए योजना बोर्ड से कहीं भांडा न फुट जाए इसलिए योजना बोर्ड को तोड़ दिया जाता है।अब भला इसमें कितनी सच्चाई है यह तो जांच का विषय है बरहाल पदाधिकारीयों के उदासीन रवैये से मजदूरों के लिए चलाई जा रही मनरेगा योजना में लूट और भ्रष्टाचार बदस्तूर जारी है। लिहाजा विभाग को भी इसपर ध्यान देने की दरकार है। इस संबंध में मनरेगा बीपीओ और मुखिया प्रतिनिधि से फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
वैसे तो मनरेगा योजनाओं में लूट और गड़बड़झाले की बात किसी से भी छुपी हुई नहीं है। आज आलम यह है कि मनरेगा के तहत होने वाले कई कार्यों में भारी गड़बड़झाला तो कई कार्य धरातल से ही गायब हैं बावजूद इसके सरकारी राशि की निकासी और बंदरबाँट बदस्तूर जारी है। ऐसा ही एक मामला तिसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत से प्रकाश में आया है। जहाँ बगैर निर्माण के लगभग 70 प्रतिशत राशि की निकासी कर ली गई है।

मनरेगा योजना वर्ष 2022-23 के तहत मनसाडीह पंचायत के टिकुलिया गांव में सीताराम सोरेन पिता कान्हू सोरेन की जमीन पर डोभा निर्माण किया जाना था लेकिन अब तक उक्त स्थान पर डोभा का निर्माण नहीं करवाया गया है। यहां तक कि सौ मीटर के दायरे में कहीं भी निर्माण कार्य नहीं करवाया गया है। बावजूद इसके 128520 ररुपए की निकासी कर ली गई है।

इतना ही नहीं उक्त स्थल पर लगे योजना बोर्ड को भी तोड़ दिया गया है ताकि कोई उसपर ध्यान न दे। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब निर्माण कार्य हुआ ही नहीं तो मजदूरों के नाम पर 128520 रुपए के भारी भरकम राशि की निकासी आखिर कैसे हुई? यदि निकासी हुई भी तो वो राशि कहां गई? बगैर विभागीय कर्मियों की संलिप्तता के ऐसा होना सम्भव नहीं है। यह सब देखकर ऐसा ही प्रतीत होता है कि मजदूरों के नाम पर बिचौलिये व सरकारी कर्मी ही मनरेगा की मलाई खा रहें हैं और सरकार को चुना लगा रहें हैं। गंभीरता से जांच हुई तो कई हैरतंगेज कारनामें सामने आयेंगे।

## सीमा सुरक्षा बल के जवान मटकू राम हेम्ब्रम को दी अंतिम सलामी



**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**
धालभूमगढ़ प्रखंड के कोकपाडा पंचायत अंतर्गत सरफडांगा गांव निवासी सीमा सुरक्षा बल के 51 वर्षीय जवान मटकुराम हेंब्रम का निधन कोलकाता के सरोज गुप्ता कैंसर अस्पताल में लंबी इलाज के बाद रविवार की शाम को हो गया. जवान मटकू राम हेंब्रम के पार्थिव शरीर को उनके यूनिट के जवानों और दो अफसरों ने सीमा सुरक्षा बल के वाहन से कोलकाता से लेकर आए और उनके पैतृक आवास पर समाज की रीति रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ करवाया. सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने अपने जवान को सेना के नियमानुसार गॉड ऑफ ऑनर देकर सम्मान प्रकट किया.

गार्ड ऑफ ऑनर में 24 गोलियों की सलामी दी गई.उसके बाद उनके बड़े पुत्र ने मुखाग्नि दी. जानकारी हो कि मटकू राम हेंब्रम सुरक्षा बल में एएसआई के पद पर त्रिपुरा में नियुक्त थे. नियुक्ति के दौरान एक बार मछली खाने से जीभ में काटा फंस गया था. यह घटना नवंबर 2023 की है।

## दक्षिण की पारंपरिक पार्टियां और नई शुरुआत

पहली बार राज्य में 70 वर्षों से बारी-बारी शासन में रहे द्रमुक और अन्नाद्रमुक, दोनों द्रविड़ दलों को भाजपा और सिने अभिनेता विजय द्वारा हाल ही में गठित सीमन नाम तमीझर काची पार्टी से खतरा महसूस हो रहा है। तमिलनाडु में एक ऐसा वर्ग उभरा है, जो मोदी के तीसरे कार्यकाल के पक्ष में है।तमिलनाडु के राजनीतिक दलों के भाषण और घोषणापत्रों से यही संकेत मिलता है कि पार्टियां 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों पर लोकसभा चुनावों की तुलना में ज्यादा जोर दे रही हैं। तमिलनाडु की ये राज्य और जिला स्तरीय पार्टियां चाहती हैं कि नरेंद्र मोदी का शासन बिल्कुल खत्म होना चाहिए। राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना प्रवासी पक्षियों से की है, जो चुनावी मौसम में तमिलनाडु आते हैं। विभिन्न दलों के नेता एक-दूसरे के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन सार्वजनिक रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'द्रमुक की विचारधारा राष्ट्र विरोधी है। पिछले 10 वर्षों में राजग सरकार तमिलनाडु के मछुआरों के अधिकारों की रक्षा के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। राजग सरकार तमिलनाडु के पांच मछुआरों की जान बचाकर उन्हें भारत लाई, जिन्हें श्रीलंका की अदालत ने मृत्युदंड की सजा सुनाई थी।' उन्होंने आगे कहा कि द्रमुक के एक नेता का कहना है कि यह चुनाव मोदी को देश से बाहर भेजने के लिए है, लेकिन यह चुनाव भ्रष्टाचार, वंशवादी राजनीति और नशीले पदार्थों के खतरे को देश से बाहर भेजने के लिए द्रमुक की राष्ट्र-विरोधी विचारधारा को खत्म करने के लिए है। यदि नेताओं के भाषणों का विश्लेषण किया जाए, तो उससे कुछ अनुमान लगाए जा सकते हैं। एक, यदि द्रमुक सभी 39 सीटें जीत जाती है, तो यह सुनिश्चित हो जाएगा कि उसके लिए 2026 का मार्ग सुरक्षित है और गठबंधन कायम रहेगा। दूसरा, यदि अन्नाद्रमुक 8-10 सीटें जीत जाती है और भाजपा गठबंधन पांच से आठ सीटें जीत जाता है, तो यह द्रमुक के खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान को दर्शाएगा। ऐसे में स्टालिन के सामने अपनी पार्टी को एकजुट रखने की चुनौती पैदा होगी। जाहिर है, द्रमुक को तोड़ने के लिए केंद्रीय एजेंसियां भी सक्रिय हो जाएंगी।तीसरा, यदि केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बना लेती है, तो निश्चित रूप से भाजपा द्रमुक को खत्म करने के लिए वैसा ही अभियान चलाएगी, जैसा झारखंड मुक्ति मोर्चा और आप के खिलाफ चलाया। गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी ने स्टालिन सरकार को रेत माफिया, ड्रग माफिया और तुष्टीकरण का एजेंट बताया है। वर्ष 1967 से राज्य की राजनीति पर नजर रखने के नाते इन पंक्तियों के लेखक का मानना है कि मतदाता दोनों द्रविड़ पार्टियों से निराश हैं-चाहे द्रमुक हो या अन्नाद्रमुक। वे अब एक वैकल्पिक पार्टी को आजमाना चाहते हैं। राज्य और जिला स्तरीय दलों का बढ़ना इस बात का संकेत है कि मतदाताओं में सिनेमा संस्कृति के प्रति निराशा बढ़ रही है और दक्षिण समर्थक भावनाओं का विकास हो रहा है। ऐसे में हैरानी नहीं कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी 2026 के विधानसभा चुनाव की तैयारी करेंगे और पश्चिम बंगाल एवं त्रिपुरा फॉमूर्ले पर तमिलनाडु पर कब्जा करने के लिए आक्रामक रुख अपनाएंगे। इसके लिए तमिलनाडु में बुनियादी संरचनाओं के निर्माण और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाएंगे। नशे के कारोबार और खनन माफिया पर अंकुश लगाने के साथ वह विदेशी निवेशकों को भी इसके लिए आकर्षित कर सकते हैं। एक विदेशी कंपनी सेमी कंडक्टर के क्षेत्र में दक्षिणी राज्यों में निवेश करना चाहती थी, लेकिन सामाजिक अशांति और कानून-व्यवस्था की समस्या के कारण अचानक उसे पश्चिमी राज्यों का रुख करना पड़ा।इस बात से कोई इन्कार नहीं कर सकता कि विदेशी शक्तियां, खासकर चीन और पाकिस्तान दक्षिणी राज्यों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रही हैं। चीन ने कोलंबो में अपना खुफिया पोत तैनात किया था, लेकिन द्रमुक के 38 सांसदों ने इस मुद्दे पर संसद में हुई बहस में हिस्सा नहीं लिया। भाजपा के प्रदेश प्रमुख के अन्नामलाई ने द्रमुक सांसदों के रुख पर सवाल उठाया है। एमके स्टालिन ने अपने पिता करुणानिधि की मृत्यु के बाद पार्टी कार्यकताओं को एकजुट रखा है। उधर पलानीस्वामी ने भी कार्यकताओं को अपने साथ जोड़कर अपना अधिकार बरकरार रखा है। मगर अन्नाद्रमुक लोकसभा चुनाव को लेकर ज्यादा उत्सुक नहीं है, वह 2026 के चुनाव के लिए खुद को तैयार कर रही है। मगर द्रमुक के लिए यह प्रतिष्ठा की लड़ाई है।

इन दिनों

# नक्सल विरोधी कार्रवाई पर हमदर्दी भरा दृष्टिकोण क्यों?


डॉ. रमेश ठाकुर

**छत्तीसगढ़** के कांकेर में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे। उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ। नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक दफा फिर कांग्रेस ने प्रमाणिकता पर सवाल उठाए हैं। वाजिब सवाल ये है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षाबलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से हमदर्दी जताई। हालांकि, विरोध होने पर अब दोनों अपने बयानों को लेकर लीपापोती करने में लगे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं ने इससे पूर्व भी नक्सलियों को शहीद बताकर उनके प्रति हमदर्दी जताई थी। यह तो जगजाहिर है ही कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है। जबकि, कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंकवाद झेलता आया है। अब समय की मांग है कि इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने कतई औचित्य नहीं? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए। केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाया हुआ है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिले हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुई थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षाबलों के जवानों की जान गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई। कांग्रेस सरकार अपने वक्त में ये तय नहीं कर पाई थी कि वह आर्म्ड वाम विद्रोह के खिलाफ केंद्रीय नीति किस तरह की रखे। कांग्रेस के नेताओं में इस पर एकमत था ही नहीं। प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह उच्चस्तरीय सुरक्षा सम्मेलनों में तो यह कहते रहे कि नक्सलवाद देश के लिए खतरा है। पर, गृहमंत्री के रूप में चिदंबरम ने सशस्त्र विद्रोह के प्रति कोई आक्रामक नीति कभी बनाई ही नहीं? मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह ने नक्सलवाद के मूल कारणों को ढूंढने के अपने सिद्धांत बना लिए और उसी की वकालत करते रहे। सन 2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए। इस अभियान में भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, यह ऑपरेशन सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षाबलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन-तीन गृह मंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनील कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया। उसी दौरान माओवादी समर्थकों का एक पढ़ा लिखा वर्ग भी तैयार हुआ, जिन्हें आज अर्बन नक्सली कहा जाता है। फिलहाल केंद्र सरकार अब ये दावा करती है कि उसने हिंसक वाम आंदोलन और उग्रवाद खिलाफ जोरदार अभियान छेड़ा है। नक्सल वामपंथी उग्रवाद को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। 2015 में मोदी सरकार ने आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ 'राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजना' शुरू की थी, जिसमें हिंसा के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की बात कही गई थी। सरकार ने उसी समय से किसी भी तरह की हिंसा से निपटने के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों का आधुनिकीकरण करना शुरू कर दिया। प्रशिक्षण के लिए विशेष तौर पर फंड जारी किए। इसके साथ ही सरकार ने हिंसा प्रभावित राज्यों की सहायता के लिए विशेष बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजना पर काम शुरू किया। सुरक्षा जरूरतों में आने वाले खर्चों के लिए अलग से धनराशि जारी की। इतना ही नहीं इस पूरे काम की निगरानी करने के लिए सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय में एक अलग डिवीजन बनाया। इसे वामपंथी उग्रवाद प्रभाग का नाम दिया गया। वामपंथी उग्रवादियों का मुकाबला करने और राज्य पुलिस बलों की क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्यों में इंडिया रिजर्व बटालियन का भी गठन किया गया। लगातार ऑपरेशन से माओवादियों और नक्सलियों के पांव उखड़ गए हैं। हिंसा और अपराधों के आकड़े में लगातार कमी आई है। वर्ष 2014 से 2023 के बीच में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा में 52 फीसदी से अधिक की कमी आई है। इस तरह कुल मौतों में भी 69 फीसदी की कमी आई है। सुरक्षाबलों के हताहतों की संख्या इस समय काफी कम है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। ये तभी संभव हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्र और राज्यों के बीच एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त किया, जिसके चलते ही विगत वर्षों में उग्रवादी गुटों के कई सदस्य सरकार के सामने आत्मसमर्पण करने को भी मजबूर हुए। केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। इनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किलोमीटर सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आपकी बात



### पृथ्वी ग्रह बनाम प्लास्टिक


राकेश दुबे

**बीते** कल यानी 22 अप्रेल को पृथ्वी दिवस था। एक पुस्तक याद आई, यह पुस्तक 1962 में राचेल कार्सन ने 'साइलेंट स्प्रिंग' नाम से लिखी जिसमें पर्यावरण को कीटनाशकों द्वारा हो रहे नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। कीटनाशकों की कुछ मात्रा अनाजों में आ जाती है और खाद्य श्रृंखला में दाखिल हो जाती है जिसका दुष्प्रभाव मानव जाति के अतिरिक्त अन्य पशु-पक्षियों पर भी पड़ जाता है जिसके कारण कई पक्षी प्रजातियां लुप्त हो रही थीं जिनके बिना वसंत का सौंदर्य ही समाप्त हो रहा है। पुस्तक इतनी प्रसिद्ध हुई कि बेस्ट सेलर बन गई थी। इससे अमरीका में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी। 1969 में जब दक्षिणी कैलिफोर्निया के तट पर खनिज तेल दुर्घटनावश गिर गया तो सेनेटर गेलोर्ड नेल्सन ने उस क्षेत्र का दौरा करके समुद्री जीवों की तबाही देखी, जो समुद्र के पानी पर तेल के फैलने के कारण हुई थी। नेल्सन ने इस मुद्दे पर जागरूकता फैलाने के लिए 'टीच इन' कार्यक्रम कॉलेजों में आयोजित किए। डेनिस हेस और अन्य आंदोलनकारियों के साथ मिल कर इस जागरूकता अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर फैलाने का निश्चय किया गया, जिसकी शुरूआत 22 अप्रैल 1970 को राष्ट्रव्यापी स्तर पर की गई और इस दिन को पृथ्वी दिवस का नाम दिया गया। यानी पृथ्वी के स्वास्थ्य की चिंता करने का दिन। इस कार्यक्रम को भारी जनसमर्थन मिला। इससे बने दबाव के चलते ही अमरीका में 'शुद्ध वायु कानून' और 'शुद्ध जल कानून' पारित हुए। इसे वर्तमान पर्यावरण आंदोलनों की शुरूआत भी माना जाता है। धीरे-धीरे पृथ्वी दिवस को वैश्विक स्तर पर मनाया जाने लगा। इस समय तक 192 देशों में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, ताकि पृथ्वी के पर्यावरण को हो रही हानियों के प्रति जागरूकता फैले और हमारे रहन-सहन, उत्पादन पद्धतियां और कायदे कानून पर्यावरण मित्र विकास की दिशा में मुड़ें। सन 2000 से पृथ्वी दिवस को जलवायु परिवर्तन की दिशा में लक्षित किया गया है। जलवायु परिवर्तन वर्तमान में पर्यावरण की मुख्य समस्या बनती जा रही है। इसकी ओर ध्यान देना जरूरी हो गया है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय वस्तु 'पृथ्वी ग्रह बनाम प्लास्टिक' रखा गया है। प्लास्टिक मिट्टी, पानी और वायु का प्रदूषक बनता जा रहा है। जमीन पर पड़े हुए प्लास्टिक से धूप के कारण अपर्दन से टूट कर सूक्ष्म कण मिट्टी में मिल जाते हैं और मिट्टी के उपजाऊपन को नष्ट करने का काम करते हैं। पानी में मिल कर मछलियों के शरीर में पहुंच कर खाद्य श्रृंखला का भाग बन कर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन जाते हैं। जलाए जाने पर वायु में अनेक विषैली गैसें वायुमंडल में छोड़ते हैं जिससे वैश्विक तापमान वृद्धि के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं। प्लास्टिक दैनिक जीवन का ऐसा भाग बन गया है कि इससे बचना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, पुनर्चक्रीकरण, और जो बच जाए उसको उत्तम धुआं रहित प्रज्वलन तकनीक से ताप विद्युत बनाने में प्रयोग किया जा सकता है। हालांकि इससे भी थोड़ा गैस उत्सर्जन तो होता है, किन्तु जिस तरह शहरी कचरा डंपिंग स्थलों में लगातार लगने वाली आग और गांव में खुले में जलाया जा रहा प्लास्टिक धुआं फैलता जा रहा है, उससे तो यह हजार गुणा बेहतर है। स्वीडन ने तो यूरोप के अनेक देशों से सूखा कचरा आयात करके उससे बिजली बनाने का व्यवसाय ही बना लिया है। स्वीडन के पास जो तकनीक है उसमें केवल दशमलव दो (.2) प्रतिशत ही गैस उत्सर्जन होता है। प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पैकिंग सामग्री तैयार करना नवाचार की दूसरी चुनौती है। गांव में भी अब तो प्लास्टिक कचरे के अंबार लगते जा रहे हैं। हमारे देश भारत में कुल विद्युत उत्पादन 428 गीगावाट है, जिसमें से 71 प्रतिशत कोयले और जीवाश्म ईंधन से हो रहा है। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन 168.96 गीगावाट है, जिसमें से 42 गीगावाट जल विद्युत का उत्पादन है, किन्तु जल विद्युत भी जब बड़े बांधों के माध्यम से बनाई जाती है तो जलाशयों में बाढ़ से संचित जैव पदार्थ आक्सीजन रहित सडन द्वारा मीथेन गैस का उत्सर्जन करते हैं। मीथेन कार्बन डाईआक्साइड से छह गुणा ज्यादा वैश्विक तापमान वृद्धि का कारक है। इसलिए एक सीमा से ज्यादा जल विद्युत का प्रसार भी ठीक नहीं। सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही है। भारतवर्ष में 2030 तक 500 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। आशा है इसे हम प्राप्त कर सकेंगे। किन्तु बड़े ऊर्जा पार्क बना कर स्थानीय संसाधनों पर कुछ जगहों पर ज्यादा दबाव पड़ जाता है, जिससे कई समुदायों की रोजी-रोटी के संसाधन छिन जाते हैं। इसके विरुद्ध कई आवाजें उठती रहती हैं और संघर्ष खड़े हो जाते हैं। इन जायज संघर्षों का अक्सर शासन और प्रशासन स्थानीय समुदायों की कठिनाई को समझकर समाधान नहीं करते।

– भोपाल

राजनीति

# परिणाम तय है इसलिए मतदान उदासीन


सुरेन्द्र चतुर्वेदी

**अठारहवीं** लोकसभा के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान हो गया। सभी 102 सीटों में से ज्यादातर में मतदान के प्रतिशत में कमी आई है। इससे यह माना जा रहा है कि मतदाताओं में चुनाव के प्रति वह उत्साह और उमंग नहीं था, जिसकी उम्मीद राजनीतिक दल विशेष रूप से भाजपा लगाए बैठी थी । तो क्या भाजपा को इससे निराश होने की जरूरत है ? या कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को इसमें से किसी अप्रत्याशित परिणाम की उम्मीद रखनी चाहिए ? दोनों ही प्रश्नों का एक ही जवाब है, नहीं। यह सही है कि भारतीय जनता पार्टी को मोदी सरकार के कामकाज पर मतदाताओं की ओर से जोरदार समर्थन की उम्मीद थी और विपक्षी दलों को लगता था कि जनता महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सड़क पर आ जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसका एक ही मतलब है कि मतदाता ने परिवर्तन करने से ही इनकार कर दिया। हां, अब बहस सिर्फ इस बात पर हो सकती है कि भाजपा गठबंधन 400 सीटों से पार जा पाएगा या नहीं ? जहां तक मतदाताओं में उल्लास या वोटिंग प्रतिशत गिरने का सवाल है, तो कोई भी निष्कर्ष निकालते समय हमें इस तथ्य को भी देखना होगा कि क्या किसी एक ही दल का मतदाता निष्क्रिय था? या सभी मतदाताओं को पहले से ही चुनाव परिणामों का अंदेशा है, इसलिए चुनाव में उसका उत्साह नदारद था। यह याद रखे जाने की जरूरत है कि 2014 का चुनाव परिवर्तन के नारे के साथ लड़ा गया था। भारत की जनता मनमोहन सरकार की अक्षमता के खिलाफ अपना मन बना चुकी थी, और अबकी बार मोदी सरकार व अच्छे दिन के नारे पर उसने मतदान किया था। 2019 का चुनाव भी पाकिस्तान को सबक सिखाने की मोदी सरकार की क्षमता पर हुआ। यह ऐसा चुनाव था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पीछे छूट गए थे और मतदाताओं ने मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकतरफा मतदान किया। की कमी साफ दिख रही है, जो पहले के दो चुनाव में देखी गई। तो क्या यह मान लिया जाना चाहिए कि देश के मतदाता को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा नहीं रहा या वह कथित इंडी अलांयस के नेताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकल्प के रूप में देख रहा है? बहुतांश लोगों को यह प्रश्न विचित्र लग सकता है लेकिन इस प्रश्न का जवाब ही भारत के जनमानस की वास्तविक अभिव्यक्ति है।

> **2014 का चुनाव परिवर्तन के नारे के साथ लड़ा गया था। भारत की जनता मनमोहन सरकार की अक्षमता के खिलाफ अपना मन बना चुकी थी, व अबकी बार मोदी सरकार के नारे पर उसने मतदान किया था।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## फेसबुक वॉल से

**Nesha Oraon** is with **Ashish Nors Singhmar** and **Rohit Oraon.**
4 h ·
~विश्व पृथ्वी दिवस... See more



181 · 21 comments 1 share
Like Comment Send Share

**Astha Foundations**
बधाई हो मेम
Like Reply

## X - से

**Dr Vikas Kumar** @drvikas1111 · 20h
हेल्थ अपडेट :
हांगकांग के खाद्य नियामक प्राधिकरण ( सेंटर फॉर फूड सेफ्टी )ने कहा की भारत में निर्मित मसाला ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट मसाला के 4 उत्पादों में कैंसरकारी तत्व (एथिलीन ऑक्साइड) शामिल हैं।

एमडीएच
1.मद्रास करी पाउडर (spice blend for Madras Curry),
2.सांभर मसाला... Show more




PMO India and Dr Mansukh Mandaviya (मोदी...

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# सड़कों पर कैसे थमे अराजकता


आरके सिन्हा

**यकीन** मानिए कि किसी देश और वहां के लोगों को जानने के लिए आपको कोई बहुत घुमक्कड़ी करने की जरूरत नहीं है। आप जिस देश के समाज को जानना चाहते हैं, उसके एयरपोर्ट से उतरने के बाद वहां की सड़कों में चल रहे यातायात को देख भर लें। आपको सब कुछ पता चल जायेगा कि वहां का समाज कितना अनुशासन प्रिय है या अराजकता में कितना यकीन करता है। राजधानी दिल्ली की सड़कों से गुजरते हुए यहां पहली बार आने वाले शख्स को इतना तो पता ही चल जाता होगा कि इधर की सड़कों पर यातायात नियमों को मानना भी लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। बेशक, राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दो पहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है । बात यही खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं जो अपनी मोटर साइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं। यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा। दिल्ली पुलिस की साल 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वालों के बाद दोपहिया वाहन चालक दूसरे सबसे अधिक पीड़ित हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2022 में 539 दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई, जो 2021 में 459 थी। ज्यादातर मामलों में, यह दोपहिया वाहन भारी वाहनों की चपेट में आए, उसके बाद चार पहिया वाहन आए। दिल्ली में पंजीकृत दोपहिया वाहनों की भारी संख्या को देखते हुए, इन सवारों की भलाई के लिए एक सुरक्षित डिजाइन प्रणाली सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है। दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है हेलमेट का उपयोग न करना। हालांकि हेलमेट पहनना दिल्ली में वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए भी अनिवार्य है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के मामले हर साल बढ़ ही रहे हैं। इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुर्माना किये हैं। 2023 में, हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुर्माना जारी किए गए, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है। याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण। अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वे ऐसे लापरवाह लोग हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं कउन पुलिस वालों पर भी कठोर एक्शन लेना ही होगा जो यातायात नियमों को तोड़ने वालों से घूस लेते हैं और छोड़ देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)



## बोधि वृक्ष

### मां लक्ष्मी का प्रसिद्ध तथा अनूठे मंदिर

**लक्ष्मी देवी मंदिर, हसन**
लक्ष्मी देवी मंदिर डोड्डागड्डावली में स्थित है जो हसन जिले का एक गांव है। यह हसन से लगभग 16 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और बेलूर के रास्ते में है। लक्ष्मी देवी मंदिर कई सौ साल पूर्व होयसल शासन के दौरान बनाया गया था। राजा विष्णु वर्द्धन ने इस खूबसूरत मंदिर का निर्माण कराया था। इस मंदिर के चारों ओर नारियल के बागानों के साथ एक खूबसूरत झील है। आसपास की सुंदरता बस शानदार है। डोड्डागड्डावल्ली धीरे-धीरे पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। इसकी बदौलत ग्रामीण प्राकृतिक वातावरण इसे अपनी चपेट में ले रहा है। **कैला देवी मंदिर, करौली**
राजस्थान के करौली में कैला देवी मंदिर, हिन्दुओं का धार्मिक मंदिर है जिसे देवी दुर्गा के 9 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। करौली शहर से 23 की.मी. की दूरी पर कालीसिल नदी के तट पर कैला देवी मंदिर स्थित है। कैला देवी इस मंदिर में देवी के रूप में स्थित है। हर साल लाखों लोग दर्शन करने आते हैं। देवी कैला को मानव जाति की रक्षिका और उद्धारकर्ता के रूप में माना जाता है। यह मंदिर करौली साम्राज्य के रियासत जादौन राजपूत के शासकों द्वारा बनाया गया है। **महालक्ष्मी मंदिर, मुम्बई :** मुम्बई में समुद्र किनारे स्थित यह मंदिर अत्यंत आकर्षक और लाखों लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है।



(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

### गूगल मैप की मदद से सीएनजी पंप का पता लगाएं

आप बिना किसी परेशानी के अपने सफर को पूरा कर सकते हैं।

**5. सटीकता और अनुकूलता:** गूगल मैप्स आपको सटीक जानकारी और अनुकूलता प्रदान करता है। इससे आप आसानी से अपने लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं और इससे आपकी यात्रा का अनुभव बेहतर होता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से गूगल मैप्स पर सीएनजी पंप की खोज करना बेहद सरल हो जाता है। यह हमें गैस स्टेशनों के स्थान की जानकारी सटीकता से प्रदान करता है और हमारे यात्रा को सुविधाजनक बनाता है। इसे उपयोग करके हम समय और ऊर्जा की बचत कर सकते हैं और साथ ही पर्यावरण को भी सहायक बना सकते हैं। समाप्ति रूप में, गूगल मैप्स के माध्यम से सीएनजी पंप की खोज करना एक उपयोगी और लाभदायक प्रक्रिया है। इससे हमारा यात्रा अनुभव सुविधाजनक और अधिक सुरक्षित होता है। इसलिए, हमें सीएनजी मैप्स का सहारा लेकर उसके माध्यम से सीएनजी पंप जैसे फेवरिट प्लेस को सेव करने का लाभ उठाना चाहिए।




(समाप्त)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### लाखों रुपये की शराब, बहुमूल्य धातुएं और नकदी बरामद

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों और उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है। आबकारी, आयकर, पुलिस और नार्कोटिक्स विभाग के साथ अन्य प्रवर्तन एजेंसियों की ओर से एक मार्च से 22 अप्रैल 2024 तक कुल 31,898.16 लाख रुपए की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं और नगदी बरामद किए गए हैं। इसमें 3123.56 लाख रुपए नकद धनराशि, 4279.08 लाख रुपए कीमत की शराब, 21,177.55 लाख रुपए कीमत की ड्रग, 2,161.59 लाख रुपए कीमत की बहुमूल्य धातुएं और 1,156.38 लाख रुपए कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई है।

### इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र रेजिडेंट समन्वयक बनीं भारत की गीता सभरवाल

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत की गीता सभरवाल को इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र रेजिडेंट समन्वयक बनाया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को सभरवाल की नियुक्ति की। सभरवाल के पास जलवायु परिवर्तन, स्थायी शांति, शासन और सामाजिक नीति का समर्थन करने वाले विकास में 30 वर्षों का अनुभव है। उन्होंने थाईलैंड में संयुक्त राष्ट्र रेजिडेंट समन्वयक और श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र के शांति निर्माण और विकास सलाहकार के रूप में भी काम किया है। संयुक्त राष्ट्र में शामिल होने से पहले, सभरवाल मालदीव और श्रीलंका के लिए एशिया फाउंडेशन की उप प्रतिनिधि थीं। वह भारत और वियतनाम में अंतर्राष्ट्रीय विकास के लिए यूके में गरीबी और नीति सलाहकार के रूप में भी कार्य कर चुकी हैं।

### रिहर्सल परेड के दौरान हुई दुर्घटना, मृतकों में तीन महिलाएं

# मलेशिया नौसेना के दो हेलीकॉप्टर आपस में टकराए, दस की मौत

**एजेंसी। कुआलालंपुर**

मलेशियाई नौसेना के दो हेलीकॉप्टर बीच हवा में टकरा गए। इस हादसे में तीन महिलाओं समेत 10 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा मंगलवार को रॉयल मलेशियाई नौसेना परेड की रिहर्सल के दौरान हुआ।

नौसेना ने बयान में पुष्टि की है कि रॉयल मलेशियाई नौसेना परेड रिहर्सल के लिए एक साथ कई हेलीकॉप्टर्स ने उड़ान भरी। इस दौरान दो हेलीकॉप्टर अचानक बहुत करीब आ गए और अनहोनी घट गई। यह हेलीकॉप्टर दुर्घटना के समय अगले महीने नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नौसैनिक अड्डे पर प्रशिक्षण ले रहे थे। रॉयल मलेशियाई नौसेना के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि मृतकों में तीन महिलाओं सहित चालक दल के सात सदस्य शामिल हैं। सभी के शव पोस्टमार्टम के लिए इपोह के राजा पेरमासुरी बैनुन अस्पताल भेजे गए हैं। पेराक पुलिस प्रमुख कामरेड दातुक सेरी मोहम्मद युसरी हसन बसरी ने कहा है कि घटना की जांच शुरू कर दी है। जांच का नेतृत्व नौसेना, अग्निशमन बचाव विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी कर रहे हैं। रॉयल मलेशियाई नौसेना के स्क्वाड्रन 503 ने हादसे में हताहत अपने चार सहयोगियों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सेपंगार में रॉयल मलेशियाई नौसेना के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर मोहम्मद फदज़िल सलेह ने कहा है कि हादसे में हताहत स्क्वाड्रन 503 के कमांडिंग ऑफिसर कमांडर मुहम्मद फिरदौस रामली अनुभवी पायलट थे। पीड़ित परिवारों को दोपहर 1: 20 बजे रॉयल मलेशियाई वायुसेना के विमान से कोटा किनाबालु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 के माध्यम से कुआलालंपुर के लिए रवाना किया गया।



# नमो ऐप पर 'मोदी मीटर' से नाप सकेंगे राजनीति की नब्ज

### 2024 चुनाव का क्या हो सकता है परिणाम, मोदी मीटर से लगाएं अनुमान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में चुनावी महापर्व की शुरूआत हो चुकी है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक नमो ऐप पर 'मोदी मीटर' नाम के एक अनूठे और इंटरैक्टिव मॉड्यूल को लॉन्च किया गया है। इसमें वर्चुअल ओपिनियन पोल के जरिए 2024 के लोकसभा चुनावों में एनडीए गठबंधन के प्रदर्शन का अनुमान लगा सकते हैं। 'मोदी मीटर' मॉड्यूल का मूल उद्देश्य देशवासियों के बीच चुनावों को लेकर जागरूकता को बढ़ावा देना और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने जनता द्वारा गढ़े गए 'अबकी बार, 400 पार' नारे के जरिए, इस लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करने का भरोसा जताया है। एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज, हर जगह एक ही बात सुनाई दे रही है, 'अबकी बार, 400 पार'। भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जनता ने अपनी पसंदीदा सरकार को सत्ता में वापस लाने के लिए स्वयं ही इस तरह का नारा लगाया है। 'मोदी मीटर' की अवधारणा आसान, लेकिन बेहद शक्तिशाली है। यूजर्स यहां राष्ट्रीय स्तर पर और अपने संबंधित राज्यों में एनडीए गठबंधन को मिलने वाली सीटों को लेकर एक अनूठे तरीके से अनुमान लगा सकते हैं। इतना ही नहीं, वे यहां अपने निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार को लेकर भी अनुमान लगा सकते हैं। वैसे जो यूजर्स नमो ऐप पर लॉगिन करते हैं, मॉड्यूल पर उनके राज्य और निर्वाचन क्षेत्र (पंजीकरण के दौरान दी जाने वाली जानकारी के अनुसार) की पहचान ऑटोमैटिक तरीके से हो जाती है, जिससे उन्हें एक सटीक अनुमान लगाने में मदद मिलेगी।




# देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है कांग्रेस : सीएम योगी

**एजेंसी। बागपत**

उत्तर प्रदेश के बागपत लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में समुदाय विशेष के लिए व्यक्तिगत कानून लाने की बात लिखी है। इसके जरिये कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करके तालिबानी शासन लाना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग बाबा साहब की ओर से बनाए गए संविधान के लिए खतरा हैं। ये कहते हैं कि हम एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। जबकि, वह आपकी संपत्ति और बेटियों-माताओं के गहने जब्त करने की साजिश रच रहे हैं। पहले इन्होंने छह दशक तक देश लूटा और अब हर संपत्ति पर डकैती डालकर अपने कब्जे में ले करके बंदरबांट की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि गरीबी का जो नारा दादी ने दिया, वही आज तोते की तरह पोता भी रट लगाए बैठा है।



### सफल बंगालियों से नफरत करती हैं ममता बनर्जी : अमित मालवीय

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा के सह प्रभारी और पार्टी की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी सफल बंगालियों से नफरत करती हैं। उन्होंने मिथुन चक्रवर्ती को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मिले पद्मभूषण सम्मान का जिक्र कर कहा कि इतने बड़े सम्मान के बावजूद ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई तक देने की जहमत नहीं उठाई। जहां बंगाल इस धरती पुत्र के सम्मान का जश्न मना रहा है, वहीं पक्षपात में अंधी सीएम ममता बनर्जी ने मिथुन दादा को बधाई देने की भी जहमत नहीं उठाई है। वह सफल बंगालियों से नफरत करती है। सीएम को अपने कृत्य पर शर्म आनी चाहिए।"

# हिजबुल्ला ने इजराइल पर 35 रॉकेट दागे : सेना

**एजेंसी। जेरूसलम**

इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल की ओर लगभग 35 रॉकेट दागे, जबकि इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में हवाई हमले किए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रॉकेटों से सफेड शहर और उत्तरी इजराइल के अन्य क्षेत्रों में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि इजराइली रक्षा बलों ने दक्षिणी लेबनान में रॉकेट लॉन्चरों से हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे पर हमला किया। बयान के मुताबिक, इससे पहले सोमवार को इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के अरजौन और ओडाइसेह गांवों में हिजबुल्ला के लड़ाकों पर हमला किया था।



### श्मशान की दीवार तोड़ने का आरोप

## प्रज्ञा ठाकुर ने भूमाफियाओं को घेरा



**एजेंसी। भोपाल**

भोपाल के नेवरी के नयापुरा क्षेत्र में आश्रम के लिए श्मशान की दीवार तोड़ने के लगे आरोपों पर सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने भूमाफियाओं को घेरा है। सोमवार रात सांसद प्रज्ञा ठाकुर पर आरोप लगा कि उन्होंने आश्रम के लिए श्मशान की दीवार तोड़ दी। इस पर गांव के लोग भी विरोध में उतर आए और जमकर नारेबाजी की। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सांसद प्रज्ञा ठाकुर की ओर से निजी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की गई। श्मशान की दीवार तोड़ने के आरोप पर सांसद ठाकुर ने एक्स पर लिखा, भोपाल में भूमाफियाओं का वर्चस्व है। मंदिर के लिए खरीदी गई भूमि पर जेसीबी से भूमि समतलीकरण का कार्य कई दिनों से चल रहा था। अभी दो घंटे पूर्व भूमाफियाओं के लोगों ने सरकारी भूमि पर कब्जा किया हुआ है। ट्रस्ट की भूमि पर चल रहे कार्य को रोककर जेसीबी के ड्राइवर को पीटा गया और जेसीबी को बहुत हानि पहुंचाई गई। कलेक्टर कमिश्नर को मैंने तुरंत अवगत कराया है। मैं भी मौके पर गई लेकिन पुलिस ने मुझे वापस भेज दिया। उन्होंने आगे लिखा, मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने गृह विभाग को सतर्क कीजिए कि भूमाफियाओं पर लगाम कसे। राष्ट्रकार्य निमित्त ली गई भूमि का ना एक इंच भी दूंगी, ना ही किसी की एक इंच जमीन लूंगी।

# नेहा हत्याकांड के बाद रिश्ता तोड़ने पर हिंदू लड़की पर हमला, मुस्लिम युवक गिरफ्तार



**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक के हुबली शहर में एक मुस्लिम युवक को एक हिंदू लड़की के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता ने एक एमसीए छात्र और कांग्रेस नेता की बेटी नेहा हीरेमथ की एक मुस्लिम द्वारा हत्या के बाद उसके साथ 'दोस्ती' खत्म करने का फैसला किया था।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान फल विक्रेता आफताब के रूप में हुई है। लड़की ने पुलिस को बताया कि उसका परिचय आफताब से एक अन्य मुस्लिम लड़की के माध्यम से हुआ था जो उसकी सहपाठी थी। लड़की ने मीडिया को बताया, आफताब दो साल से मेरा पीछा कर रहा था। उसने बैग और अन्य सामान उपहार में दिए थे। मैंने उससे दोस्ती करने की कोशिश की। हालांकि, नेहा हत्याकांड के बाद, मुझे आफताब के इरादों के बारे में आशंका होने लगी और मैंने उससे कहा कि वह हमारे बीच सभी संबंध खत्म कर दे।

उसने मुझसे अपने द्वारा दिए गए सभी उपहार वापस करने को कहा। जब मैं उपहार वापस करने आई और उससे दोस्ती खत्म करने के लिए कहा, तो उसने मेरे साथ मारपीट की और सार्वजनिक स्थान पर मेरे सिर पर वार किया। आफताब ने सड़क किनारे लड़की द्वारा लौटाए गए उपहारों में भी आग लगा दी। पीड़िता ने कहा, मुझ पर हमला होते देख राहगीर मेरी मदद के लिए आए और वे आफताब को ले गए। लड़की को बचाने वाले कथित हमले के एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि उसने अचानक देखा कि सार्वजनिक स्थान पर दिन के उजाले में एक युवा लड़की पर हमला किया गया था।

उसने कहा, मैं उसकी मदद के लिए दौड़ा और उसे दूर धकेल दिया। उसके पास चाकू था। लड़की ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा कि आफताब ने उसे जबरदस्ती बैग और अन्य सामान गिफ्ट कर दिया। लड़की ने बताया कि कि आफताब ने उस पर संबंध जारी रखने के लिए भी दबाव डाला और उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मुख्तार अंसारी की विसरा रिपोर्ट में जहर की पुष्टि नहीं

**लखनऊ।** गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की मंगलवार को आई विसरा जांच रिपोर्ट में जहर दिए जाने की पुष्टि नहीं हुई है। जेल में सजा काट रहे मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को बांदा जिले के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई थी। मुख्तार के भाई और सांसद अफजाल अंसारी ने आरोप लगाया था कि मुख्तार को जहर देकर मारा गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि अंसारी की मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई। अंसारी के परिवार ने आरोप लगाया है कि जेल में धीमा जहर दिए जाने के कारण उनकी मौत हुई। पोस्टमॉर्टम जांच की निगरानी और रिपोर्ट तक पहुंच रखने वाले अस्पताल के एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, मुख्तार अंसारी की मौत का कारण दिल का दौरा (मायोकार्डियल इन्फ्रक्शन) था। शव का पोस्टमॉर्टम पांच डॉक्टरों के पैनल ने किया था। रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में जब पोस्टमॉर्टम हुआ, तो मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी भी मौजूद थे।

## बिश्नोई ने सलमान खान को मारने की योजना बनाई थी



**एजेंसी। मुंबई**

बिश्नोई गिरोह के शूटरों ने ईद के दौरान सलमान खान को उनके पनवेल फार्महाउस पर मारने की योजना बनाई थी। यह प्लान इसलिए कामयाब नहीं हो पाया, क्योंकि सलमान खान ने ईद का जश्न मनाने का स्थान ऐन वक्त पर बदल दिया था।

सलमान खान के आवास पर हुई हवाई फायरिंग की छानबीन में पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ के बाद यह खुलासा हुआ है। शूटर विक्की गुप्ता और सागर पाल ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि सलमान के फार्महाउस पर हमले की योजना बनाई थी। इसी वजह से आरोपितों ने खान के फार्महाउस से लगभग 7 किलोमीटर दूर पनवेल के हरिग्राम गांव में एक घर भी किराए पर लिया था। पनवेल स्थित फार्महाउस पर आने जाने के लिए दोनों शूटरों ने 20 हजार रुपये में सेकंड हैंड बाइक भी खरीदी थी और कई बार फार्महाउस के बाहर रेकी की थी।

सलमान खान अपने पूरे परिवार के साथ अपने पनवेल फार्महाउस पर ईद मनाते हैं। इस साल सलमान ने अपने फार्महाउस पर ईद पार्टी का जश्न रद्द कर दिया था। सलमान अपने पूरे परिवार के साथ 10 अप्रैल को अपने गैलेक्सी अपार्टमेंट में मुंबई में थे। इसके बाद पूरे खान परिवार ने एक साथ सलमान खान के भाई के घर पर ईद का जश्न मनाया था।

जब दोनों शूटरों को इसकी जानकारी मिली तो दोनों उसी दिन सलमान के निवास क्षेत्र की निगरानी की थी। पुलिस की टीम इस मामले में आरोपितों के फोन काल की भी जांच कर रही है। इस दौरान आरोपितों ने किसे संपर्क किया था, इसकी भी छानबीन की जा रही है।

## आज का राशिफल

**मेष:** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**वृषभ:** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**मिथुन:** शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य कर। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कर्क:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह:** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कन्या:** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं।

**तुला:** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**वृश्चिक:** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**धनु:** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे।

**मकर:** बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दें।

**कुम्भ:** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं।

**मीन:** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गोरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# बदलते विश्व में भारत व आसियान के बीच और सहयोग की आवश्यकता : विदेश मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि दुनिया धीरे-धीरे एक बहुध्रुवीय एशिया और बहुध्रुवीय विश्व की ओर बढ़ रही है। ऐसे में उभरती विश्व व्यवस्था में आसियान और भारत की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। यह इस बात को भी रेखांकित करती है कि भारत और आसियान के बीच अधिक सहयोग और समन्वय की आवश्यकता है। विदेश मंत्री ने प्रथम आसियान फ्यूचर फोरम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने वियतनाम के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को इसके सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्वाड नेता आसियान केंद्रीयता और एकता को अटूट समर्थन देते हैं।



हमारा मानना है कि क्वाड इन्फ्रास्ट्रक्चर और एसटीईएम छात्रवृत्ति जैसे जनकेंद्रित लाभों के वितरण से क्षेत्र को समृद्ध मिलेगी। हमारा मानना है कि अब समय आ गया है कि ग्लोबल साउथ अपना दृष्टिकोण पेश करे और अंतरराष्ट्रीय मामलों में बड़ी भूमिका निभाए। पिछले साल जी20 अध्यक्ष के रूप में हमने कई आसियान सदस्य देशों की भागीदारी के साथ वर्चुअल वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। विदेश मंत्री ने कहा कि आसियान हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी के केंद्र में है और भारत की व्यापक इंडो-पैसिफिक दृष्टि में एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

हम आसियान एकता, केंद्रीयता और इंडो-पैसिफिक पर आसियान आउटलुक का समर्थन करते हैं। भारत का मानना है कि एक मजबूत और एकीकृत आसियान हिंद-प्रशांत की उभरती क्षेत्रीय व्यवस्था में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत दक्षिण पूर्व एशिया में मैत्री और सहयोग की संधि को स्वीकार करने वाले पहले देशों में से एक था, जो क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता बनाए रखने के प्रति हमारे सामूहिक संकल्प को दशार्ता है। यह महत्वपूर्ण है कि नौवहन और हवाई उड़ान की स्वतंत्रता और निर्बाध वाणिज्य का सम्मान किया जाए और उसे सुगम बनाया जाए। समुद्र के कानूनों पर 1982 का संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन एक व्यापक कानूनी ढांचा प्रदान करता है और समुद्र के संविधान के रूप में कार्य करता है जिसके भीतर महासागरों और समुद्रों में सभी गतिविधियां की जानी चाहिए।

## क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत का बेहतर प्रदर्शन

### प्रधानमंत्री मोदी ने की सराहाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जी-20 देशों के मुकाबले भारत के अग्रणी प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है। इससे पहले क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अध्यक्ष नुंजियो क्वाक्वेरेली ने भी भारत की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि यह देखना उत्साहजनक है। हमारी सरकार बड़े पैमाने पर अनुसंधान, शिक्षण और नवाचार पर ध्यान केंद्रित कर रही है। आने वाले समय में यह जोर और भी गहरा होगा, जिससे हमारी युवा शक्ति को लाभ होगा। एक लिंक्डइन पोस्ट में क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अध्यक्ष नुंजियो क्वाक्वेरेली ने भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली से संबंधित विषय के आधार पर नवीनतम क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के कुछ परिणाम साझा किए। पोस्ट में लिखा है कि इस साल भारतीय विश्वविद्यालयों ने सभी जी-20 देशों के बीच सबसे अधिक प्रदर्शन में सुधार दिखाया, उनकी औसत रैंकिंग में 14 प्रतिशत (साल-दर-साल) का महत्वपूर्ण सुधार हुआ।



## टी20 वर्ल्ड कप में नहीं खेलेंगे सुनील नारायण

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर सुनील नारायण मौजूदा आईपीएल 2024 में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलने की किसी भी संभावना से इनकार किया है। केकेआर के ऑलराउंडर ने आखिरी बार अगस्त 2019 में वेस्टइंडीज के लिए खेला था और पिछले साल नवंबर में उन्होंने संन्यास की घोषणा की थी। हालांकि, आईपीएल के मौजूदा सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन से राष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी की अटकलें तेज हो गई थी। लेकिन नारायण ने एक बयान जारी कर वेस्टइंडीज के लिए फिर से खेलने की सभी संभावनाओं को खारिज कर दिया। नारायण ने कहा, मुझे इस बात से खुशी है और मैं आभारी भी हूं कि मेरे फॉर्म के कारण लोग चाहते हैं कि मैं संन्यास से वापसी करूं और आने वाला टी20 वर्ल्ड कप खेलूं। लेकिन अब वे दरवाजे बंद हो चुके हैं। मैं वेस्टइंडीज के लिए खेल रहे लड़कों का समर्थन करूंगा।

## लीजेंड क्रिकेट ट्रॉफी में टीम के मालिक पर लगा
# मैच फिक्सिंग का आरोप

**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका के अटॉर्नी जनरल ने अदालत को सूचित किया है कि लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी में खेलने वाली सात टीमों में से एक कैंडी सैंप आर्मी के मालिक योनी पटेल पर मैच फिक्सिंग का आरोप लगाया गया है। अटॉर्नी जनरल का प्रतिनिधित्व करने वाले सरकारी वकील ने सोमवार को कोलंबो मजिस्ट्रेट को सूचित किया कि योनी पटेल पर कोलंबो हाई कोर्ट में अपराध का आरोप लगाया गया है। उन पर श्रीलंका में सेंट्रल हिल्स के पल्लेकेले में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अंतर्राष्ट्रीय सितारों की भागीदारी के साथ खेली गई लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के दौरान एक क्रिकेटर पर फिक्सिंग में शामिल होने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया गया है।




जांच श्रीलंका के सेवानिवृत्त राष्ट्रीय क्रिकेटर उपुल थरंगा की शिकायत पर शुरू की गई, जो खुद पटेल के स्वामित्व वाली टीम के खिलाड़ी हैं। श्रीलंका के पूर्व सफेद गेंद कप्तान और क्रिकेट चयन समिति के वर्तमान अध्यक्ष थरंगा ने पंजाब रॉयल्स के लिए खेलने वाले न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर नील ब्रूम के साथ मैच फिक्सिंग की शिकायत की थी। शिकायत में कहा था कि उनसे दो व्यक्तियों ने संपर्क किया जिन्होंने खुद को कैंडी सैम्प टीम का मालिक और पंजाब रॉयल्स मैनेजर बताया।

प्रारंभिक जांच के अनुसार, कथित मैच फिक्सरों में से एक ने खराब प्रदर्शन करने और मैच के नतीजों को फिक्स करने के लिए खिलाड़ियों से पैसे की पेशकश की थी। इसके बाद थरंगा ने तुरंत खेल से संबंधित भ्रष्टाचार को रोकने के लिए गठित श्रीलंका खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई को शिकायत की, जबकि ब्रूम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट और बाद में आईसीसी को रिपोर्ट की।

एसआईयू की जांच में पता चला कि टीम मैनेजर ने ब्रूम को अपने कमरे में बुलाया और 10 से अधिक गेंदों का सामना करने के बाद 10 से कम रन बनाने के लिए कहा था। प्रारंभिक जांच के बाद पटेल को 10 मिलियन श्रीलंकाई रुपये की जमानत पर रिहा कर दिया गया लेकिन उनके श्रीलंका से बाहर जाने पर प्रतिबंध है। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के सेवानिवृत्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों की सात टीमों के साथ, लीजेंड क्रिकेट ट्रॉफी 2024 का आयोजन 8 से 19 मार्च तक पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में किया गया था।

# झारखंड राज्य जूनियर चौकबॉल टीम रवाना




**एजेंसी। रांची**

13 वीं सब जूनियर अंडर 15 आयु वर्ग बालक/ बालिका एवं 14 वी जूनियर अंडर 19 आयु वर्ग बालक/ बालिका राष्ट्रीय चौकबॉल प्रतियोगिता का में भाग लेने के लिए झारखंड से खिलाड़ी रवाना हुए हैं।यह जानकारी झारखंड राज्य चौकबॉल संघ के महासचिव ब्रजेश गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन पंजाब चौकबॉल संघ के द्वारा इंडियन चौकबॉल फेडरेशन के देखरेख में दिनांक 26 से 28 अप्रैल 2024 तक पुलिस डी ए बी पब्लिक स्कूल पाप कैम्पस जालंधर पंजाब में आयोजित हो रही है।

### बालिका वर्ग

अमिका मिंज (कप्तान), तन्नू केरकेट्टा (उप कप्तान), ऋषिका लकड़ा, अमीषा तिर्की, अंकिता तिर्की, श्रुति सपना टूटी, प्रिया पलक, सैफाली सिमरन नायक, रागिनी कुमारी, अंजली कच्छप, भुनेश्वरी कुमारी,दीप्ति कुमारी, जेनिस टोप्पो, सुधा गुप्ता, कृति रानी भगत,कोच रेशमा कुमारी,मैनेजर ब्रजेश गुप्ता शमिल हैं '

### बालक वर्ग

शुभम उरांव ( कप्तान ), अगस्टिन एलेन तिग्गा ( उप कप्तान ),प्रियांशु जोन तिर्की, राहुल कच्छप, अनुज कुमार मुंडा, असीम अनुराग मिंज, एबनेजर जोन मुंडू, मनीष कुमार महतो, ओमेंद्र, पियूष कुमार निर्मिकर, योगेंद्र साहु, कोच अंदीप लकड़ा सामिल हैं '

## आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने युजवेंद्र चहल

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के स्टार गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। चहल ने मोहम्मद नबी (23) का विकेट लेकर 200 विकेट की उपलब्धि हासिल की।



चहल ने 2013 में अपना आईपीएल डेब्यू किया और अपने 153वें गेम में इस मुकाम पर पहुंचे। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले चहल इस आईपीएल सीजन-13 में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। केवल दो अन्य व्यक्ति पहले टी20 प्रतियोगिता में 200 विकेट तक पहुंचे हैं: डैनी ब्रिग्स (219) और समित पटेल (208) - दोनों इंग्लैंड के टी20 ब्लास्ट में।

## आरआर के शानदार प्रदर्शन का श्रेय संजू को जाना चाहिए : फिंच

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) आईपीएल 2024 अंक तालिका में शीर्ष पर है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर एरोन फिंच ने संजू सैमसन की बल्लेबाजी और उनकी शानदार कप्तानी की सराहना की है। संदीप शर्मा (5-18) के शानदार स्पेल और यशस्वी जायसवाल (60 रन पर नाबाद 104) के शतक ने आरआर को मुंबई इंडियंस पर 9 विकेट से जीत दिलाई। सैमसन ने 28 गेंदों में 38 रन बनाकर जायसवाल का भरपूर साथ दिया और दोनों ने 65 गेंदों में 109 रन की अटूट साझेदारी की। फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, ₹वह वास्तव में अच्छी



पारियां खेल रहा है और टीम के लिए यही जरूरी है। मुझे लगता है कि टी20 क्रिकेट के समय में बल्लेबाज का अहंकार कभी-कभी टीम की जरूरत के आड़े आ सकता है, लेकिन वह हर स्थिति में ठीक उसी तरह खेल रहा है जिस तरह की मांग है। वह अच्छी तरह से टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, आप देख सकते हैं कि दबाव में होने पर भी टीम शांत रहती है।

## 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम से खुश नहीं हैं खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा ने कहा है कि वो इम्पैक्ट प्लेयर नियम के प्रशंसक नहीं हैं। अब इम्पैक्ट प्लेयर नियम से नाखुश खिलाड़ियों की लिस्ट में दिल्ली कैपिटल्स के अक्षर पटेल और मुकेश कुमार का नाम भी जुड़ गया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सफल परीक्षण के बाद इम्पैक्ट प्लेयर रूलिंग को आईपीएल 2023 में पेश किया गया था। इम्पैक्ट प्लेयर नियम के अनुसार, टॉस के बाद, प्रत्येक टीम को अपने प्लेइंग-11 के अलावा अधिकतम पांच स्थानापन्न खिलाड़ियों का नाम देने की अनुमति है। खेल के दौरान किसी भी समय, उनमें से एक - जिसे इम्पैक्ट प्लेयर कहा जाता है। ,

## विश्व टेबल टेनिस दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**एजेंसी। रांची**

विश्व टेबल टेनिस दिवस पर मंगलवार को झारखण्ड टेबल टेनिस संघ एवं रांची जिला टेबल टेनिस संघ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल का आयोजन महालेखाकार रिक्रिएशन हॉल डोरंडा रॉची किया गया । जिसमे विभिन्न आयु वर्ग के करीब 75 खिलाडियो ने भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व सचिव जय कुमार सिन्हा ने समस्त खिलाडियो , झारखण्ड टेबल टेनिस एवं रांची जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारियो को शुभकामना देकर प्रोत्साहित किए।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## पी एम एंथनी ने एबीसी न्यूज ब्रेकफास्ट से कहा कि मस्क अहंकारी हैं

**एजेंसी। सिडनी**

टेक अरबपति एलन मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिडनी चर्च में चाकूबाजी के वीडियो पर प्रतिबंध लगाने के प्रयासों पर ऑस्ट्रेलिया पर निशाना साधा है। ऑस्ट्रेलियाई अदालत ने सोमवार शाम एक्स को दुनिया में उसके यूजर्स के लिए 15 अप्रैल की चाकूबाजी के वीडियो को न दिखाने का आदेश दिया।




मस्क ने एक्स पर लिखा, हमारी चिंता यह है कि अगर किसी देश को सामग्री को सेंसर करने की अनुमति दी जाती है, तो दूसरे देशों को इंटरनेट को नियंत्रित करने से कैसे रोका जा सकता है। उन्होंने कहा, हमने संबधित सामग्री को आस्ट्रेलिया के लिए पहले ही सेंसर कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने मंगलवार को एबीसी न्यूज ब्रेकफास्ट से कहा कि मस्क अहंकारी हैं। उन्होंने कहा, हम इस अहंकारी अरबपति से निपटने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। मस्क सोचते हैं कि वह कानून के साथ-साथ सामान्य शालीनता से भी ऊपर हैं।

अल्बनीज ने कहा कि सोशल मीडिया को सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाने की जरूरत है। 15 अप्रैल को पश्चिमी सिडनी के वेकले में क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में हुई चाकूबाजी में दो लोग घायल हो गए थे। इसमें 16 वर्षीय एक लड़के पर आरोप लगाया गया है।

# प्रकृति के साथ समय बिताने से हृदय रोग और मधुमेह का खतरा कम हो सकता है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि प्रकृति के साथ बिताए गए समय से हृदय रोग और मधुमेह के खतरे से जुड़ी सूजन के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। ब्रेन, बिहेवियर एंड इम्युनिटी जर्नल में प्रकाशित नया अध्ययन सूजन (इनफ्लेमेशन) पर केंद्रित है। हालांकि पिछले शोध ने प्राकृतिक दुनिया के संपर्क को केवल बेहतर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य से जोड़ा था। अध्ययन से पता चला है कि प्रकृति के बार-बार संपर्क में आने से तीन अलग-अलग इंडीकेटर्स (संकेतक) को लाभ पहुंचता है। इसमें इंटरल्यूकिन-6 (आईएल -6), सी - रिएक्टिव प्रोटीन और साइटोकिन्स शामिल हैं।



अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर एंथनी ओंग के नेतृत्व वाली टीम ने कहा, इन सूजन मार्करों पर ध्यान केंद्रित कर अध्ययन एक बायोलॉजिकल (जैविक) स्पष्टीकरण देता है कि प्रकृति स्वास्थ्य में सुधार क्यों कर सकती है? अध्ययन में विशेष रूप से बताया गया है कि प्रकृति के संपर्क में रहने से हृदय रोग और मधुमेह जैसी पुरानी सूजन से जुड़ी बीमारियों को कैसे रोका या प्रबंधित किया जा सकता है। अध्ययन के लिए टीम में 1,244 प्रतिभागियों को शामिल किया गया। सभी के शारीरिक स्वास्थ्य का मूल्यांकन किया गया और शारीरिक परीक्षण, यूरिन और ब्लड के सैंपल से व्यापक जैविक मूल्यांकन प्रदान किया गया। एंथनी ओंग ने कहा, यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि लोग कितनी बार बाहर समय बिताते हैं, बल्कि यह उनके अनुभवों की गुणवत्ता के बारे में भी है। उन्होंने आगे कहा कि जनसांख्यिकी, स्वास्थ्य व्यवहार, दवा और सामान्य कल्याण जैसे अन्य वेरिएबल्स को नियंत्रित करते समय भी, उनकी टीम ने पाया कि सूजन का कम स्तर लगातार प्रकृति के सकारात्मक संपर्क से जुड़ा हुआ था।

## तनाव आपके शरीर को कैसे प्रभावित कर सकता है?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

डॉक्टरों ने मंगलवार को दावा किया कि तनाव न केवल मानसिक रूप से आपको प्रभावित करता है, बल्कि यह शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। अप्रैल महीने को तनाव जागरूकता माह (स्ट्रेस अवेयरनेस मंथ) के रूप में जाना जाता है। आज की भागदौड़ भरी दुनिया में, सभी उम्र के लोगों को भारी दबाव और तनाव का सामना करना पड़ रहा है, जिससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां बढ़ रही हैं।

गुरुग्राम स्थित आर्टेमिस अस्पताल में न्यूरोइंटरवेंशन के निदेशक और स्ट्रोक यूनिट के सह-प्रमुख विपुल गुप्ता ने आईएएनएस से कहा, "मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डालने के अलावा, तनाव शरीर पर गहरा प्रभाव डाल सकता है, जिससे कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां और बीमारियां



हो सकती हैं।"

डॉक्टर ने कहा कि तनाव नींद को बाधित करता है, जिससे सोने में मुश्किल हो सकती है, इससे उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और स्ट्रोक जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। तनाव शारीरिक प्रतिक्रियाओं के एक समूह को ट्रिगर करता है, जिसमें कोर्टिसोल और एड्रेनालाईन जैसे तनाव हार्मोन के ऊंचे स्तर शामिल हैं, जो सामान्य शारीरिक कार्यों को बाधित कर सकते हैं।

## विमान में 12 साल तक के बच्चों को माता-पिता के साथ दी जाएगी सीट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाया है। विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन कंपनियों को उड़ान के दौरान 12 साल तक के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ सीट आवंटित करने का निर्देश दिया है। डीजीसीए ने मंगलवार को जारी एक बयान में एयरलाइंस कंपनियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिता या अभिभावकों में कम से कम एक के साथ उनकी सीट आवंटित की जाए। इसके साथ ही इसका रिकॉर्ड भी रखा जाए। विमानन नियामक ने यह निर्देश बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आने



के बाद जारी किए हैं। यह निर्देश ऐसे मामलों की पृष्ठभूमि में आया है। अब डीजीसीए की ओर से 2024 में जारी एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर (एटीसी)-01 के मुताबिक 12 साल से कम उम्र के बच्चे को हवाई सफर के दौरान उसके अभिवावकों के पास वाली सीट उपलब्ध हो सकेगी। खास बात ये है कि इसके लिए यात्री को कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं देना होगा। अगर अभिभावक ने अपने लिए फ्री सीट या ऑटो एलोकेशन का ऑप्शन चुना है तो बगल की सीट बच्चे के लिए अरेंज करना होगा।

## आर्थिक गतिविधियां 14 साल में सबसे अधिक तेज : एचएसबीसी सर्वेक्षण

**एजेंसी। मुंबई**

मंगलवार को जारी एचएसबीसी सर्वेक्षण के अनुसार, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के अच्छा प्रदर्शन के कारण इस महीने भारत की आर्थिक गतिविधि 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। भारत के लिए एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी समग्र क्रय प्रबंधक सूचकांक मार्च के 61.8 के मुकाबले अप्रैल में बढ़कर 62.2 हो गया। सूचकांक पर 50 का अंक अर्थव्यवस्था में विस्तार और संकुचन के बीच की विभाजन रेखा को दशार्ता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, नए ऑर्डरों में बढ़ोतरी के कारण विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करने के परिणामस्वरूप जून 2010 के बाद से समग्र उत्पादन सूचकांक सबसे अधिक रहा नए व्यवसायों की वृद्धि में तेजी के कारण मार्च में सूचकांक 61.2 से बढ़कर 61.7 हो गया, साथ ही सेवा गतिविधि में भी विस्तार हुआ।




उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ माल के नए ऑर्डरों के कारण विनिर्माण पीएमआई मार्च में मजबूत वृद्धि के साथ अप्रैल में 59.1 पर जारी रहा। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन में वृद्धि से नौकरियों में वृद्धि हुई। खासकर विनिर्माण क्षेत्र में, जहां रोजगार डेढ़ साल में सबसे तेज गति से बढ़ रहा है। हालांकि, सर्वेक्षण के अनुसार, सेवाओं में रोजगार सृजन मार्च की तुलना में थोड़ा धीमा था।

# देश का पहला ऑल-इन-वन पेमेंट डिवाइस हुआ लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फिनटेक कंपनी भारतपे ने मंगलवार को भारत का पहला ऑल-इन-वन पेमेंट प्रोडक्ट लॉन्च किया। इसमें पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल), क्यूआर और स्पीकर को एक ही डिवाइस में शामिल किया गया है। भारतपे वन नामक यह प्रोडक्ट व्यापारियों के लिए लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो गतिशील और स्थिर क्यूआर कोड, टैप-एंड-पे और ट्रेडिशनल कार्ड पेमेंट ऑप्शन समेत वर्सटाइल (अस्थायी) पेमेंट स्वीकृति ऑप्शन देता है। कंपनी की योजना पहले चरण में 100 से अधिक शहरों में प्रोडक्ट लॉन्च करने और



अगले छह महीनों में इसे 450 से अधिक शहरों में विस्तारित करने की है।

भारतपे के सीईओ नलिन नेगी ने कहा, कई तरह के काम को एक डिवाइस में जोड़कर हम विभिन्न सेक्टरों में छोटे और मध्यम व्यवसायों की विभिन्न जरूरतों के अनुरूप एक व्यापक समाधान प्रदान कर रहे हैं। कंपनी के अनुसार, यह डिवाइस व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए एक सहज और परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करती है। कंपनी का कहना है कि यह हाई-डेफिनिशन टचस्क्रीन डिस्प्ले, 4जी और वाई-फाई कनेक्टिविटी से लैस है और लेटेस्ट एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा संचालित है। यह बेहतर प्रदर्शन और सुरक्षा देती है। भारतपे में पीओएस सॉल्यूशंस के मुख्य व्यवसाय अधिकारी रिजीश राघवन ने कहा, परीक्षण के चरण में हमें अपने व्यापारियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। हमारा मानना है कि यह डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम के लिए एक और गेम चेंजर होगा, जिससे फिनटेक उद्योग में अग्रणी के रूप में हमारी स्थिति और मजबूत होगी।




# शिव के शरण में अर्जुन, तो शक्ति के चरण में काली

*भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने भरा पर्चा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह रहे मौजूद*

*कालीचरण सिंह मुंडा ने भी भरा पर्चा, सीएम और कांग्रेस नेता रहे मौजूद*



नामांकन के पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोनमेर मंदिर और अमरेश्वर धाम मंदिर में अपनी पत्नी के साथ भगवान शिव की पूजा कर जीत का आशीर्वाद मांगा।




नामांकन के पूर्व इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने दिउड़ी मंदिर में पूजा कर मां से जीत का आशीर्वाद मांगा।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
खूंटी लोकसभा सीट से मंगलवार को नामांकन से पहले अर्जुन मुंडा ने सोनमेर मंदिर और अमरेश्वर धाम मंदिर पहुंच कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और जीत का आशीर्वाद मांगा। वहीं नामांकन के पहले कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण सिंह मुंडा ने दिउड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना कर माता से जीत आशीर्वाद मांगा। पूजन के दौरान अर्जुन मुंडा के साथ उनकी पत्नी, मां और बच्चे भी मौजूद रहे। भगवान शिव से आशीर्वाद की याचना के बाद अर्जुन मुंडा ने रोड शो भी किया। अर्जुन मुंडा के नामांकन कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। इस मौके पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि उन्होंने सबके कल्याण के लिए पूजा-अर्चना की। आगे हम सभी जनता के हित में काम करें और यह जीत जनता की जीत हो, ऐसी प्रार्थना के साथ सबकी प्रगति हो और सबके जीवन में खुशहाली आये, यही भगवान से कामना की।
भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ने की दिशा में है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी काम कर रहे हैं।

## भारत का मस्तक ऊंचा करना है तो मोदी जैसा पीएम चाहिए

**खूंटी।** खूंटी की जनसभा में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी के बारे में आप जानते हैं। उनका पूरा जीवन हिंदुस्तान की जनता के लिए समर्पित है। 24 घंटे में 18 घंटे काम करने वाला कोई नेता अपने जीवन में देखा है, तो नरेन्द्र मोदी भाई को देखा होगा। दिनभर कई सभाओं के बाद वह रात में दस बजे बैठक करते हैं। यदि भारत का मस्तक ऊंचा करना है तो ऐसा ही तपस्वी प्रधानमंत्री इस देश को चाहिए। राजनाथ ने कहा कि दुनिया में यह धारणा थी कि भारत कमजोर है, जो कोई भी चाहता था वह भारत को आंख दिखा देता था।



## सड़क मार्ग से खूंटी पहुंचे राजनाथ सिंह

अर्जुन मुंडा के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हवाई मार्ग से रांची एयरपोर्ट पहुंचे, जहां राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने स्वागत किया और सड़क मार्ग से खूंटी पहुंच कर एक जनसबा को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो भी मौके पर मौजूद रहे।

## भगवान बिरसा मुंडा को सम्मान हमारी सरकार ने दिया

राजनाथ ने कहा कि देश में बिरसा मुंडा का योगदान सभी को पता है। भगवान बिरसा मुंडा को पहली बार किसी ने सम्मान दिया है तो हमारी सरकार ने दिया है। वह गौरव के प्रतीक हैं। तिलका मांझी, फूलों झाने, चांद भैरव, टाना भगत इन सबको सम्मान मिला। हमारी सरकार समाज की अंतिम सीढ़ी पर बैठे लोगों को सम्मान दे रही है। आदिवासी कल्याण मंत्रालय भी देश में अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया था। इसका बजट छह गुना बढ़ा दिया गया है। ऐसे हजारों गांव हैं, जिन्हें कोई पूछता नहीं था। इन पिछड़ों की किसी ने नहीं सुनी लेकिन पहली बार 36 हजार गांवों तक सरकारी योजनाएं पहुंचीं। दुनिया के किसी देश में वह काम नहीं हो पाया जो हमारी सरकार ने किया है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने कहा कि भारत ने करिश्मा कर दिया।

## आदिवासियों की रक्षा के लिए इंडी गठबंधन को जिताएं : जोबा मांझी

**सिंहभूम।** नामांकन के बाद झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी ने सभा को संबोधित करते हुए अपने पति स्वर्गीय देवेंद्रनाथ मांझी को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने अपील की कि लोग तीर धनुष पर वोट डालकर उनको जिताये। उन्होंने कहा कि यह साधारण चुनाव नहीं है। यह आदिवासियों की रक्षा का चुनाव है। भाजपा आदिवासियों का हक लूटना चाहती है। आदिवासी के नेता को जेल भेज दिया है। अभी केंद्र सरकार से बदलना लेने का समय आ गया है।



नामांकन के बाद जोबा मांझी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कल्पना सोरेन व अन्य।

# आदिवासियों-मूलवासियों की आवाज दबाने के लिए हेमंत सोरेन को जेल में डाला : मीर

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश के एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जो आदिवासियों और मूलवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे, उनकी आवाज को दबाने के लिए उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भाजपा से संविधान और लोकतंत्र को खतरा है। हमें इसे बचाना है और इसके लिए खूंटी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का जीत दिलानी है। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि भाजपा की सरकार सीएनटी एक्ट को खत्म करना चाहती थी। इसके विरोध में राज्य भर में आंदोलन हुआ और खूंटी में एक आंदोलनकारी शहीद भी हुआ। आंदोलन जारी रहा और भाजपा सीएनटी एक्ट में संशोधन नहीं कर पाई।



## तबीयत खराब होने के बावजूद पहुंचे बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम

**खूंटी।** भगवान बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा की तबीयत खराब है। इसके बावजूद वे लाठी टेकते हुए इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के नामांकन के मौके पर पहुंचे। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मंच पर उन्हें सम्मानित किया।

## कांग्रेस ने टिकट बंटवारे में पिछड़ों के साथ किया अन्याय : ओबीसी मोर्चा

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी पर झारखंड में टिकट बंटवारे में ओबीसी समुदाय से नाइंसाफी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से इस वर्ग के लोगों में आक्रोश और निराशा है।

### झामुमो ने दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर याचिका में क्या कहा

# लोकपाल का आदेश खराब और अधिकार क्षेत्र के बाहर : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**
**दिल्ली/रांची।** शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच पर भारत के लोकपाल को 10 मई तक कोई भी कदम से दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायालय में झामुमो की ओर से दायर की गई याचिका में कहा गया है कि लोकपाल का आदेश प्रथम दृष्टया कानून की दृष्टि से खराब और अधिकार क्षेत्र के बाहर है। दावा किया गया कि यह आदेश झामुमो की जानकारी के बिना पारित किया गया था। याचिका में कहा गया है कि आदेश पारित करने से पहले झामुमो को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था और पार्टी को सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया था।



## भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लगाए थे ये आरोप

इससे पहले लोकपाल को दी गई अपनी शिकायत में निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया था कि सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है। आगे कहा गया है कि भ्रष्ट तरीकों को अपनाकर अपनी आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की गई। भाजपा नेता ने दावा किया कि सोरेन ने ये संपत्ति अपने, अपने परिवार के सदस्यों, दोस्तों, सहयोगियों और कंपनियों के नाम की हैं।
इस बारे में लोकपाल ने सीबीआई से मासिक रिपोर्ट भेजकर अपनी जांच की प्रगति के बारे में जानकारी देने को भी कहा है। लोकपाल ने यह भी कहा है कि विचाराधीन दो संपत्तियां झामुमो के नाम पर हैं, जो राज्यसभा सांसद सोरेन द्वारा स्थापित एक राजनीतिक दल है और 2014 में उनके माध्यम से खरीदी गई थी। आगे कहा गया था कि जेएमएम को शिबू सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जो भारी राजनीतिक प्रभाव रखते हैं। आदेश में आगे कहा गया था कि झामुमो के नाम पर संपत्तियों की



## आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने लोहरदगा और धनबाद से उतारे अपने प्रत्याशी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के झारखंड के दो लोकसभा सीट धनबाद और लोहरदगा से चुनाव लड़ेगा। पार्टी के प्रदेश महासचिव अर्जुन टोप्पो लोहरदगा से और धनबाद लोकसभा से डॉ परवेज नय्यर चुनाव लड़ेंगे। इसकी घोषणा मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अर्जुन टोप्पो एक दशक से आदिवासी मूलवासी के हक और अधिकार के लिए लड़ रहे है, जबकि डॉ परवेज नय्यर एक दशक से स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में समाज में मेहनत कर रहे हैं और बदलाव की राजनीति पर विश्वास करते हैं। मीडिया से बात करते हुए उक्त बातें प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने कही।

## निशिकांत दुबे को रिकार्ड मत से हराना है : दीपिका

**दुमका।** कांग्रेस द्वारा दीपिका पांडे सिंह ने मंगलवार को दुमका में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मैं अपना चुनाव जीतने के लिए जितनी मेहनत से लड़ती उससे ज्यादा मेहनत अब प्रदीप यादव के लिए करूंगी और निशिकांत दुबे को रिकार्ड मतों से हराकर यह सीट कांग्रेस की झोली में डालूंगी। दीपिका पांडे सिंह एक केस के सिलसिले में पेशी के लिए दुमका कोर्ट आई हुई थीं। कोर्ट में उनका मामला 2017 का था, जहां महागामा थाना क्षेत्र में एक सड़क जाम के दौरान हंगामा हुआ था।

# पृष्ठ एक के शेष

**एसीसी-एसटी आरक्षण कम कर मुसलमानों में...**
देने की कोशिश की थी। यह एक पायलट प्रोजेक्ट था, जिसे बाद में इसे पूरे देश में लागू करने की योजना थी लेकिन कांग्रेस के मंसूबे कामयाब नहीं हो सके। जब कर्नाटक में भाजपा सरकार आई तो हमने सबसे पहले कांग्रेस द्वारा एससी-एसटी आरक्षण कम कर दिए गए मुस्लिम कोटा को खत्म किया। आरक्षण का हक बाबा साहेब ने दलित, आदिवासी और पिछड़ों को दिया। कांग्रेस और इंडी अलायंस वाले उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते हैं। अब कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में सामाजिक-आर्थिक और आपके संपत्ति के सर्वे और इसके पुनर्वितरण की बात कही है। विपक्षी गठबंधन की मंशा कम जनसंख्या के आधार पर एससी-एसटी आरक्षण कम करना और अधिक जनसंख्या और पिछड़ेपन के आधार पर इसे मुसलमानों को देना है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस अपने वोट बैंक पॉलिटिक्स के दलदल में इतनी फंसी हुई है कि उसे बाबा साहेब के संविधान की भी परवाह नहीं है। उन्होंने मेनिफेस्टो में लिखा है आपकी संपत्ति का सर्वे करेंगे। हमारी माता-बहनों के मंगलसूत्र का सर्वे करेंगे। उनके नेता ने कहा कि एक्स-रे किया जाएगा। मतलब आपके घर के बाजरे के डिब्बे, दीवार में रखा है तो वे एक्स-रे कर खोजा जाएगा। ये उनके नेता कह रहे हैं। वे कहते हैं कि जरूरत से ज्यादा हुआ तो कब्जे में ले लेंगे और लोगों को बांट देंगे। आपके दो घर है तो एक्स-रे करेंगे और कहेंगे एक घर सरकार को दे दें। क्या ये स्त्री धन या मंगलसूत्र पर हाथ लगा सकते हैं, ऐसा एक भी पंजा नहीं बचना चाहिए।

**भाजपा के मुख्यमंत्रियों पर भ्रष्टाचार का कोई...**
मतों से जीताने की अपील की। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा के बारे में बताने की जरूरत नहीं। यहां मुख्यमंत्री के तौर पर और केंद्र में मंत्री के तौर पर उनके योगदान को सभी ने देखा है।
राजनाथ ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड में बाबूलाल, अर्जुन और रघुवर दास यहां मुख्यमंत्री बने लेकिन भ्रष्टाचार का दाग किसी पर भी नहीं लगा। हेमंत सोरेन का नाम लिए बगैर कहा कि इस राज्य के एक पूर्व मुख्यमंत्री कहां हैं, बताने की जरूरत नहीं। अपने इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी नहीं सुना कि कोई मुख्यमंत्री डेढ़ दिनों तक लापता रहा। राजनीति परिवार नहीं, समाज और देश के लिए की जानी चाहिए।

**दिल्ली हाईकोर्ट से शिबू सोरेन...**
चौधरी पेश हुए। उन्होंने कहा कि दोनों संपत्तियां राजनीतिक दल की हैं, सोरेन की नहीं। यह भी तर्क दिया गया कि चार मार्च का आदेश लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम के तहत भारत के लोकपाल के अधिकार क्षेत्र से परे था। कपिल सिब्बल ने कहा कि कानून के तहत जांच केवल एक व्यक्ति के खिलाफ ही शुरू की जा सकती है, किसी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं। उन्होंने आगे कहा कि सीबीआई अपनी पिछली रिपोर्ट में पहले ही इस निष्कर्ष पर पहुंच चुकी है कि संपत्तियां झामुमो की हैं, इसलिए लोकपाल का आदेश जांच के दायरे से बाहर चला जाता है। बता दें कि लोकपाल ने निशिकांत दुबे की शिकायत पर सीबीआई को झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन से जुड़ी कथित बेनामी संपत्तियों की छह महीने के भीतर जांच करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा झामुमो से संबंधित दो संपत्तियों की जांच करने का भी निर्देश दिया गया है।

**पलामू से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम...**
महामंत्री आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय संयोजक विपीन बिहारी सिंह भी मौजूद रहेंगे। इधर मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने शहर भ्रमण कर व्यवसायियों को नामांकन में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस दौरान समर्थकों की काफी भीड़ रही। लोहरदगा के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल होंगे।लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव बुधवार को गुमला समाहरणालय में नामांकन दाखिल करेंगे। इसमें गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल होंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे।

**रांची से धराया हरियाणा का अफीम...**
खुद ही ट्रक का मालिक भी है। उसने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह राजस्थान के रहने वाले अशोक के कहने पर अफीम लेने के लिए झारखंड आया हुआ था।

**पुंदाग से पांच लाख के ब्राउन शुगर के साथ चार धराए :** वहीं दूसरी तरफ रांची पुलिस ने रांची के पुंदाग इलाके से चार ड्रग्स पैडलर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ड्रग्स पैडलर के पास से 237 पुड़िया ब्राउन शुगर, 4800 रुपये नकद, चार मोबाइल, एक सवारी ऑटो और एक बाइक बरामद किया गया है। बरामद ब्राउन शुगर का बाजार मूल्य लगभग 5 लाख रुपये है। गिरफ्तार ड्रग्स पैडलर्स में मतियुल रहमान, फैजल अंसारी, दानिश खान और मो. रिजवान शामिल हैं। एसएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पुन्दाग ओपी क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री बड़े पैमाने पर की जा रही है। सूचना के बाद हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने पुंदाग ओपी के जाफर टोली स्थित पुराना सामुदायिक भवन के समीप से चार लोगों को संदेह के आधार उठाया। जांच के क्रम में उनके पास से 237 पुड़िया ब्राउन शुगर सहित अन्य सामान बरामद किए गए। पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों के अंतर्राज्यीय गिरोह के साथ जुड़े होने की बात प्रकाश में आयी है। चारों का कनेक्शन बंगाल से है। इन चारों का मेन डीलर बंगाल का है।

**जारी रहेगा नशा तस्करों के खिलाफ अभियान : रांची** एसएसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि नशे के तस्करों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। नामकुम से डोडे की बड़ी खेप पकड़ी गई है। वहीं पुंदाग से चार ड्रग्स पैडलर्स को गिरफ्तार किया गया है। तस्करों का कनेक्शन अंतरराज्यीय गिरोह से है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# न्यूज बॉक्स

## निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की का इश्तेहार जारी

**रांची ।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की के वारंट का इश्तेहार जारी किया है। पिछले दिनों झारखंड हाई कोर्ट ने भी वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी कोर्ट भी दोनों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर चुका है। इस केस के मुख्य आरोपित वीरेंद्र राम फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 22 फरवरी, 2023 को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। इस दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

## नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोपित बुजुर्ग को तीन साल की सजा

**रांची ।** पॉक्सो की विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मंगलवार को नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोपित अमूल कांति लाल (65) को तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 10 हजार जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर उसे एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने आरोपित को आईपीसी की धारा 354 और पॉक्सो की सेक्शन आठ के तहत दोषी पाकर तीन -तीन साल की सजा सुनाई है ।दोनों धारा की सजा साथ- साथ चलेगी। मामले में अभियोजन की ओर से छह गवाह की दर्ज कराई गई थी। आरोपित कांति लाल साहू पेशे से शिक्षक है। 22 अप्रैल 2018 को नाबालिग को उसके गांव से पढ़ाने के नाम पर रांची लाया था और उसके साथ छेड़छाड़ किया करता था। मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची ।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। इससे पूर्व मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। पिछली सुनवाई में इजहार अंसारी की ओर से बहस की गई थी। करोड़ों रुपए के कोल लिंकेज के हेरा फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है। ईडी ने 15 मार्च को अदालत में इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। ईडी ने जांच में पाए गए तमाम साक्ष्य के साथ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने कोर्ट को यह जानकारी दी थी कि इजहार कैसे कोयले के कारोबार में संलिप्त था और अवैध कोयले के कारोबार से कैसे अकूत संपत्ति अर्जित की।

## हेमंत सोरेन ने झारखंड को खूब लूटा : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की हालत क्या है, जनता देख रही है। हेमंत सोरेन ने राज्य के हर चीज को लूटने का काम किया है। ईडी की चार्जशीट में उनका गुनाह दर्ज है। प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत की बात करते हैं। ये लोग अपने घर और परिवार को विकसित करने का काम कर रहे हैं। झारखंड के गठन में 23 में से 13 साल बीजेपी की सरकार रही। आज तक भाजपा के कार्यकाल में किसी आदिवासी की जमीन नहीं लूटी गई। ये लोग आरोप लगाते हैं कि भाजपा सत्ता में आएगी तो जमीन छीन लेंगे। झूठा प्रचार करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संकल्प लेकर जाएं कि अर्जुन मुंडा को खूंटी से जीताकर भेजेंगे। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे।

## जस्टिस विक्रमादित्य कमेटी की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई : हाई कोर्ट

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने झारखंड विधानसभा एवं राज्य सरकार से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने के बाद की गई कार्रवाई की फाइल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट इन दोनों से जानना चाहती है कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने पर सरकार और विधानसभा ने आगे क्या प्रक्रिया अपनाई थी। मामले में कोर्ट ने राज्यपाल के प्रधान सचिव को प्रतिवादी बनाया है। इससे पहले सरकार की ओर से कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत की गई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट छह माह के भीतर विधानसभा के पटल पर नहीं रखी जा सकी थी, जिस कारण दूसरा आयोग बनाना पड़ा था। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 13 मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सरकार को विधानसभा नियुक्ति से संबंधित जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट के साथ एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है।




## निलंबित आईएएस छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**रांची ।** ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को बरियातू के सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। इससे पूर्व अदालत में जेल में बंद आरोपितों छवि रंजन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद और अमित अग्रवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख सात मई निर्धारित की है। जमीन मामले में छवि रंजन चार मई 2023 से जेल में है।






# दिग्विजय, शिवराज व सिंधिया जैसे हेवीवेट उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में लोकसभा के तीसरे चरण का चुनाव रोचक है। इस चरण में दो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और शिवराज सिंह चौहान के अलावा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाग्य का फैसला होने वाला है।

राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं और यहां चार चरणों में मतदान हो रहा है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को हो चुका है और दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। तीसरे चरण में मतदान सात मई को होना है। तीसरे चरण में नौ संसदीय क्षेत्र हैं। इनमें विदिशा, राजगढ़, गुना, मुरैना, सागर, ग्वालियर, भिंड, भोपाल और बैतूल शामिल है।



इनमें से तीन राजगढ़, विदिशा और गुना पर सबकी नजर है। राजगढ़ से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को उम्मीदवार बनाया है और उनके यहां मुकाबला भाजपा के रोडमल नागर से है। विदिशा में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं और उनके सामने कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा हैं। वहीं गुना में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पहली बार भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं और उनके सामने कांग्रेस के यादवेंद्र सिंह यादव हैं। राजगढ़ में दिग्विजय सिंह लगभग तीन दशक बाद लोकसभा का चुनाव लड़ने पहुंचे हैं। वे यहां से वर्ष 1984 और 1991 में सांसद रह चुके हैं। पिछला चुनाव उन्होंने भोपाल से लड़ा था और वह भाजपा की प्रज्ञा सिंह ठाकुर से मात खा गए थे।

इस बार राजगढ़ हाई प्रोफाइल सीटों में गिना जा रहा है। वहीं शिवराज सिंह चौहान एक बार फिर विदिशा से चुनाव लड़ रहे हैं। वह 1991 से 2004 तक पांच बार इस संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यह उनका यहां से छठा चुनाव है।

गुना संसदीय क्षेत्र को सिंधिया परिवार का गढ़ माना जाता है, मगर पिछला चुनाव ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर लड़ा था जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। यहां से विजयाराजे सिंधिया और माधवराव सिंधिया भी निर्वाचित हुए हैं।

राज्य के तीसरे चरण में दिग्गजों के चुनाव मैदान में होने के कारण मुकाबला रोमांचक हो गया है। दोनों ही राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस इन स्थानों पर जीत दर्ज करने के लिए पूरा जोर लगा रही है। साथ ही यह चुनाव इन दिग्गजों के राजनीतिक भविष्य का निर्धारण करने वाले भी होंगे।

# नित्यानंद राय ने उजियारपुर से नामांकन दाखिल किया



केंद्रीय मंत्री और उजियारपुर से एनडीए समर्थित भाजपा के प्रत्याशी नित्यानंद राय ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, जदयू के विजय चौधरी, लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान सहित एनडीए के कई नेता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चुनाव से पहले बीजद को झटका, दो महिला नेताओं ने पार्टी छोड़ी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में चुनाव से पहले बीजू जनता दल (बीजद) को झटका लगा है। पूर्व विधायक रासेश्वरी पाणिग्रही ने संबलपुर विधानसभा सीट से 'बाहरी' व्यक्ति को मैदान में उतारने के बीजद के फैसले के विरोध में मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। पार्टी को एक और झटका देते हुए, ढेंकनाल लोकसभा क्षेत्र के हिंडोल विधानसभा क्षेत्र से बीजद विधायक सिमरानी नायक ने भी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। दरअसल, ढेंकनाल के सांसद महेश साहू को सिमरानी नायक के स्थान पर हिंडोल से बीजद उम्मीदवार बनाया गया था। इससे नाराज सिमरानी नायक ने इस्तीफा दिया। रासेश्वरी पाणिग्रही ने पार्टी अध्यक्ष और सीएम नवीन पटनायक को भेजे अपने त्याग पत्र में लिखा, मैं बीजू जनता दल की प्राथमिक सदस्यता और मुझे सौंपे गए पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देती हूं। बता दें कि ओडिशा में 13 मई से 1 जून तक चार चरणों में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होंगे। जहां विधानसभा चुनाव के नतीजे 2 जून को घोषित किए जाएंगे, वहीं लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को आएंगे।

### श्रीनगर सीट के लिए दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने सोमवार को श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र के लिए अपना नामांकन दाखिल किया, जहां 13 मई को चौथे चरण में मतदान होगा। उम्मीदवारों - शीबान अशाई और निसार अहमद अहंगर - ने श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के लिए रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) के कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। इस सीट के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है।

# कांग्रेस के डीएनए में धर्म के नाम पर राजनीति : मोदी

**एजेंसी। रायपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि धर्म के नाम पर राजनीति करना कांग्रेस के डीएनए में है।

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के जेठा गांव में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद पहले दिन से तुष्टीकरण में लगी हुई है। तुष्टीकरण और धर्म के नाम पर राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को दलित, पिछड़ों, आदिवासियों का हक भी छीनना पड़े तो वह एक सेकेंड नहीं लगाएंगे, जबकि भाजपा सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलने वाली है। हमारी प्राथमिकता गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण है। कांग्रेस ने 60 साल तक देश में गरीबी हटाओ का नारा देकर अपनी तिजोरी भरने का काम किया। हमने दस सालों के दौरान नारेबाजी नहीं की। आपसे नाता जोड़ा, नारा नहीं दिया। उन्होंने दस साल की अपनी सरकार का जिक्र करते हुए कहा पिछले 10 साल में अपना देश बहुत आगे आया है, लेकिन, बहुत सारा काम बाकी है। छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस की राज्य सरकार ने विकास के काम को आगे नहीं बढ़ने दिया। अब विष्णु देव सीएम हैं और राज्य में विकास का काम होगा। 10 साल आपने मुझे देखा है, मैं लगातार आपके लिए दौड़ता रहता हूं, काम करता रहता हूं, एक भी छुट्टी लिए बिना काम करता हूं। बाकी नेताओं को तो अपने बच्चों के लिए कुछ करना होता है। मेरे लिए तो आप ही मेरा परिवार हैं। छत्तीसगढ़ के लोगों से मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अगर मैं इतना काम करता हूं तो आपको भी मेरे लिए एक घंटा निकालना चाहिए। सात मई को वोट देने के लिए एक घंटा निकालिए।



**तुष्टिकरण के लिए दलित, पिछड़ों, आदिवासियों का हक भी छीनना पड़े तो कांग्रेस एक सेकेंड नहीं लगाएगी**

**कांग्रेस ने 60 साल तक देश में गरीबी हटाओ का नारा देकर अपनी तिजोरी भरने का काम किया**

### कुछ लोग खुद को भगवान राम से बड़ा मानने लगे : पीएम

**कोरबा/सक्ती।** पीएम लोकसभा जांजगीर चांपा में विजय शंखनाद सभा में कहा कि कांग्रेस के लोग हम पर तंज कसते थे। हर चुनाव में हमसे पूछा जाता था, मंदिर कब बनेगा। आए दिन गली मोहल्ले में हमसे पूछा करते थे। हमने उन्हें तारीख भी बताई समय भी बताया निमंत्रण भी भेजा। लेकिन कांग्रेस के सातवें आसमान के अहंकार ने प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण को ठुकरा दिया। वे अपने आपको प्रभु राम से भी बड़ा मानते हैं। छत्तीसगढ़ तो प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। क्या है छत्तीसगढ़ का अपमान है कि नहीं है। क्या माता शबरी का अपमान है कि नहीं है। धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद भी पहले दिन से तुष्टीकरण में लगी हुई थी। तुष्टिकरण वोट बैंक की राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है। दलिलों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक छीनना पड़े तो वे एक सेकंड भी नहीं लगाएंगे। भाजपा सबका साथ सबका विकास मंत्र पर चलने वाली पार्टी है।

# बंगाल में घुसपैठ पर लगाएंगे लगाम, राज्य की 35 लोस सीटें जीतेंगे : अमित शाह



**एजेंसी। कोलकाता**

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि यदि 2019 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में भाजपा के 18 सीटें जीतने से अयोध्या में राममंदिर के उद्घाटन का मार्ग प्रशस्त हो सकता है, तो इस बार राज्य की 35 लोकसभा सीटें जीतने से निश्चित रूप से अवैध घुसपैठ से मुक्ति की गारंटी मिलेगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत करणदिघी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों ने 2019 में भाजपा उम्मीदवारों के लिए बड़ी संख्या में मतदान किया। इसके बाद, अयोध्या में राममंदिर एक वास्तविकता बन गया। अगर इस बार भाजपा के सीटों की संख्या 35 हो जाती है तो पश्चिम बंगाल के लोगों को अवैध घुसपैठ के खतरे से मुक्ति मिल जाएगी।

अमित शाह के 20 मिनट के भाषण में घुसपैठ का मुद्दा उन्होंने जोर-शोर से उठाया। उन्होंने ममता बनर्जी के खिलाफ तीखा हमला करते हुए कहा कि घुसपैठ का विरोध करने की बजाय मुख्यमंत्री वोटबैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही हैं। संदेशखाली में उन्होंने उसी वोटबैंक की राजनीति के कारण महिलाओं के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश की। लेकिन महिलाओं द्वारा आवाज उठाने के बाद अधिकारियों को कार्रवाई करने और आरोपितों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि देश को घुसपैठ के खतरे से मुक्त कराने और वास्तविक शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी की जरूरत है। मुख्यमंत्री घुसपैठ को बढ़ावा दे रही हैं और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का भी विरोध कर रही हैं।

### चिदंबरम के सीएए रद्द करने वाले ब्यान को शाह ने बताया तुष्टीकरण की राजनीति

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के बयान पर पलटवार किया है। चिदंबरम ने सीएए, तीन न्यायिक कानून और अन्य कानूनों को विपक्ष की सरकार बनने पर रद्द किए जाने की बात कही थी। शाह ने इसे तुष्टीकरण की राजनीति बताया। शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर पी चिदंबरम के बयान पलटवार करने वाला अपना बयान साझा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता पी चिदंबरम को बताना चाहिए की सीएए से क्या आपत्ति है। इससे किसी की नागरिकता नहीं छिनी जा रही है। कांग्रेस केवल तुष्टीकरण की राजनीति और वोटबैंक के लिए इसे निरस्त करना चाहती है। उन्होंने कहा कि उनके इरादे पूरे नहीं होंगे। कांग्रेस न तो सत्ता में आने वाली है और न ही निर्णय लेने वाली है।

# कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा को प्रस्तावक समझ नामांकन कक्ष में दाखिल होने से पुलिस ने रोका

**एजेंसी। कानपुर**

कानपुर से कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा की नामांकन दाखिल करते समय पुलिस के साथ कहासुनी हो गई। पुलिस का कहना था कि आलोक मिश्रा पांच से अधिक प्रस्तावक लेकर नामांकन दाखिल करने नहीं जा सकते, जबकि उन्होंने कहा कि वो प्रस्तावक नहीं, बल्कि प्रत्याशी हैं। उन्होंने कहा कि उनका पांचवां प्रस्तावक अभी तक आया नहीं है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें अंदर जाने नहीं दिया। पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक लिया, जिसके बाद वो अपना रोष जाहिर करने के लिए अपने समर्थकों के साथ सड़क पर बैठ गए। इसके बाद, उन्होंने अपने प्रस्तावक अमिताभ बाजपेई को फोन कर कहा कि आप जल्दी आइए। आप अभी तक आए नहीं हैं, इसलिए मुझे अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। जब कोई भी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने जाता है, तो उसके साथ पांच प्रस्तावक होते हैं। बता दें कि आलोक मिश्रा दो सेट पहले ही फाइल कर चुके हैं, बाकी दो सेट फाइल करने के लिए पहुंचे थे।



# विपक्ष के आधे नेता जेल में और आधे बेल पर : नड्डा

**एजेंसी। टीकमगढ़**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार मिटा रहे हैं, दूसरी ओर इंडी अलायंस भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगी है। कांग्रेस के जमाने में कोयला, पनडुब्बी, हेलिकॉप्टर, चीनी, चावल, कॉमनवेल्थ और 2जी घोटाला हुआ। इन्होंने तीनों लोक में घोटाला किया। राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव बेल पर हैं। अरविंद केजरीवाल और टीएमसी के मंत्री जेल में हैं। ये आधे बेल पर हैं और आधे जेल में हैं। ये डाका डाल कर गरीबों का हक छीनते हैं। भाजपा अध्यक्ष नड्डा मंगलवार को मध्यप्रदेश के प्रवास के दौरान टीकमगढ़ में भाजपा उम्मीदवार वीरेन्द्र कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राजनीति की परिभाषा बदल गई है। पहले लोग कहते हैं कि राजनीति में कुछ नहीं बदलने वाला है लेकिन आज लोग खुद कह रहे हैं कि देश और देश की राजनीति बदल गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाया जाएगा। आज प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से देश के 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप देश के करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए भी हमने कई योजनाएं चलाई हैं। नड्डा ने कहा कि विकसित भारत के लिए हमें स्थिर, मजबूत और निर्णायक सरकार की जरूरत है। ये स्थिर सरकार का ही नतीजा है कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म हो गया। 1997 में हमने पालमपुर में राममंदिर बनवाने की बात कही थी।



# शरद पवार ने पीएम मोदी की तुलना पुतिन से की

### देवेंद्र फडणवीस ने किया पलटवार



**एजेंसी। नागपुर**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों के नेताओं का एक दूसरे पर वार-पलटवार का सिलसिला जारी है। एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से की। उनके इस बयान पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इनको हार की हताशा ने गाली गलौज पर उतार दिया है। आप सभी जानते हैं जब-जब पीएम मोदी को गाली पड़ती है, तब-तब बड़ी विजय होती है। ये लोग जितना गाली देंगे, लोग पीएम मोदी को उतना प्यार देंगे। ये सारे के सारे निराश लोग हैं। देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा है।

# तीसरे चरण में 94 सीटों पर 1351 उम्मीदवार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए 07 मई को होने वाले मतदान को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। इस चरण में 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 94 सीटों के लिए 1351 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें मध्य प्रदेश के बैतूल (एसटी) लोकसभा क्षेत्र के आठ उम्मीदवार भी हैं। इसके अतिरिक्त गुजरात के सूरत लोकसभा क्षेत्र का चुनाव निर्विरोध होने के कारण इसका आंकड़ा शामिल नहीं है। चुनाव आयोग के अनुसार तीसरे चरण में 95 संसदीय क्षेत्रों (बैतूल लोकसभा क्षेत्र) के लिए कुल 2963 नामांकन दाखिल किए गए थे। इस चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल और नाम वापसी की अंतिम तारीख 22 अप्रैल थी। दाखिल किए गए सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1563 नामांकन वैध पाए गए। गुजरात में 26 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 658 नामांकन फॉर्म थे, जिसमें से सूरत सीट पर चुनाव निर्विरोध हुआ है। इस कारण तीसरे चरण में गुजरात में सिर्फ 25 सीटों पर मतदान होगा। महाराष्ट्र में 11 संसदीय क्षेत्रों से 519 नामांकन थे। महाराष्ट्र में उस्मानाबाद क्षेत्र में अधिकतम 77 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। छत्तीसगढ़ में लासपुर संसदीय क्षेत्र में 68 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए।




उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के बैतूल लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना था लेकिन बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के कारण इस सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया। अब इस चरण का मतदान तीसरे चरण में यानी 07 मई को होगा।

### इस चरण में इन सीटों पर होगा मतदान-

- असम की कोकराझार (एसटी), धुबरी, बारपेटा, गुवाहाटी; बिहार की झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया; छत्तीसगढ़ की सरगुजा (एसटी), रायगढ़ (एसटी), जांजगीर-चांपा (एससी), कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर। गोवा की उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा।
- गुजरात की कच्छ (एससी), बनासकांठा, पाटण, महेसाणा, साबरकांठा, गांधीनगर, अहमदाबाद पूर्व, अहमदाबाद पश्चिम (एससी), सुरेन्द्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, आणंद, खेड़ा, पंचमहाल, दाहोद (एसटी), वडोदरा, छोटाउदेपुर (एसटी), भरूच, बारडोली (एसटी), नवसारी, बलसाड (एसटी)।
- कर्नाटक की चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर (एससी), गुलबर्गा (एससी), रायचूर (एसटी), बीदर, कोप्पल, बेल्लारी (एसटी), हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे, शिमोगा। मध्य प्रदेश की मुरैना, भिंड (एससी), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा और भोपाल।
- महाराष्ट्र की रायगढ़, बारामती, उस्मानाबाद, लातूर (एससी), शोलापुर (एससी), माधा, सांगली, सतारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हातकणंगले। उत्तर प्रदेश की सम्भल, हाथरस (एससी), आगरा (एससी), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आँवला और बरेली। पश्चिमी बंगाल की मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद।
- दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव की दमन और दीव और दादरा और नागर हवेली (एसटी)। जम्मू-कश्मीर की अनन्तनाग-राजौरी।
- इन सीटों पर मतदान सुबह 07 से शाम 06 बजे तक होगा। हालांकि असम की सीटों पर मतदान सुबह 07 बजे से शाम 05 बजे तक होगा। बिहार की खगड़िया, मधेपुरा सीट के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शाम 04 बजे तक होगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com